नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 239 | नई दिल्ली, बुधवार 27 नवंबर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

मुझे स्ट्रॉन्ग रोल्स निभाने में भी मजा आता है... पेज-12

# संविधान दिवस पर बाबा साहेब की जय जयकार

## ○ पीएम ने बताया लोकतंत्र को याद करने वाला दिन ○ संविधान दिवस कार्यक्रम में जमकर बोले मोदी

### ○ संविधान के मार्गदर्शन में हो रहा है विकसित भारत का निमार्णः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान को वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए मंगलवार को कहा कि इसकी मूल भावना के अनुसार ही उनकी सरकार विकसित भारत का निर्माण कर रही है।

संविधान दिवस के अवसर पर उच्चतम न्यायालय की ओर से आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "हमारा संविधान हमारे वर्तमान और हमारे भविष्य का मार्गदर्शक है। आज हर देशवासी का एक ही ध्येय है- विकसित भारत का निर्माण। सरकार लगातार इसी दिशा में काम कर रही है।"

उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि भारत परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। संविधान हमें मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में सही रास्ता दिखा रहा है। अब भारत के भविष्य का मार्ग बड़े सपनों और बड़े संकल्पों को प्राप्त करने का है। आज प्रत्येक नागरिक का लक्ष्य विकसित भारत का निर्माण करना है।

उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत का मतलब एक ऐसा स्थान है, जहां प्रत्येक नागरिक को जीवन की गुणवत्ता और सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि यह सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का एक बड़ा माध्यम है और संविधान की भी यही भावना है।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सामाजिक-आर्थिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उनमें पिछले दशक में 53 करोड़ से अधिक लोगों के बैंक खाते खोलना शामिल है। ये लोग अब तक बैंक की सेवा नहीं ले पा रहे थे।

उन्होंने कहा कि पिछले दशक में चार करोड़ लोगों को पक्के घर सुनिश्चित किए गए, 10 करोड़ घरेलू महिलाओं को एलपीजी गैस सिलेंडर कनेक्शन दिए गए। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आजादी के 75 साल बाद भी भारत में केवल 3 करोड़ घर ऐसे थे जिनमें घरेलू नल कनेक्शन थे। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनकी सरकार ने पिछले 5-6 वर्षों में 12 करोड़ से अधिक घरेलू नल जल कनेक्शन दिए हैं, जिससे नागरिकों और विशेष रूप से महिलाओं का जीवन आसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि इससे संविधान की भावना मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय संविधान की मूल प्रति में भगवान राम, देवी सीता, भगवान हनुमान, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर और गुरु गोविंद सिंह की तस्वीरें थीं।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के इन प्रतीकों को संविधान में जगह दी गई ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह हमें मानवीय मूल्यों के प्रति निरंतर जागरूक और सचेत रखे।

प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लमानवीय मूल्य आज की भारतीय नीतियों और निर्णयों का आधार हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को न्याय की त्वरित डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय न्याय संहिता लागू की गई थी। उन्होंने आगे कहा कि दंड आधारित प्रणाली अब न्याय आधारित प्रणाली में बदल गई है।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि थर्ड जेंडर के लोगों की पहचान और अधिकार सुनिश्चित करने और दिव्यांगजनों के जीवन को आसान बनाने के लिए कदम उठाए गए।

श्री मोदी ने कहा कि आज देश के नागरिकों के जीवन को आसान बनाने की कोशिश की जा रही है।



## पीएम मोदी ने संविधान नहीं पढ़ा है : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को 'संविधान दिवस' के मौके पर तालकटोरा स्टेडियम में जनसभा को संबोधित किया।

राहुल गांधी ने कार्यक्रम में संविधान की पुस्तक दिखाते हुए कहा, मैं आप सभी लोगों को गारंटी के साथ कहता हूं कि नरेंद्र मोदी जी ने इस पुस्तक को नहीं पढ़ा है, क्योंकि अगर उन्होंने संविधान की पुस्तक पढ़ी होती, तो जो वो रोज करते हैं, वो बिल्कुल भी नहीं करते।

इस बीच, राहुल गांधी का माइक भी बंद हो गया। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आपत्ति जताते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इससे पहले भी संसद में कई बार राहुल गांधी का माइक बंद हो चुका है। वहीं, आज जब कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी का माइक बंद हुआ, तो वो एक पल के लिए मुस्कुरा गए। माइक ठीक होने के बाद जब कांग्रेस नेता ने बोलना शुरू किया, तो उन्होंने कहा, इस देश में जो भी दलितों और पिछड़ों के हितों की बात करता है, तो उसका माइक भी इसी तरह बंद कर दिया जाता है। इस दौरान राहुल ने आक्रमक अंदाज में कहा, ये लोग जितना चाहे, उतना मेरा माइक बंद कर दें। लेकिन, मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि ये लोग मुझे बोलने से नहीं रोक सकते हैं। मैं कल भी दलितों और पिछड़ों के हितों में आवाज उठाता रहा हूं और आगे भी उठाता रहूंगा। उन्होंने कहा, संविधान महज एक किताब नहीं, बल्कि हिंदुस्तान के लोगों की हजारों सालों की सोच है। इसमें गांधी जी, आंबेडकर, भगवान बुद्ध, फुले जैसे लोगों की महान सोच समाहित है। लेकिन, सावरकर की आवाज नहीं है। संविधान में कहीं पर भी नहीं लिखा है कि हिंसा का प्रयोग करना चाहिए। किसी को मारना या डराना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, मैं कहना चाहता हूं कि सरकार को झूठ बोलने से बचना चाहिए। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि सरकार को झूठ बोलने से कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है। राहुल गांधी ने कार्यक्रम में जातीय जनगणना की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा, अगर हम इस देश में जातिवार मौजूदा स्थिति के बारे में जानना चाहते हैं, तो इसके लिए हमें जातिगत जनगणना कराना होगा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस देश में उद्योगपतियों में कोई भी आदिवासी समुदाय से नहीं है।

## राजस्थान विधान सभा में पहली बार मनाया गया संविधान दिवस समारोह

राजस्थान विधान सभा में पहली बार संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को कहा कि संविधान के प्रति अश्रद्धा पैदा ना करें। संविधान के मूल ढांचे को कोई बदल नहीं हो सकता है। संविधान के 22 भागों में हमारी संस्कृति और नैतिकता का विवरण है। राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक संविधान को पढ़ें, उसे जानें और उसके अनुकूल जीवन जीने का प्रयास करें। संविधान हमारी आत्मा और पवित्र ग्रंथ है। यह हमारे जीवन मूल्य व संस्कृति का स्वाभिमान भी है। संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक भारत के लोगों की आकांक्षाओं, मूल्यों और आदर्शों का प्रतिबिम्ब है। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने मंगलवार को यहां विधान सभा में संविधान दिवस पर आयोजित समारोह में राजनैतिक आख्यान संग्रहालय में नवनिर्मित संविधान दीर्घा का लोकार्पण किया। इस संविधान दीर्घा में मूल संविधान के 22 भागों के आरम्भ में दर्शाई गई कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है।




## एक नजर

### राज्य सभा की छह सीटों के लिये उपचुनाव 20 दिसंबर को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग ने राज्य सभा की छह रिक्त सीटों के लिये उपचुनाव 20 दिसंबर को कराने की घोषणा की है और इसके लिए अधिसूचना तीन दिसंबर को जारी की जायेगी। आयोग की ओर से मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इनमें आन्ध्र प्रदेश से तीन सीटें, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और हरियाणा से एक-एक सीट के चुनाव कराये जाने हैं। चुनाव आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, इन छह सीटों पर उपचुनाव के लिये अधिसूचना आगामी तीन दिसंबर को जारी की जाएगी और उसी के साथ नामांकन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। नामांकन 10 दिसंबर तक दाखिल किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 11 दिसंबर को की जाएगी और 13 दिसंबर तक वापस लिये जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर 20 दिसंबर को सुबह नौ से शाम चार बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतगणना उसी दिन, पांच बजे करायी जाएगी। उप-चुनाव की पूरी प्रक्रिया 24 दिसंबर तक संपन्न हो जाएगी।

### संविधान ने देश में बदलाव लाने में उल्लेखनीय मदद की: प्रधान न्यायाधीश खन्ना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मंगलवार को कहा कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र और भू-राजनीतिक नेता के रूप में उभरा है तथा यह बदलाव लाने में देश के संविधान ने उल्लेखनीय मदद की है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारत की यात्रा परिवर्तनकारी रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने विभाजन और उसके बाद की भयावहता के बीच बड़े पैमाने पर निरक्षरता, गरीबी और संतुलन सुनिश्चित करने वाले मजबूत लोकतांत्रिक प्रणाली के अभाव से लेकर अब नेतृत्व करने वाला एवं आत्मविश्वास से भरा देश बनने तक का सफर तय किया है। न्यायमूर्ति खन्ना ने उच्चतम न्यायालय में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) द्वारा आयोजित संविधान दिवस समारोह में कहा, ह्यह्यलेकिन इसके (इस यात्रा के) पीछे भारत का संविधान है, जिसने यह परिवर्तन लाने में मदद की है। यह आज जीवन जीने का एक तरीका है, जिसका पालन किया जाना चाहिए।संविधान सभा द्वारा 1949 में भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने की याद में 2015 से हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इससे पहले इस दिन को विधि दिवस के रूप में मनाया जाता था।अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणि और एससीबीए अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने भी सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में न्यायमूर्ति खन्ना ने बार के महत्व और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा, हम अक्सर न्यायपालिका को न्यायाधीशों के रूप में संदर्भित करते हैं, लेकिन न्यायपालिका बार का भी समान रूप से प्रतिनिधित्व करती है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत तमाम नेताओं ने 26/11 के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों की 16वीं बरसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम नेताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी है। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी उन्हें याद करते हुए कहा- मैं उनकी वीरता को सलाम करता हूं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पोस्ट में कहा, 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमलों की वर्षगांठ पर मैं पूरे देश के साथ उन बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने अपनी जान गंवाई। एक कृतज्ञ राष्ट्र अपने उन बहादुर सुरक्षाकर्मियों को सलाम करता है, जिन्होंने हमारे लोगों की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यह इस बात को दोहराने का भी दिन है कि भारत सभी प्रकार के आतंकवाद को हराने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट पर लिखा साल 2008 में आज ही के दिन मुंबई में कायर आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की हत्या कर मानवता को शर्मसार किया था। 26/11 के मुंबई हमलों में आतंकियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और अपना जीवन गंवाने वाले लोगों को नमन करता हूं। आतंकवाद समूची मानव सभ्यता के लिए कलंक है। आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को पूरे विश्व ने सराहा है और आज भारत आतंक विरोधी पहलों में विश्व में अग्रणी बना है।

वहीं जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को 26/11 हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही संविधान दिवस पर संविधान निमार्ताओं के योगदान को याद किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाने वाले लोगों को मेरी श्रद्धांजलि।

मैं हमारे सुरक्षाबलों के बहादुर जवानों और उन व्यक्तियों की वीरता को सलाम करता हूं, जो मातृभूमि की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़े।

संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर भी उप राज्यपाल ने राय जाहिर की। एक्स पोस्ट पर लिखा, संविधान दिवस की शुभकामनाएं। हमारे संविधान निमार्ताओं को श्रद्धांजलि। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मैं सभी से संविधान की पवित्रता को बनाए रखने और सामाजिक न्याय, समानता के सिद्धांतों को और मजबूत करने और समाज की शांति प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की अपील करता हूं।

## जयशंकर ने ब्लिंकन के साथ द्विपक्षीय बैठक की

**रोम/नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर इटली के फिउग्गी में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

एक्स पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों ने वैश्विक स्थिति और भारत-अमेरिका साझेदारी पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा "अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मिलकर हमेशा अच्छा लगता है, इस बार इटली के फिग्गी में। वैश्विक स्थिति और भारत-अमेरिका साझेदारी पर चर्चा हुई, जो लगातार आगे बढ़ रही है।"




यह संभवतः विदेश मंत्री और ब्लिंकन के बीच आखिरी बैठक हो सकती है क्योंकि डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी, 2025 को देश के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेगें जो अपने साथ नए अधिकारियों को लेकर आएंगे।

## मुंबई से सौ ट्रेनें, 300 लोकल ट्रेनें ज्यादा चल सकेंगी : वैष्णव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने मुंबई महानगर में उपनगरीय एवं शहर से पूर्वी, मध्य एवं उत्तर भारत के लिए रेल यातायात को आसान बनाने के लिए क्षमता निर्माण की योजना बनायी है जिससे चार साल के भीतर रोजाना 300 उपनगरीय ट्रेनें और सौ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन संभव हो जाएगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां पत्रकारों से सोमवार को मंत्रिमंडल में स्वीकृत रेल परियोजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेलवे ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ आदि को जोड़ने वाले मध्य रेलवे के मनमाड-भुसावल-खंडवा के 291 किलोमीटर लंबे सेक्शन को चार लाइनों वाला बनाने तथा इसी लाइन पर उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के इरादतगंज से मानिकपुर तक 84.4 किलोमीटर तक तीसरी लाइन बिछाने से यातायात आसान हो जाएगा। महाराष्ट्र के खान देश इलाके के कृषि उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान आदि मध्य भारत, उत्तर भारत एवं पूर्वांचल तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

# हिन्दुत्व में रमती नीतीश कुमार की पार्टी जदयू !

द न्यूज 15 ब्यूरो

**पटना/नई दिल्ली।** इसे महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव का परिणाम का असर कहें, इसे उत्तर प्रदेश के उप चुनाव बीजेपी की प्रचंड जीत कहें, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे नारा का असर कहें या फिर जदयू से मुस्लिमों का होता मोहभंग कि गैर संघवाद का नारा देने वाली नीतीश कुमार की पार्टी जदयू बीजेपी की तरह हिंदुत्व के रास्ते पर आ रही है। तो क्या जदयू एनडीए में शिवसेना की जगह लेने जा रही है। दरअसल एक ओर जहां नीतीश कुमार ने पटना में हाल ही में जमीयत उलेमा हिंद द्वार बुलाई गई वक्फ बोर्ड की बैठक में भाग नहीं लिया वहीं केंद्रीय मंत्री और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कार्यकताओं के साथ बैठक करते हुए यहां तक कह दिया कि अल्पसंख्यक जदयू को वोट नहीं करते हैं पर पर नीतीश कुमार उनके लिए काम करते हैं।

चाहे मदरसों की बात हो या फिर उर्दू शिक्षकों की। नीतीश कुमार ने आगे बढ़कर अल्पसंख्यकों के लिए काम किया है। एक तरह से ललन सिंह ने यह स्पष्ट कर दिया कि मुस्लिम उन्हें वोट नहीं करते हैं। पटना में वक्फ बोर्ड की बैठक में मौलाना अरशद मदनी प्रधानमंत्री के वक्फ नाम की कोई चीज नहीं कहने पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि फिर तो प्रधानमंत्री यह भी कह सकते हैं कि नमाज और जमात का भी कोई दस्तूर नहीं है।

ललन सिंह के इस स्टैंड पर असदुद्दीन पार्टी और लालू प्रसाद यादव की पार्टी ने जदयू पर हमला बोला है। असदुद्दीन के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कहा कि ललन सिंह ने संवैधानिक पद का अपमान किया है। उनका बयान उनकी आरएसएस और बीजेपी के साथ निकटता दशार्ता है। ऐसे ही राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा है कि ललन सिंह का बयान दर्शा रहा है कि जदय भी बीजेपी की विचारधारा की ओर जा रही है। सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने भी नाराजगी जताते हुए कहा था कि वह यादवों और मुस्लिमों का कोई काम नहीं कराएंगे।

## नीतीश कुमार के 'राइट हैंड' के बयान से बिहार में बवाल

### क्या आरसीपी की राह पर चल रहे ललन सिंह?

**दीपक कुमार तिवारी**

**पटना।** नरेंद्र मोदी की सरकार में जेडीयू कोटे के मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह द्वारा मुसलमानों के लेकर दिए बयान से बिहार की राजनीति में बवाल खड़ा हो गया है। सत्ता पक्ष के लोग भी ललन सिंह के बयान को सिरे से खारिज नहीं करते। अशोक चौधरी कहते हैं कि बिना किसी भेदभाव के नीतीश ने हर धर्म-समुदाय के लोगों के लिए काम किया। मुसलमानों के कल्याण के लिए लगातार बजट बढ़ाया। पर, यह भी सच है कि उस हिसाब से मुस्लिम उन्हें वोट नहीं करते। भाजपा की तो मुसलमानों पर यह लाइन ही रही है, इसलिए उसके नेता भी ललन सिंह की ही लाइन दोहरा रहे हैं।

सीएम नीतीश कुमार ने मुसलमानों के लिए जितना काम किया है, वाकई उस अनुपात में जेडीयू को वोट नहीं मिलते। पर, नीतीश कभी इस बात को रेखांकित नहीं करते। वे अपने काम गिनाते रहे हैं और उस आधार पर मुसलमानों से जेडीयू के लिए वोट की अपील करते रहे हैं।



सार्वजनितक तौर पर तो वे यह भी कह चुके हैं कि भाजपा के साथ लंबे समय से रहने के बावजूद उन्होंने मुसलमानों का कभी अहित नहीं होने दिया। वैसे भी नीतीश कुमार मजारों पर ताजपोशी करते हैं तो गुरुद्वारा साहिब भी जाते हैं। जानकी मंदिर बनाने की उकी पहल भी सबने देखी है। ललन सिंह का बयान नीतीश की नीतियों और सिद्धांतों से मेल नहीं खाता।

## नीतीश कुमार का सेक्युलरिज्म खतरे में?

दीपक कुमार तिवारी

पटना। सेक्युलरिज्म को लेकर राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले नीतीश कुमार ने भाजपा से अलग लेंथ-लाइन रखने के कारण एक अलग पहचान बनाई थी। लेकिन राजनीतिक हालात इस कदर बदले कि नीतीश कुमार ही नहीं चंद्रबाबू नायडू के सेक्युलरिज्म को मुस्लिम नेताओं से ही चुनौती मिलने लगी है। बात यहां तक आ पहुंची है कि वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के पक्ष में अगर वो हैं तो सत्ता समीकरण की चाबी उनके हाथ हैं। एक तरह से मुस्लिम नेता इन दोनों नेताओं पर भाजपा नीत एनडीए की सरकार से अपरोक्ष रूप से ही पर समर्थन वापसी का दबाव बनाने लग गए। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर सांप्रदायिक राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। इनका मानना है कि केंद्र सरकार हिंदू-मुस्लिम में बांट कर देश तबाह करना चाहते हैं। वक्फ संशोधन विधेयक के जरिए सरकार की कोशिश वक्फ संपत्ति पर कब्जा करने और देश के लोगों को धर्म के आधार पर बांटने की है। देश हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई की एकता के बल पर चलेगा न कि नफरत और बंटवारे की राजनीति से चलेगा। तेलगू देशम पार्टी (तेदेपा) और जदयू को एनडीए सरकार की बैसाखी बताते हुए मदनी ने कहा कि विधेयक पास हुआ तो खुद को धर्मनिरपेक्ष बताने वाले ये दल इसकी जिम्मेदारी से बच नहीं पाएंगे। अपने इस बयान से मुस्लिम नेता तेलगु दशम पार्टी और जनता दल यू पर दबाव बना रही है ताकि वो वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के विरुद्ध खड़े हो और किसी तरह सरकार संसद में विधेयक पारित नहीं करा पाए।

# केजरीवाल ने भाजपा पर दिल्ली की अनेक झुग्गियों को तोड़ने और अब झुग्गी पर्यटन करने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अपना हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि वह फरवरी में विधानसभा चुनाव से पहले ह्यझुग्गी पर्यटन कर रही है।

आप के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के कुछ नेता झुग्गीवासियों के साथ रुकने जाते हैं, लेकिन एक साल बाद उन झुग्गियों को बुलडोजर से गिराने वापस चले आते हैं। भाजपा की दिल्ली इकाई ह्यझुग्गी रात्रि प्रवास अभियान चला रही है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न झुग्गियों को रात्रि प्रवास और वहां रहने वाले लोगों से बातचीत के लिए चुना है। भाजपा 1998 से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। उसकी नजर झुग्गियों में रहने वाले मतदाताओं पर है जिन्हें आप और केजरीवाल का कट्टर समर्थक माना जाता है। भाजपा का रात्रि प्रवास कार्यक्रम शहर में 250 झुग्गी बस्तियों में संचालित होगा। केजरीवाल ने आरोप लगाया, भाजपा झुग्गी पर्यटन कर रही है। लोग छुट्टियों के लिए गोवा जाते हैं लेकिन भाजपा झुग्गीवासियों के साथ केवल एक रात ठहरकर उनकी गरीबी का मजाक उड़ा रही है। उन्होंने कहा कि झुग्गी वालों को झुग्गी पर्यटन के तहत उनके पास आने वालों से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जल्द ही इन्हीं बस्तियों को गिराने के लिए बुलडोजर के साथ लौटेगी। केजरीवाल ने आरोप लगाया, मैं झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों को सावधान करना चाहता हूं कि वहां आज रात रुकने वाले लोगों से सावधान रहें। यही लोग एक साल बाद फिर से उन झुग्गियों को तोड़ने के लिए वापस आएंगे जहां वे रुके थे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा ने दिल्ली में अनेक झुग्गियों को ध्वस्त कर दिया और पिछले 6-7 साल में ऐसी और भी झुग्गियों को गिराने का प्रयास किया है लेकिन आप सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक लिया।






## कनाट प्लेस में बाइक सवार बदमाश ने फोन लूटा, पकड़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनाट प्लेस इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन झपट लिया। वारदात के 72 घंटे बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सूरज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बाइक भी जब्त कर ली है। पुलिस आरोपी के नेटवर्क के बारे में जानने की कोशिश कर रही है। वह फोन कहां और किसको बचा करता है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 21 नवम्बर को कनाट प्लेस पुलिस को वेणु प्रसाद नामक व्यक्ति ने शिकायत दी कि जब वह मेट्रोपॉलिटन होटल के लिए एक कैब में सवार हो रहे थे, तो एक काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार एक अज्ञात व्यक्ति ने उनका फोन छीन लिया और इनर सर्कल, कनॉट प्लेस की ओर भाग गया। पुलिस ने बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज किया। एसीपी अनिल समोता की देखरेख में एसएचओ संजीव कुमार के निर्देशन में हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र,राकेश और नौरंग को आरोपी को पकडे का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली।

स्नैचिंग में इस्तेमाल किए गए वाहन की पहचान की गई और इसका मालिक मलका गंज की रहने वाली आशा देवी का पता चला। हालांकि, पता चला कि वह दिल्ली के किशनगंज चली गई थी। किशनगंज इलाके में छापेमारी की गई और पते से सूरज कुमार नामक एक कुख्यात स्नैचर को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से फोन और बाइक जब्त की। वह पहले भी तीन वारदातों में शामिल रहा है।

## जीटीबी अस्पताल में डॉक्टरों से बदसलूकी, नर्सों के साथ की गाली-गलौज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीटीबी अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग में सोमवार देर रात एक मरीज व उसके परिजनों की ओर से ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और कमर्चारियों के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल पर वायरल हो रहा है। इस मामले में रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने चिकित्सा निदेशक को पत्र लिखकर मरीज व परिजनों के खिलाफ संस्थागत प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए अस्पताल में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की भी मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर रजत शर्मा ने बताया कि न्यूरोसर्जरी विभाग में एक मरीज जांच के दौरान हिंसक हो गया और उसने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों, नर्सों और कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की, धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया और उन पर शारीरिक हमला करने की कोशिश की। इसके अलावा, मरीज ने अस्पताल की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि आरडीए द्वारा ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आरडीए अपने सहकर्मियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा। आरडीए की ओर से अस्पताल प्रशासन, सुरक्षा कर्मियों और विभाग के साथ एक बैठक आयोजित करने का भी अनुरोध किया गया है। अटकी सुरक्षा फाइल को मंजूरी देने के लिए किया अनुरोध एक अन्य पत्र में आरडीए ने अस्पताल प्रशासन से पहले से प्रस्तावित सुरक्षा फाइल की मंजूरी और कार्यान्वयन में तेजी लाने की मांग की है। आरडीए के पदाधिकारियों ने बताया कि अस्पताल परिसर में हिंसा की हाल की घटनाओं ने सुरक्षा को लेकर परेशान कर दिया है। फिर भी प्रशासन की ओर से सुरक्षा उपायों को बढ़ाने में कोई प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर में गोलीकांड के बाद दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव द्वारा सुरक्षा फाइल को मंजूरी देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया था। लेकिन 16 सप्ताह बीतने के बावजूद कड़े सुरक्षा प्रोटोकाल लागू करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। बताया गया कि फाइल अस्पताल के विभिन्न प्रशासनिक प्रभागों में अटकी हुई है, जिससे सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता पर गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो रही हैं। आरडीए ने अस्पताल प्रशासन से बिना किसी देरी के सुरक्षा फाइल को मंजूरी देने के लिये प्राथमिकता से काम करने का अनुरोध किया है।

## जाली नोट छापने और सप्लाई करने वाला गिरोह पकड़ा, चार गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने पांच सौ रुपये के जाली नोट छापने और सप्लाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। बाहरी उत्तरी जिले के स्पेशल स्टाफ ने लगभग 17 लाख रुपये की जाली नोट बरामद किए हैं और चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक शख्स को गाजियाबाद के खोड़ा से गिरफ्तार किया है। नोट छपाई का काम खोड़ा कॉलोनी में किया जाता था। तीन लोग जाली नोट सप्लाई का काम देखते थे और एक छपाई करता था। सप्लाई करने वाले तीन आरोपियों को अलग-अलग समय में अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया है। बाहरी उत्तरी जिला उपायुक्त निधिन वल्सन ने बताया कि पुलिस ने इस गिरोह से कुल 919 पांच सौ रुपये के नोट, साथ ही 621 ए4 आकार की जाली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) शीट (कुल कीमत 17,01,500), एक लैपटॉप, एक रंगीन प्रिंटर, दो लेमिनेटर, एक पेपर कटिंग मशीन, ए4 आकार के कागज के नौ बंडल, वॉटरमार्क बनाने के लिए एक गांधी की मोहर, कुछ पेपर कटर, एक पेपर प्रेसिंग मशीन और जाली मुद्रा छापने में इस्तेमाल होने वाली अन्य वस्तुएं बरामद की हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दिल्ली के समयपुर बादली थाना क्षेत्र में खेड़ा खुर्द गांव का विकास भारद्वाज, उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के चकरौत गांव (थाना करनैलगंज) का सत्यम सिंह, गोंडा जिले की तहसील तरबगंज के कद्रहन पुरवा गांव निवासी सचिन और उत्तर प्रदेश के बरेली के मीरगंज (सिरौली रोड, राजेंद्र नगर वार्ड-8) निवासी अनुराग शर्मा शामिल है।

उन्होंने बताया कि सचिन (22) खोड़ा कॉलोनी में किराए के कमरे में जाली नोट छापता था और अन्य तीनों सप्लाई करते थे। जाली नोट का मुख्य आपूर्ति करने वाला खेड़ा खुर्द गांव निवासी विकास भारद्वाज है।

## एआई तकनीक का इस्तेमाल कर की आरोपी की पहचान, गिरफ्तार

नई दिल्ली, 26 नवंबर (वेब वार्ता)। सदर बाजार थाना पुलिस टीम ने महिला से स्नैचिंग करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी अफनान अली है। वारदात के समय आरोपी ने मास्क लगा रखा था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की तस्वीर का मुखौटा हटाने के लिए आरोपी की पहचान में एआई तकनीक का इस्तेमाल किया गया। उत्तरी जिला डीसीपी राजा बॉठिया ने बताया कि थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह और डब्लू/एसआई नीलम (प्रभारी चौकी अहाता किदारा) के नेतृत्व में गठित टीम ने जांच के दौरान, तकनीकी निगरानी के साथ-साथ मैनुअल निगरानी भी की गई। टीम के सदस्यों ने सीसीटीवी कैमरों पर काम करना शुरू किया। सीसीटीवी कैमरों की मदद से स्नैचर के रूट का पता लगाया गया और एक कैमरे में आरोपी महिला शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन छीनकर भागते हुए कैद हो गया, लेकिन मास्क पहने होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। एआई तकनीक की मदद से उसका मास्क हटाया गया और आरोपी की धुंधली तस्वीर निकाली गई।

## शाहदरा में अवैध पिस्टल के साथ दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अवैध रूप से पिस्टल रखने के आरोप में शाहदरा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपित गुरकीरत सिंह उर्फ राबी (23) से आटोमैटिक पिस्टल मिली है, वह डीयू में बीए अंतिम वर्ष का छात्र है। वहीं आरोपित सूरज यादव उर्फ सोनू (22)से देसी पिस्टल बरामद हुई है, उस पर एक आपराधिक मामला भी है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों बिहारी कालोनी में रहने वाले एक व्यक्ति से हाल में इन्हें खरीदा था। पुलिस पिस्टल बेचने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही है। इन दोनों के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में प्राथमिकी कर जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, उनको एक मुखबिर ने इंटरनेट मीडिया पर पिस्टल लहरा रहे युवक के वीडियो के बारे में जानकारी दी थी। साथ ही बताया था कि वह गुरु गोबिंद यूनिवर्सिटी के ईस्ट कैंपस के पास अपने साथी का इंतजार कर रहा है। उसके पास पिस्टल भी है। इसपर स्पेशल टास्क फोर्स ने मौके पर पहुंच कर भोलानाथ नगर निवासी गुरकीरत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से ऑटोमैटिक पिस्टल और कारतूस बरामद हुए। आरोपित डीयू में बीए अंतिम वर्ष का छात्र है। उसने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि प्रभुत्व स्थापित करने के लिए उसने वीडियो बनाया था। यह पिस्टल उसने बिहारी कालोनी में रहने वाले विवेक से 25 हजार रुपये में खरीदी थी। साथ ही बताया कि विवेक के पास ऐसे हथियारों का जखीरा है। उसके सामने ही उससे सूरज यादव नामक युवक ने भी एक पिस्तौल खरीदी थी। गुरकीरत की जानकारी के आधार पर स्पेशल टास्क फोर्स भोलानाथ नगर गली नंबर-एक निवासी सूरज यादव तक पहुंच गई। उसे क्रास रिवर मॉल के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद मिले। जांच में पुलिस को पता चला कि सूरज आठवीं कक्षा पास है और वह भी शराब पीने का आदी है। इन दोनों ने जिससे पिस्टल खरीदी, वह फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## मौसम: ठिठुरन की ओर बढ़ी दिल्ली, 27 नवंबर के बाद आएगी तापमान में गिरावट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवम्बर जाने को है पहाड़ों से आने वाली हवा मैदानी इलाकों में अब अच्छी ठंड का अहसास कराना शुरू करा देगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार से नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसका सीधा असर मैदानी इलाकों में दिखेगा। ऐसे में बृहस्पतिवार और शुक्रवार के लिए मध्य से लेकर घने से घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। उधर, सोमवार सुबह सफदरजंग हवाई अड्डे पर हल्का कोहरा छाया रहा। ऐसे में सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक न्यूनतम दृश्यता 900 मीटर दर्ज की गई। दोपहर में मुख्य रूप से धुंध की स्थिति रही। वहीं, पालम हवाई अड्डे पर हल्का कोहरा छाया रहा। यहां दृश्यता 800 मीटर दर्ज की गई। सोमवार को दिन के समय लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। सुबह-शाम स्मॉग छाया रहा। अधिकतम तापमान में मामूली कमी दर्ज की गई। ऐसे में अधिकतम तापमान एक डिग्री गिरावट के साथ 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसमें बीते 24 घंटे में 0.3 डिग्री सेल्सियस की कमी हुई। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक के साथ 14 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि, रात में ठंड में बरकरार है। रिज इलाके की सबसे ठंडी सुबह रही। यहां न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके बाद मौसम में बदलाव संभावित हैं। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि मंगलवार को कुछ स्थानों पर सुबह स्मॉग छाए रहने की आशंका है।

## संविधान दिवस पर लोकतंत्र सेनानी संघ ने किया कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकतंत्र सेनानी संघ ने संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली के जंतर - मंतर पर कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. सत्यनारायण जटिया ने कहा कि 1975 में आपातकाल लगाकर कांग्रेस सरकार ने संविधान की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि आज वही कांग्रेस लोकतंत्र की दुहाई दे रही है। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी ने कहा कि कांग्रेस ने 1975 में संविधान को समाप्त कर अपनी सत्ता को बनाए रखने का काम किया। उन्होंने कहा कि न्यायापालिका के अधिकार समाप्त कर कांग्रेस ने तानाशाही की राजनीति को बढ़ावा दिया था। लोकतंत्र सेनानी कांग्रेस के खिलाफ संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक अभियान चलाएंगे। कैलाश सोनी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि संविधान की हत्या करने वालो के खिलाफ श्वेत पत्र जारी कर आयोग का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि शाह आयोग की रिपोर्ट को सार्वजिनक किया जाए। आपातकाल के समय जेल में बंद रहे लोकतंत्र सेनानियों को भारत सरकार सम्मानित करे। जेपी सेनानी संघ के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे ने कहा कि संविधान हमारे लिए रामायण और भगवत गीता के समान पवित्र है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान ने हमें स्वराज दिया है लेकिन कांग्रेस ने सिर्फ संविधान का गला घोटने का काम किया। संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में 12 राज्यों के 700 लोकतंत्र सेनानी उपस्थित रहे।




# एक नजर

## मुठभेड़ के बाद दो आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम विहार रिंग रोड स्थित राज मंदिर सुपरमार्केट और द्वारका जिले के छावला स्थित एक वर्कशॉप पर कुछ ही घंटे के अंदर ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग करके सनसनी फैलाने के मामले में बाहरी जिला पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। इस मामले में पुलिस ने दो शूटरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान बाहरी जिले के डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि जिले के एंटी एक्सटॉर्शन सेल और एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई करते हुए इन दोनों शूटर को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पवन और प्रवेश के रूप में हुई है। ये दोनों हरियाणा के बहादुरगढ़ के रहने वाले हैं। इनके पास से दो सोफिस्टिकेटेड पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और तीन खाली कारतूस भी बरामद किया गया है। साथ ही चोरी की एक बाइक भी जब्त की गई है। डीसीपी के अनुसार एसीपी नेकी राम लाम्बा की देखरेख में इंस्पेक्टर रितेश राज की टीम ने मुंडका इलाके में इनको बीती रात रुकने का इशारा किया लेकिन इन लोगों ने आत्मसमर्पण करने की बजाय पुलिस टीम पर गोली चलानी शुरू कर दी। इसके कारण पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाकर इनको पकड़ा। उल्लेखनीय है कि फायरिंग की वारदात 6 नवंबर को हुई थी। सबसे पहले फायरिंग पश्चिम विहार के राज मंदिर सुपर मार्केट की दुकान पर हुई थी। उस मामले में करोड़ों की रंगदारी भी मांगी गई थी। इस गैंग के बदमाशों ने दूसरी फायरिंग की वारदात छावला इलाके में की थी।

## वोटर लिस्ट में हेर-फेर कर रही केंद्र सरकार, सीएम आतिशी का गंभीर आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में केंद्र सरकार अधिकारियों पर दबाव बनाकर आम आदमी पार्टी (आप) के वोट कटवा रही है। उन्होंने बगैर नाम लिए प्रेस वार्ता में कहा कि एक डीएम ने अपने अंतर्गत आने वाले सात सहायक चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उन्हें आम आदमी पार्टी के 20000 वोट काटने हैं। इन सहायक चुनाव अधिकारियों ने बूथ लेवल अधिकारियों को बुलाकर इस बारे में निर्देश दिया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि एक एसडीएम ने ही अपने यहां के बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक बुलाकर आम आदमी पार्टी के वोट काटने के लिए कहा है। इसके साथ यह भी कहा है कि उनके इलाके में कोई नया वोट नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा दिल्ली में चुनाव नहीं जीत पा रही है। अब उसने केंद्र सरकार को एक लिस्ट दी है, जिसके तहत केंद्र सरकार अधिकारियों पर दबाव बनाकर आम आदमी पार्टी के वोट कटवा रही है। आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी को हराने की यह एक बड़ी साजिश है और इसी के तहत गत 28 अक्टूबर को 29 एसडीएम और एडीएम को बदला गया है।

## ट्रक चालक ने अवैध संबंधों के शक में की थी पत्नी की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस ने पत्नी की हत्या कर उसके शव को ट्रक में रखने वाले आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसने अवैध संबंधों के शक में गला दबाकर पत्नी की हत्या की थी। फिर तीन दिन तक शव को ट्रक में ही रखा। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव को उसके स्वजन को सौंप दिया है। पुलिस को ओखला औद्योगिक क्षेत्र स्थित फेज-दो से 23 नवंबर को एक ट्रक से 34 वर्षीय महिला का शव मिला था।

उस समय महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने मामले में ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी ट्रक चालक प्रदीप ही मृतका नीतू का पति है। महिला मूलरूप से बिहार की रहने वाली थी। चार साल पहले उसकी शादी प्रदीप से हुई थी। आरोपी प्रदीप ने बताया कि अवैध संबंध के शक में उसने पत्नी की 19 नवंबर को ट्रक में गला घोंटकर हत्या की थी। प्रदीप ने नीतू से दूसरी शादी की थी। उसे शक था कि नीतू के बिहार में किसी से अवैध संबंध हैं। इसके बाद आरोपी कई दिन तक शव के साथ ट्रक में रहकर ही नशा करता रहा और सोता रहा।

## नशीले इंजेक्शन सप्लाई करने आ रही महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके से शाहदरा जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नशीले इंजेक्शन के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कलंदर कालोनी निवासी रिहाना के रूप में हुई है।

उसके पास से 50 इंजेक्शन बरामद हुए हैं। पुलिस ने प्राथमिकी कर जांच शुरू कर दी है। यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि कहीं महिला के तार किसी गिरोह से तो नहीं जुड़े हैं। शाहदरा जिला डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि टास्क फोर्स को सूचना मिली थी कि सीमापुरी श्मशान स्थल के सामने अर्धक मार्ग पर कोई महिला फेनिरामाइन मैलिएट और बुप्रेनोरफिन इंजेक्शन की सप्लाई करने आ रही है। समय रहते सूचना पाकर टास्क फोर्स ने मौके पर पहुंच गई। उन्होंने देखा कि सीमापुरी पुराना बस स्टैंड की ओर से एक महिला आती दिखी। पुलिस टीम ने उस महिला को रोका तो वह भागने लगी। उसे काबू कर तलाशी ली गई तो उसके पास फेनिरामाइन मैलिएट के 10 एमएल के 25 और बुप्रेनोरफिन के 25 इंजेक्शन मिले।

## अरविंद केजरीवाल से मिले हेमंत सोरेन, शपथ ग्रहण समारोह का दिया न्योता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हेमंत सोरेन आज यानी मंगलवार को अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। चुनाव में जीत के बाद हेमंत सोरेन आज दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के घर आए। इस दौरान हेमंत सोरेन शपथ ग्रहण समारोह के लिए अरविंद केजरीवाल को न्योता भी दिया। हेमंत सोरेन 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बता दें कि हाल में झारखंड में हुए चुनाव में हेमंत सोरेन की पार्टी ने जीत हासिल की है। अब हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे। बता दें कि हेमंत सोरेन 28 नवंबर को राजधानी के मोरहाबादी मैदान में चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। खास बात यह है कि हेमंत अकेले ऐसे नेता बन जाएंगे जो राज्य की चौथी बार सीएम पद की शपथ लेंगे। सामान्य तौर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन राजभवन में करने की परंपरा है, लेकिन इस बार सत्तारूढ़ क्षेत्रीय दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की जीत बड़ी है और समर्थकों के साथ-साथ कैडरों का उत्साह भी बढ़ाने वाली है। यही कारण है कि इस मौके को खास बनाने की पूरी तैयारी की जा रही है।

## पश्चिम विहार और छावला फायरिंग के दो शूटर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम विहार रिंग रोड स्थित राज मंदिर सुपरमार्केट और द्वारका जिले के छावला स्थित एक वर्कशॉप पर कुछ ही घंटे के अंदर दोनों ही स्थानों पर ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग करके सनसनी फैलाने के मामले में बाहरी जिला पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। इस मामले में पुलिस ने दो शूटरों को मुठभेड़ के दौरान धर दबोचा है। इसकी पुष्टि डीसीपी सचिन शर्मा ने की है। उन्होंने बताया कि जिले के एंटी एक्सटॉर्शन सेल और एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड की ज्वाइंट टीम ने यह कार्रवाई करते हुए इन दोनों शूटरों को दबोचा है। उल्लेखनीय है कि फायरिंग की वारदात 6 नवंबर को हुई थी। सबसे पहले फायरिंग पश्चिम विहार के राज मंदिर सुपर मार्केट के शॉप पर हुई थी। उस मामले में करोड़ों की रंगदारी भी मांगी गई थी। इसी गैंग के बदमाशों ने फायरिंग की दूसरी वारदात छावला इलाके में स्थित एक वर्कशॉप पर की थी।

# राष्ट्रीय हित हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए : डीएम

द न्यूज 15 ब्यूरो

**नोएडा।** भारत के संविधान को अंगीकृत किये जाने की तिथि 26 नवंबर को आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की एवं कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में लखनऊ के लोग भवन में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा एवं सुना। संविधान दिवस के मौके पर आयोजित गोष्ठी में जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान है। इसे आज ही के दिन अंगीकृत किया गया था। हमारा संविधान क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महान विभूतियों की वर्षों की तपस्या का प्रतिफल है। इसमें समय के अनुसार होने वाले परिवर्तनों को आत्मसात करने की प्रवृत्ति है, जो किसी भी संविधान की जीवंतता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संविधान के उद्देशिका संविधान की आत्मा/मूल है।




जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के साथ-साथ हमें अपने कर्तव्यों को भी जानना चाहिए और उनका बड़ी ही इमानदारी वह निष्ठा के साथ पालन भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान की मूल भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण अपने दायित्वों का निष्ठा के साथ पालन करें एवं कार्यालयों में आने वाले फरियादियों के साथ किसी भी तरह का भेदभाव न रखें सभी को समानता के भाव से देखते हुए उनके फरियाद को सुने एवं उनकी समस्याओं का निदान भी करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता व अखंडता पर पूरी तरह से निष्ठा बनाए रखनी चाहिए एवं राष्ट्रीय हित हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्र, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे, वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता, जिला मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चंद, सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सर्वेश मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरि उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी, अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद के अन्य सरकारी कार्यालयों, संस्थाओं, शिक्षण संस्थाओं तथा स्कूलों में भी संविधान दिवस का आयोजन किया गया।

## नोएडा सेक्टर-58 का आकस्मिक निरीक्षण



द न्यूज 15 ब्यूरो

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निदेर्शानुसार मंगलवार को डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह के पर्यवेक्षण में एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र द्वारा थाना सेक्टर-58 का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क व कम्प्यूटर कक्ष को चेक कि या गया एवं संबंधित को अभिलेखों को पूर्ण स्वच्छ और व्यवस्थित रखने के लिए निर्देशित किया गया। महिला हेल्प डेस्क व साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मी को शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए त्वरित सहायता प्रदान करने के लिये निर्देशित किया गया। उनके द्वारा थाना प्रभारी सेक्टर-58 को निर्देशित किया गया कि थाना क्षेत्र में प्रतिदिन फुट पेट्रोलिंग करते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने, लम्बित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## सी एंड डी वेस्ट के निस्तारण के लिए चार नए प्लांट लगाएं: राव नरबीर सिंह

### पर्यावरण मंत्री ने गुरुग्राम में अभियान चलाकर कार्रवाई करने के दिए निर्देश



**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गुरुग्राम के विकास से जुड़े 40 विभिन्न बिंदुओं के संबंध में पुलिस विभाग, गुरूग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए), नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व एचएसआईआईडीसी की समन्वय बैठक ली। बैठक में जीएमडीए के सीईओ ए. श्रीनिवास, डीसी अजय कुमार व निगमायुक्त अशोक गर्ग ने गुरुग्राम से जुड़ी मौजूदा विकास परियोजनाओं और उनकी प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कैबिनेट मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से शहर में जलभराव, पेयजल की समस्या, सी एंड डी वेस्ट, कूड़े के निस्तारण, प्रमुख चौक चौराहों व मार्गों पर जाम की समस्या, अवैध पार्किंग जैसे अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों को गुरुग्राम की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आपसी समन्वय व कार्य गुणवत्ता को मंत्र बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कैबिनेट मंत्री ने बैठक में कहा कि ऐसा संज्ञान में आया है कि गुरुग्राम में करीब 132 मिक्सचर प्लांट्स संचालित किए जा रहे है। जिसमें से केवल 65 के पास ही वैध लाइसेंस है। उन्होंने कहा कि इन मिक्सचर प्लांट्स में डम्पर के आवगमन से सडकों का नुकसान हो रहा है। साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी यह ठीक नहीं है। राव नरबीर सिंह ने फैक्टरियों द्वारा बादशाहपुर ड्रेन में छोड़े जा रहे कैमिकल वेस्ट के विषय पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से यह बहुत ही गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसी फैक्टरियों पर सख्त कार्रवाई की जाए जोकि अन्य के लिए उदाहरण बने। जलभराव की निकासी व्यवस्था पर जताई असंतुष्टि कैबिनेट मंत्री ने शहर में जलभराव की निकासी के लिए पंप व्यवस्था पर असंतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि यह एक दूरगामी समस्या है। जिसके लिए हमें स्थायी समाधान खोजना होगा। इस दौरान जीएमडीए के सीईओ ए. श्रीनिवास ने बताया कि शहर की इस प्रमुख समस्या के लिए एक एजेंसी को हायर किया गया है, जो गुरुग्राम की एक विस्तृत स्टडी रिपोर्ट बनाएगी। राव नरबीर ने इस संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि शहर के विकास व समस्या के निवारण से जुड़ी परियोजनाओं में आमजनता व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की राय भी अहमियत दी जाए। कैबिनेट मंत्री ने शहर में बढ़ते सी एंड डी वेस्ट व उसके उठान के लिए किए जा रहे प्रयासों से नाराजगी जताते हुए कहा कि शहर में सी एंड डी वेस्ट के निस्तारण के लिए एक प्लांट काफी नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र में जगह चिन्हित 300 टन की क्षमता वाले ऐसे चार प्लांट और लगाए जाएं।

## ग्रेटर नोएडा : सोफा बनाने की फैक्ट्री में लगी आग, तीन लोगों की जलकर मौत



**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 इलाके में एक सोफा बनाने की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया और आग बुझाने के बाद अंदर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान तीन व्यक्ति अंदर गंभीर हालत में मिले। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि तीनों इसी फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर थे और आग लगने के दौरान यहां मौजूद थे। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि 26 नवंबर को थाना बीटा 2 क्षेत्र के अंतर्गत साइट फॉर फैक्ट्री नंबर 4 जी में आग लग गई। यहां सोफा बनाने का काम होता है। आग लगने की सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस व फायर स्टेशन की गाड़िया मौके पर पहुंची और फायर यूनिट द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है। जिसके बाद स्थानीय पुलिस व फायर ब्रिगेड द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जिन तीन व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, उनके शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। पुलिस ने मृतकों की पहचान कर ली है और उनकी जानकारी साझा कर दी है। इनमें गुलफाम (23), थाना राया जिला मथुरा, मजहर आलम (29), थाना बारसोई जिला कटिहार बिहार और दिलशाद (24) निवासी अरहरिया बिहार की पहचान हुई है। एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना पर पुलिस बल और फायर ब्रिगेड के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने आग पर काबू पाया और सर्च ऑपरेशन के दौरान अंदर तीन व्यक्ति मृत अवस्था में मिले। उन्होंने बताया कि यह तीनों इसी फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर हैं और आग लगने के दौरान यह अंदर ही मौजूद थे। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। फायर ऑफिसर द्वारा फैक्ट्री में आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## नगर निगम गुरुग्राम कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**गुरुग्राम, एजेंसी।** मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर नगर निगम गुरुग्राम कार्यालय में निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की रक्षा और उसकी पालना की शपथ ली। इस मौके पर निगमायुक्त ने कहा कि संविधान दिवस हर वर्ष 26 नवंबर को भारतीय संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। संविधान का पालन राष्ट्र का मार्गदर्शन करने वाले लोकतांत्रिक सिद्धांतों की याद दिलाता है।

निगमायुक्त के साथ अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। निगमायुक्त ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना इसकी आत्मा है। प्रस्तावना से मतलब है कि भारतीय संविधान के जो मूल आदर्श हैं, उन्हें प्रस्तावना के माध्यम से संविधान में समाहित किया गया है। इसमें नागरिकों के लिए राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक न्याय के साथ स्वतंत्रता के सभी रूप शामिल हैं।

## जल्द होगा नगर निगम का चुनाव : विपुल गोयल

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद में संविधान दिवस के अवसर पर मानव रचना विश्वविद्यालय परिसर के लॉ विभाग सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसकी थीम ह्यहमारा संविधान-हमारा स्वाभिमानह्ण रहा। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे और उनके साथ बडखल से विधायक धनेश अदलखा व एनआईटी विधायक सतीश फागना विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में डीसी विक्रम सिंह व डीसीपी अभिषेक जोरवाल भी साथ रहे। कार्यक्रम में आर्ट गैलरी में, कानून की पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी अतिथिगण द्वारा किया गया। सभागार में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के अलावा अन्य बुद्धिजीवियों ने भी संविधान के ऊपर अपने विचार रखें। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। जिसके चलते सभी मंत्रियों और विधायकों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसको लेकर वह मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान का हमारे देश में और जीवन में बड़ा महत्व है और संविधान की पालना करके हम अपने देश और प्रदेश को आगे ले जाने का काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में सभी ने संविधान को लेकर अपने-अपने विचार रखें और हमारे आने वाली पीढ़ी को इसके बारे में बताया, ताकि आने वाले जीवन में बच्चे संविधान का पालन करके अपने आप को आगे बढ़ा सकें। प्रदेश में नगर निगम चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि सभी अवरोध दूर करके जल्दी ही प्रदेश में नगर निगम के चुनाव कराए जाएंगे, जहां-जहां यह चुनाव पेंडिंग है। विपक्ष को घेरते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में उनकी सरकार बनी यह उनकी जीत थी। लेकिन महाराष्ट्र मे हमारी सरकार बनी तो ईवीएम को दोषी ठहराया जा रहा है इस तरह हरियाणा में जब तीसरी बार सरकार बनी तो सारा ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा गया यानी किसी आणि बिल्ली खंबा नोचे। प्रदेश सरकार द्वारा हेलिकॉप्टर खरीदने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले वाला हेलिकॉप्टर 15 साल पुराना था जिसको लेकर पिछले साल भी हेलिकॉप्टर खरीद को लेकर लिखा गया था, सो इसके चलते हरियाणा सरकार में इस हेलिकॉप्टर को खरीदा है।

## गुरुग्राम: अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में कृष्णा का अचार बना है आकर्षण का केंद्र

-अचार बेचकर फर्श से अर्श तक पहुंची है कृष्णा यादव

-अकेले सफर शुरू करने वाली कृष्णा 1000 से अधिक परिवारों का सहारा बनीं




**गुरुग्राम, एजेंसी।** फुटपाथ पर सब्जी बेचकर परिवार का गुजारा करने वाली गुरुग्राम की कृष्णा यादव आज अचार का कारोबार करके 1000 से अधिक परिवारों का सहारा बन चुकी हैं। अपने पुरुषार्थ और बुलंद हौंसलों से कृष्णा ने मजबूत से कदम आगे बढ़ाए। दिल्ली में चल रहे 43वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में श्री कृष्णा पिकल्स इस हरियाणवी महिला की सफलता की कहानी कह रहा है। रोज लाखों लोग इसके गवाह बन रहे हैं। गुरुग्राम के बजघेड़ा में कृष्णा यादव ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर चार फैक्ट्री लगाई हैं। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का भी वे काम कर रही हैं। व्यापार मेले के हरियाणा मंडपम में हरियाणा की समृद्ध विरासत की झलक देखने को मिल रही है। हरियाणा के लघु और कुटीर उद्योग व उनसे जुड़े उत्पाद लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। श्री कृष्णा पिकल्स की मालिक कृष्णा यादव बताती है कि एक समय वह फुटपाथ पर सब्जी बेचकर परिवार का गुजारा करती थी। सब्जी बच जाती थी तो नुकसान हो जाता था। उसने बची हुई सब्जी का अचार बनाना शुरू किया। अचार बनाकर बेचने के लिए सब्जी के साथ ही रखना शुरू किया। उसे पता चला कि पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और कृषि विज्ञान केंद्र उजवा नई दिल्ली में अचार बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। वह वहां से अचार, मुरब्बे, जूस आदि बनाए की ट्रेनिंग लेकर आई। शुरू-शुरू में ग्राहक अचार खरीदने में आना-कानी करते थे तो ग्राहक बनाने के लिए अचार के सेंपल फ्री देने शुरू किए। लोगों को अचार पसंद आने लगा। अचार की मांग बढे से अब अकेले इतना अचार बनाना मुश्किल होने लगा तो आस-पास की महिलाओं को भी इस काम में शामिल किया।

## वोटर लिस्ट में हेर-फेर कर रही केंद्र सरकार, सीएम आतिशी का गंभीर आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में केंद्र सरकार अधिकारियों पर दबाव बनाकर आम आदमी पार्टी (आप) के वोट कटवा रही है। उन्होंने बगैर नाम लिए प्रेस वार्ता में कहा कि एक डीएम ने अपने अंतर्गत आने वाले सात सहायक चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उन्हें आम आदमी पार्टी के 20000 वोट काटने हैं। इन सहायक चुनाव अधिकारियों ने बूथ लेवल अधिकारियों को बुलाकर




इस बारे में निर्देश दिया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि एक एसडीएम ने ही अपने यहां के बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक बुलाकर आम आदमी पार्टी के वोट काटने के लिए कहा है। इसके साथ यह भी कहा है कि उनके इलाके में कोई नया वोट नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा दिल्ली में चुनाव नहीं जीत पा रही है। अब उसने केंद्र सरकार को एक लिस्ट दी है, जिसके तहत केंद्र सरकार अधिकारियों पर दबाव बनाकर आम आदमी पार्टी के वोट कटवा रही है।

आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी को हराने की यह एक बड़ी साजिश है और इसी के तहत गत 28 अक्टूबर को 29 एसडीएम और एडीएम को बदला गया है।

## एक नजर

### कंपनी से एल्यूमीनियम का सामान चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, एजेंसी।** चोरी के मामले में अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि थाना डबुआ में सब्बिर शेख निवासी नंगला ऐनक्लेव पार्ट-2 ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी कम्पनी एस.एस इंटरप्राइजेज गाजीपुर रोड पर है। उसकी कंपनी में एल्यूमीनियम इनगॉट बनता है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह रात को 1 बजे ताला लगाकर घर चला गया था।

जब सुबह 7 बजे अगले दिन गेट का ताला खोलकर देखा तो कम्पनी के छोटे गेट का ताला टूटा हुआ था। कंपनी से लगभग 70-75 इनगॉट (प्लेट वेट 1875 किलो) जो एल्यूमीनियम की गायब थी। जिसके बाद पीड़ित की शिकायत पर इसके संबंध में थाना डबुआ में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले में अपराध शाखा के द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी इस्लाम निवासी कुरेशीपुर को नगला ऐनक्लेव से गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ के दौरान चोरी की वारदात का खुलासा हुआ है। इस्लाम कबाड़ी का काम करता है। आपराधिक रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पर पहले भी 4 चोरी के मुकदमे दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### गुरुग्राम में ग्रैप नियम तोडे पर सात सौ के चालान

**गुरुग्राम, एजेंसी।** केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) की पालना सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। इसके तहत क्षेत्र में लगातार निगरानी करते हुए नियमों की अवहेलना करने वाले 705 उल्लंघनकताओं के चालान करते हुए उन पर 3 लाख 10 हजार 500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि ग्रेप के तहत प्रदूषण बढ़ाने वाली सभी प्रकार की गतिविधियों को प्रतिबंधित किया हुआ है। इसके तहत तंदूर में कोयला या लकड़ी जलाने, निर्माण एवं तोडफोड़ करने, बिना ढके निर्माण सामग्री या मलबा डालने व परिवहन करने, सार्वजनिक स्थान पर मलबा या कचरा फैंकने तथा कचरे में आग जलाना दंडनीय अपराध है। उल्लंघनकताओं पर नगर निगम गुरुग्राम की टीमें लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि टीमों द्वारा 15 अक्तुबर से अब तक लगातार कार्रवाई करते हुए 705 उल्लंघनकताओं पर 3010500 रूपए का जुमार्ना लगाया गया है। इनमें कचरा जलाने के मामले में 20 चालान, कोयला या लकड़ी जलाने के मामले में 27 चालान, निर्माण एवं तोडफोड़ गतिविधियों के मामले में 128 चालान, अवैध रूप से सीएंडडी वेस्ट फैंकने के मामले में 22 चालान, अवैध रूप से कचरा फैंकने के मामले में 290 चालान तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने के मामले में 218 चालान शामिल हैं।

### वाहन चोरी का आरोपी किया काबू, ट्रांसपोर्ट नगर से बाइक बरामद

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद जिले में वाहन चोरी करने वाले आरोपी को अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल बरामद की है। बता दे कि पुलिस चौकी पाली में हिमांशु गांव शाहसनी जिला हाथरस उत्तर प्रदेश हाल वासी स्त्ररू नगर ने मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दी। उसने शिकायत में बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल से कम्पनी प्रो. ग्रेसिव टुल पाली में नौकरी करने जाता है। कंपनी से छुट्टी होने के बाद बाहर आने पर देखा तो उसकी मोटरसाइकिल नही मिली। जिसके संबंध में थाना डबुआ में मामला दर्ज किया गया है। अपराध शाखा उंचा गांव टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोर्ट से थाना डबुआ के चोरी के मुकदमे में पुलिस प्रोडक्शन पर लिया है। आरोपी सलमान गांव खंदावली का रहने वाला है। आरोपी ने पूछताछ में मोटरसाइकिल को ट्रासपोर्ट नगर सेक्टर-58 एरिया से बरामद कराई है। आपराधिक रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पर 3 मामले वाहन चोरी के दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### अपार्टमेंट की पार्किंग में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक बड़ा हादसा हो गया। जिसमें एक अपार्टमेंट की पार्किंग में भीषण आग लग गई। इस आग की चपेट में आने की वजह से एक कार समेत पांच वाहन जलकर राख हो गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। इसी दौरान ऊपर के फ्लोर में एक महिला समेत फंसे दो बच्चों को भी रेस्क्यू किया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी में स्थित एक अपार्टमेंट में आग लग गई। इस घटना में 5 वाहन जल गए। इसके अलावा महिला समेत 2 बच्चे ऊपर की मंजिल में फंसे हुए थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मिलकर आग पर काबू पाया है। पुलिस को फायर ब्रिगेड के साथ मिलकर आग पर काबू पाने में तकरीबन 2 घंटे का वक्त लगा। फिलहाल इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र के मयूर गोल्ड अपार्टमेंट बालाजी एनक्लेव (शाहबेरी) में स्थित एक बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। इस घटना में एक कार, दो बाइक, एक स्कूटी और एक स्कूटर जलकर राख हो गए। उन्होंने बताया है कि ये घटना थाना बिसरख इलाके में हुई थी। डीसीपी ने बताया कि आग लगने के बाद तीसरे फ्लोर पर एक महिला के साथ दो बच्चे फंस गये थे। जिनको फायर यूनिट द्वारा सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। आग को पूर्णरूप से बुझा दिया गया है। आग बुझाने के बाद पूरी तरीके से पुलिस ने यह सुनिश्चित किया की बिल्डिंग में कोई और फंसा हुआ तो नहीं है।

### फरीदाबाद : नशे में धुत्त युवकों ने कार शोरूम मैनेजर को मारी गोली

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद में सोमवार देर रात केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के आवास के पास विंटेज कार शोरूम के मैनेजर को गोली मार दी। नशे में धुत दो युवकों ने 2 राउंड फायरिंग की, जिसमें शोरूम मैनेजर के हाथ पर गोली लगी। उसे तुरंत बादशाह खान सिविल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी। सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और आसपास के इलाके को सील कर दिया। युवकों की तलाश की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार सवार 2 युवकों ने ज्यादा शराब पी हुई थी। उन्होंने पहले एक बाइक सवार को टक्कर मारी। तभी वहां कार शोरूम के मैनेजर रिंकू सागर आ गए। उन्होंने बाइक सवार युवक को उठाया। रिंकू ने युवकों से बाइक सवार को टक्कर मारने का कारण पूछा। तभी युवकों ने उनके साथ बहस करनी शुरू कर दी। उनमें से एक युवक ने रिंकू सागर पर फायरिंग कर दी। युवक ने 2 राउंड फायरिंग की। एक गोली रिंकू को छूती हुई निकल गई, जबकि दूसरी गोली उनके हाथ पर जा लगी। गोली लगने के बाद रिंकू के हाथ से खून निकलने लगा। वह लहूलुहान हालत में सडक पर ही गिर गए। इसके बाद दोनों युवक अपनी कार में बैठकर भाग गए। आसपास के लोगों ने रिंकू को संभाला और पुलिस को सूचना दी। रिंकू को तुरंत बादशाह खान सिविल अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने रिंकू का इलाज किया। घटना की सूचना मिलने के बाद क्राइम ब्रांच की टीम और सेक्टर 28 चौकी के इंचार्ज मौके पर पहुंचे। घटनास्थल की जांच की गई। मौके से गोली के खोल बरामद हुए। घटना के बाद रिंकू को बादशाह खान सिविल अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक इलाज देने के बाद छुट्टी दे दी है।

# कांग्रेस ने संविधान का गला घोंटा, अंबेडकर के संविधान में नहीं थे 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' : सीएम योगी



**लखनऊ, एजेंसी।** संविधान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित समारोह के दौरान संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया और संविधान निमार्ताओं को नमन किया। मुख्यमंत्री ने भारत के संविधान को दुनिया का सबसे विस्तृत और सशक्त संविधान बताया। कहा कि बाबा साहब ने सबसे पहले संविधान के रूप में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की आधारशिला रखी थी।

इस दौरान सीएम योगी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संविधान की उद्देशिका से छेड़छाड़ कर कांग्रेस ने भारत के संविधान का गला घोंटा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान 26 नवंबर 1949 को दिया था 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्द नहीं थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह दिन हमें अपने लोकतंत्र और संविधान की महानता का स्मरण कराता है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत का सच्चा सपूत बताते हुए कहा कि उनकी अगुवाई में बनी संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी ने न्याय, समता और बंधुता जैसे मूल्यों को संविधान में शामिल कर देश को एक सशक्त भविष्य दिया।

उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद 1946 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मांग पर संविधान सभा का गठन हुआ था। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946 को हुई, जिसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद को अध्यक्ष चुना गया। 13 समितियों के माध्यम से संविधान निर्माण का कार्य किया गया, जिसमें ड्राफ्टिंग कमेटी का नेतृत्व बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने किया। संविधान निर्माण के लिए 13 कमेटियों के बहस और फिर उसके महत्वपूर्ण अंशों को संविधान में शामिल किया गया, मुख्यमंत्री ने इन बहसों को संविधान का सार बताते हुए कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को इनसे मार्गदर्शन लेना चाहिए।

सीएम योगी ने भारत के लोकतंत्र की तारीफ करते हुए कहा कि भारत का संविधान हर जाति, मत और मजहब के व्यक्ति को समान मताधिकार देता है। जब दुनिया के अन्य लोकतंत्रों में भेदभाव जारी था, भारत ने पहले ही आम चुनाव में हर वयस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार दिया। यह बाबा साहब अंबेडकर और संविधान सभा की दूरदर्शिता का परिणाम है। संविधान दिवस का यह आयोजन प्रदेशवासियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों की महत्ता को समझाने और लोकतंत्र के प्रति उनकी आस्था को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संविधान की उद्देशिका से छेड़छाड़ कर कांग्रेस ने संविधान का गला घोंटा है। कांग्रेस ने संविधान के मूल स्वरूप को बदलने का प्रयास किया और देश की जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाई। यह भाजपा की सरकार है जिसने संविधान के प्रति लोगों की आस्था को मजबूत किया।

सीएम योगी ने कहा कि जिन लोगों ने भारत के संविधान का गला घोंटने का काम किया था जनता ने उनको भी सबक सिखाने में कोई कोताही नहीं बरती है। उन्होंने कहा कि किसी भी संविधान या किसी भी पवित्र कार्यक्रम की आत्मा उसका उद्देश्य होता है, भारत का जो मूल संविधान बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने 26 नवंबर 1949 को दिया जिसे भारत ने अंगीकार किया था, उसमें दो शब्द 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्द भी नहीं था। कांग्रेस ने चोरी छिपे जब यह देश के नागरिक अधिकार निरस्त किए गए थे, देश इमरजेंसी थी तब इन दो शब्दों को भारत के संविधान में डालकर भारत की संविधान की आत्मा का गला घोंटने का काम कांग्रेस ने किया था।

उन्होंने कहा कि जो लोग देश की जनता को गुमराह करते हैं, उनकी भावनाओं के बारे में देश की जनता को जानने की आवश्यकता है। इनका चेहरा लोकतांत्रिक दिखता है लेकिन वास्तव में लोकतांत्रिक है नहीं। यह अपनी उस तानाशाही फासीवादी मानसिकता के साथ काम करने वाले लोग हैं। जब भी इनको अवसर मिलेगा ये लोग अपनी हरकत से बाज नहीं आएंगे। सीएम योगी ने कहा कि इससे पहले 1975 रहा हो या फिर अब भारत के बाहर जाकर और भारत के अंदर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के द्वारा सामाजिक रूप से दलित अति पिछड़ी जाति के लोगों को मिले हुए संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने के बारे में किस प्रकार की टिप्पणियां ये लोग करते हैं यह आज किसी से छिपा नहीं है।

सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की यह धरोहर है जो संपूर्ण भारत को 140 करोड़ भारतवासियों को एकता के सूत्र में बांधता है वह भारत का संविधान है, इस भारत के संविधान का संरक्षण करना हम सब का दायित्व है। भारत के संविधान के द्वारा भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए तय किए गए उसके मूलभूत कर्तव्यों का अगर हम पालन करेंगे तो यह बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति, भारत के संविधान निमार्ताओं के प्रति और भारत के महान स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर आधुनिक लोकतंत्र के जनक कहे जाने वाले उन तमाम देशों से पहले भारत ने महिलाओं को मताधिकार की शक्ति दी। अब भारत उससे भी आगे बढ़ चुका है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करके विधायिका में एक तिहाई सदस्य महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया। यह भी दुनिया में सबसे पहले भारत में हुआ। सीएम योगी ने कहा कि भारत का संविधान भारत के नागरिकों को संरक्षण भी प्रदान करता है सम्मान भी प्राप्त करता है समानता के भाव के साथ भी जोड़ता है और संविधान निमार्ताओं की मूल भावनाओं का सम्मान करना भी सिखाता है। न्याय, समता और बंधुता इसकी मूल भाव को लेकर अनेक उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए भारत के संविधान ने अपने इन 75 वर्षों की यात्रा को शानदार तरीके से किया है।

## पुलिस मुठभेड़ में एक पशु चोर गिरफ्तार, तीन फरार

### पकड़ा गया बदमाश हिस्ट्रीशीटर, डेढ़ दर्जन से अधिक मामले हैं दर्ज



**बिजनौर।** नांगल थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक पशु चोर को गिरफ्तार किया है। उसके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गए। घटनास्थल से चोरी किए दो पशु, एक तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं।

पकड़ा गया बदमाश हिस्ट्रीशीटर है। उस पर डेढ़ दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। थाना पुलिस को सराय आलम की नहर पुलिया के पास पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि कुछ बदमाश आम के बाग में चोरी के पशुओं के साथ मौजूद हैं।

मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को पैर में गोली लगी, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच उसके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठा कर फरार होने में कामयाब हो गए। एएसपी सिटी संजीव कुमार वाजपेई ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सुबहान भनेड़ा का रहने वाला है। उस पर किरतपुर थाने में 19 अभियोग पंजीकृत हैं।

नांगल थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुबहान पुत्र बाबू कुरैशी एक हिस्ट्रीशीटर है, उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने फरार आरोपियों के नाम सादक पुत्र शमीम, वसीम उर्फ चीची पुत्र अब्दुल समी और भोला पुत्र शमीम बताए। उनकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

## आरजेपी में संविधान दिवस का आयोजन

### हमारे लिए संविधान की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरिः बिशनलाल

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में आज संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रातः काल प्रार्थना के उपरांत 10:30 बजे प्रार्थना स्थल पर सभी बच्चों को एकत्र कर सर्वप्रथम संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर प्रधानाचार्य सहित सभी स्टाफ ने माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात प्रधानाचार्य द्वारा सभी उपस्थित स्टाफ तथा छात्रों को संविधान संरक्षण की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के नागरिक शास्त्र प्रवक्ता विनोद कुमार यादव ने संविधान का महत्व, उसमे वर्णित अधिकारों तथा कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उपस्थित छात्रों को संविधान का सम्मान करने तथा उसका अनुपालन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने भी संविधान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सर्व समाज का हितैषी बताते हुए उनके द्वारा स्थापित आदर्शों का अनुसरण करने की शिक्षा स्टाफ तथा छात्रों को दी। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने कहा कि वर्तमान समय में अपने संविधान का सम्मान एवं उसकी सुरक्षा हमारा परम कर्तव्य है। गय्यूरआसिफ ने कहा कि संविधान हम भारतवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण पवित्र ग्रंथ है, जिसमें हम भारतवासियों को उनके अधिकार तथा कर्तव्य का विस्तार से बोध कराया गया है। आसिफ ने कहा कि हम सब का परम कर्तव्य है कि हम अपने देश के विकास एवं उन्नति के लिए अपने संविधान का अक्षरशः पालन करें तथा उसकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर व तैयार रहे। कार्यक्रम में सुधांशु कुमार सत्य प्रकाश गंगवार बालेश कुमार सुधीर कुमार राजपूत बृजेश कुमार सुभाष बाबू राजपूत तेजपाल सिंह अतुल रस्तोगी वीरेंद्र कुमार मोहम्मद अनस करणवीर सिंह अलका अग्रवाल पी के सिंह विनोद यादव जितेंद्र कुमार नरेंद्र सिंह रश्मि चौहान अतुल रस्तोगी छवि गर्ग कुमुद चौहान जयप्रकाश आदि सभी शिक्षक शिक्षक एवं उपस्थित रहे।

## पढ़ाई लिखाई कर बच्चे भविष्य में बनेगें सविंधान के रक्षक - राशिद मलिक





**जलालाबाद ( शामली )।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रविन्द्र प्रधान जोगी के नेतृत्व में संविधान दिवस के अवसर पर अल्फलाह अकेडमी ( स्कूल ) जलालाबाद शामली के प्रधानाध्यापक फिरोज खान, निर्देशक कारी अजमल साहब, अध्यापक शेरखान, मौलाना इसराइल, अध्यापिका सोनिया खान, हुमेरा खान, बालक बालिका मोहिन, सारा मलिक, शुऐब, अरहम, अब्दुल आहद, सालिहा, सोफिया, सामिया, उजैफ, हारिश, हुजैफा, सहित एकेडमी के सभी 105 बच्चों को सम्मानित किया गया !! राशिद मलिक ( जिला सचिव पिछड़ा वर्ग सपा शामली ) द्वारा भारतीय संविधान की पुस्तक स्कूल के प्रधानाध्यापक फिरोज खान को भेंट की गयी व स्कूली बच्चो को कॉपी, पैन स्टेशनरी देकर सम्मानित कर संविधान के प्रति जागरूक किया गया, सपा के प्रदेश सचिव रविन्द्र प्रधान जोगी ने सविंधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की तस्वीर स्कूल प्रबंधन कमैटी को भेंट की, सपा की मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष इकराम राव ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की तस्वीर भेंट कर सविंधान के प्रति व्याख्या की, मो० हम्माद ( नगर अध्यक्ष ) एवं समाजसेवी नसीम राही ने बच्चों को पुष्पमाला पहनाकर कर देश के भविष्य बनकर सविंधान की रक्षा के कवच बताये, इस अवसर पर निन्ना मलिक, कालू खाँ, इरशाद मनिहार, शौकीन अब्बाशी, वसीम मलिक आदि सपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहें !!

## व्यापारी सुरक्षा फोरम की बैठक का आयोजन



**बिजनौर।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान रजिङ्ग 74/22 बिजनौर की बैठक जिला महामंत्री खगेश कुमार शर्मा के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल और संचालन खगेश कुमार शर्मा ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल जैन की उपस्थिति में अंकित गोयल के प्रस्ताव रखा कि व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। जिस पर निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री से मिलकर अधिकारियों द्वारा किया जा रहे व्यापारियों के उत्पीड़न पर वार्ता की जाएगी, जिसकी रूप रेखा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल जैन द्वारा तैयार होगी। मांग की गई कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस बनवाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बैठक में संजीव चौधरी जिला उपाध्यक्ष, प्रदीप अग्रवाल जिला संगठन मंत्री, पंकज शर्मा जिला मंत्री, अंकित गोयल जिला सह संगठन मंत्री, आर के अहलावत नगर संरक्षक, प्रमोद कुमार नामदेव नगर महा मंत्री, अशोक कुमार शर्मा नगर मंत्री, नवीन अग्रवाल इकाई अध्यक्ष, अरविन्द ठाकुर इकाई अध्यक्ष, देवेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, कमरुदीन आदि उपस्थित रहे।

## भव्य और दिव्य होगा महाकुंभ, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सीएम योगी का विशेष ध्यान



**प्रयागराज, एजेंसी।** महाकुंभ 2025 को भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रयासरत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 नवंबर को स्वयं यहां चल रही तैयारियों का जायजा लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री महाकुंभ के लिए 238 करोड़ से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इन परियोजनाओं में महाकुम्भ को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने वाले विभिन्न उपकरणों के साथ-साथ नगर निगम में नवनिर्मित कंट्रोल रूम का अनावरण भी शामिल है।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री स्वच्छाग्रहियों एवं सफाईकर्मियों को यूनिफॉर्म किट तथा नाविकों को लाइफ जैकेट समेत विभिन्न योजनाओं से भी लाभान्वित करेंगे। इससे पूर्व सीएम योगी विभिन्न धार्मिक स्थलों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा भी लेंगे। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार महाकुंभ को स्वच्छ और सुरक्षित महाकुंभ के तौर पर प्रस्तुत करने पर सर्वाधिक जोर दे रही है। इसी वजह से यहां विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिसे सीएम स्वयं हरी झंडी दिखाएंगे।

प्रयागराज दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इसमें सबसे पहले सीएम नगर निगम कार्यालय में स्वच्छता परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए नवनिर्मित कंट्रोल रूम का अनावरण करेंगे। कंट्रोल रूम के साथ ही अन्य परियोजनाओं और सफाई उपकरणों को भी सीएम द्वारा लोकार्पित किया जाएगा। इन सभी परियोजनाओं की लागत करीब 14 करोड़ रुपए होगी।

इसके अतिरिक्त सीएम योगी परेड मेला क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में स्वच्छता उपकरणों (टिपर, कॉम्पैक्टर आदि) का भी अनावरण करेंगे, जिसकी कुल लागत 50.38 करोड़ रुपए है। यही नहीं, सीएम 173 करोड़ रुपए के फायर, जल पुलिस, रेडियो, यातायात के उपकरणों का भी अनावरण करेंगे। इस तरह सीएम योगी महाकुंभ 2025 में सुरक्षा, स्वच्छाग्रहियों एवं गंगा सेवा दूतों के लिए 237.38 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इन उपकरणों के माध्यम से महाकुंभ को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी।

एक तरफ सीएम योगी स्वच्छता और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं का अनावरण करेंगे तो दूसरी ओर वह महाकुंभ को स्वच्छ बनाने में जुटे स्वच्छाग्रहियों व सफाई कर्मियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी करेंगे। इसके तहत सीएम योगी करीब 20 हजार स्वच्छाग्रहियों व सफाई मित्रों को यूनिफॉर्म किट तथा नाविकों को लाइफ जैकेट प्रदान करेंगे। इसी तरह, स्वच्छ कुंभ कोष के अंतर्गत 15 हजार से अधिक कर्मियों (10 हजार कार्मिक, 3 हजार नविक और अन्य) को 5 से अधिक योजनाओं से भी जोड़ने का काम करेंगे। इन योजनाओं के तहत कर्मियों को बीमा प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर सीएम योगी समेत गणमान्य अतिथि स्वच्छ कुम्भ एवं स्वच्छ प्रयागराज की परिकल्पना की शपथ भी लेंगे।

प्रयागराज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विभिन्न विकास कार्यों का जायजा भी लेंगे। इलाहाबाद विश्विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के अतिरिक्त वह नागवासुकि मंदिर में दर्शन भी करेंगे, जबकि दशाश्वमेध घाट, गंगा रिवर फ्रंट, गंगा नदी में हो रहे ड्रेजिंग कार्यों एवं पांटून पुलों के कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दृष्टिगत वह संगम नोज पर प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण करेंगे, जबकि गूगल के साथ एमओयू का भी हस्तांतरण करेंगे। गूगल के साथ हुए इस करार के तहत पहली बार गूगल अपने नेवीगेशन में महाकुंभ के लिए बनाए जा रहे अस्थायी शहर को शामिल करेगा, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को गूगल मैप की मदद से मेला क्षेत्र में प्रमुख धार्मिक स्थलों,घाटों एवं अखाड़ों तक पहुंचने में नेवीगेशन सहायक की भूमिका अदा करेगा।

## एक नजर

### खाद ना नहीं मिलने से परेशान किसानों ने पीसीएफ केंद्र पर किया पथराव

**हमीरपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में मंगलवार को खाद न मिलने से परेशान किसानों ने पीसीएफ ( प्रादेशिक कोआपरेटिव फेडरेशन) केंद्र पर पथराव कर दिया। इस दौरान उग्र किसानों ने खाद वितरण करा रहे एसडीएम और मंडी सचिव पर भी पथराव किया। वहीं, पथराव के बाद मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसबलों को तैनात कर दिया गया है, जो हर गतिविधि पर पैनी नजर रख रहे हैं। इस दौरान पुलिसबल किसानों की समझाइश करते हुए भी दिखे। किसानों ने प्रशासन से कहा है कि अगर खाद की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आगामी दिनों में प्रदर्शन और उग्र होगा। दूसरी ओर, कई किसानों ने पीसीएफ अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया। किसानों ने कहा कि अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरते जाने की वजह से उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि पिछले कई दिनों से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित कई देश के कई हिस्सों में किसान में खाद नहीं मिलने की वजह से रोष व्याप्त है। किसानों का कहना है कि बिचौलियों की वजह से उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। इससे उन्हें खेती करने में परेशानी हो रही है। पीसीएफ केंद्र पर खाद नहीं मिलने की वजह से किसान बाजार से महंगे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि वो कई बार इसकी शिकायत शीर्ष अधिकारियों से कर चुके हैं। लेकिन, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे पहले, कानपुर में भी खाद की कमी के चलते किसान खासा परेशान हुए थे। किसान खाद के लिए घंटों लंबी कतार में अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिली थी। कानपुर देहात के रसूलाबाद तहसील क्षेत्र और अकबरपुर तहसील क्षेत्र स्थित साधन सहकारी समितियों पर डीएपी व एनपीके खाद उपलब्ध नहीं थी। जिससे आलू व लाही बुवाई की तैयारी में लगे किसान भटकने को मजबूर थे।

### रायबरेली जिला कारागार में कैदियों की फरमाइश पूरी करेगा 'बंदी रेडियो'

**रायबरेली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिला कारागार में कैदियों के लिए बंदी रेडियो शुरू किया गया है। जिसमें कैदी फरमाइशी गीत भी सुन सकते हैं। शुरूआत कारागार परिसर में एक कार्यक्रम के जरिए की गई। बंदी रेडियो की खास प्रस्तुति के जरिए रेडियो पर भक्ति और देश भक्ति गीतों के अलावा फरमाइशी गानों का कार्यक्रम भी होगा। जेल प्रशासन के अनुसार इसका उद्देश्य बंदियों में कैद रहने के दौरान उनमें आ चुकी नकारात्मक सोच को समाप्त करना है। इसके जरिए बंदियों के मानसिक और शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के साथ उन्हें समाज से जोड़ने की कोशिश करना है। बंदी रेडियो कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जेल अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि यह रेडियो पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम (पीए सिस्टम) के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। इसमें सुबह सबसे पहले राष्ट्रगान बजेगा। इसके बाद भक्ति संगीत और फिर दोपहर में फिल्मी गानों का प्रसारण होगा। वहीं शाम के समय बंदियों के फरमाइशी गीत बजेंगे। इसके लिये बैरकों से कार्यक्रम के नोडल डिप्टी जेलर रैंक के अधिकारी गानों का कलेक्शन कराएंगे फिर इन्हें बजाया जाएगा। अमन कुमार ने आगे कहा कि इसके लिए रेडियो जॉकी का काम वह बंदी करेंगे जो जेल में आने से पहले डीजे से जुड़े रहे हैं। जेल अधीक्षक ने बताया कि संगीत नकारात्मक ऊर्जा का क्षय करता है। इसी उद्देश्य के मद्देनजर रायबरेली जिला जेल में बंदी रेडियो की शुरूआत हुई है। बंदी रेडियो जेल के अंदर महिला अस्पताल एवं सभी बैंरकों में लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को आत्मसम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी का अहसास कराना है, ताकि वे अपने जीवन में सुधार ला सकें और समाज में फिर से अपने स्थान को हासिल कर सकें। ये पहली बार नहीं है, इससे पहले भी समय-समय पर जिला कारागार की ओर से अनूठी पहल देखने को मिलती रहती है।

### डेनमार्क राजदूत फ्रेडी स्वेन ने स्वतंत्रदेव सिंह से की भेंट

**लखनऊ, एजेंसी।** भारत में डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन ने अपने विदाई कार्यक्रम से पहले मंगलवार को उत्तर प्रदेश में पुराने परिचितों से भेंट मुलाकात की। राजदूत फ्रेडी स्वेन ने उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह से शिष्टाचार भेंट करते हुए जल जीवन मिशन के कार्यो की जमकर सराहना की। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन को स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप देकर उनका अभिवादन किया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने डेनमार्क के राजदूत से हुई चर्चा के संबंध में हिन्दुस्थान समाचार से बताया कि आज सुबह मेरे सरकारी आवास पर डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन पधारें और उनसे तमाम बिन्दुओं पर चर्चा हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश सहित देश में जल जीवन मिशन के कार्यो की चर्चा के दौरान उन्होंने जमकर सराहना किया। मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि मैंने राजदूत फ्रेडी स्वेन से महानगरों में बह रही नदियों की चर्चा की। जिसमें दिल्ली में यमुना और लखनऊ में गोमती नदियों के जल के दूषित होने पर फ्रेडी स्वेन से सुझाव मांगा। जिस पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में आपको वाट्सअप पर एक रिपोर्ट दूंगा। जिससे नदियों के जल को दूषित होने से बचाया जा सकेगा। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि राजदूत फ्रेडी स्वेन ने मुझसे चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहा कि आज भारत से डेनमार्क के अच्छे संबंध है। डेनमार्क सहित विश्व के सभी देशों के विकसित होने में भारत अच्छा संबंध निभाता है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि राजदूत फ्रेडी स्वेन ने जाते जाते वक्त तक कहा, एक - एक घर तक पानी पहुंचना चुनौती पूर्ण कार्य है। आप लोग जो घर तक पानी पहुंचा रहे हैं, ये बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। देश और उत्तर प्रदेश की विकास योजनाएं लोगों को ध्यान में रखकर बनायी जा रही हैं।

### सोनभद्र में युवती का अपहरण कर हाथ-पैर बांध वीडियो बनाकर घर वालों को भेजा

**सोनभद्र, (उप्र), एजेंसी।** सोनभद्र जिले के म्योरपुर थाना क्षेत्र में एक युवती का अपहरण करने के बाद उसका हाथ पैर बांधे वीडियो बनाकर घर वालों को भेजकर फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। म्योरपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) हेमंत कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की 19 वर्षीय युवती के भाई के मोबाइल पर एक वीडियो भेजकर फिरौती की मांग की गयी है। उन्होंने घटना का सिलसिलेवार ब्योरा देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने 22 नवंबर को पुलिस को सूचित किया कि उसकी बेटी 19 नवंबर को अपनी एक सहेली से मिलने गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। एसएचओ ने बताया कि अपनी बेटी की काफी तलाश करने के बाद शिकायतकर्ता महिला ने विंढमगंज निवासी एक युवक पर उसे भगाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। एसएसओ ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन मामले में नया मोड़ तब आया जब सोमवार को पीड़ित महिला के पुत्र के मोबाइल पर एक वीडियो आया जिसमें उसकी बेटी के हाथ पैर बंधे हुए दिख रहे हैं और वह अपने परिजनों से अपहरणकताओं को पैसे देकर खुद को छुड़ाने की गुहार लगा रही है। सिंह ने बताया कि पीड़ित ने पुलिस को सोमवार की शाम इस मामले से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले जांच कर रही है।



चरण सिंह

विचार

## बुलंद आवाज वाले कभी माइक बंद होने का रोना नहीं रोते!

एक रैली में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का माइक बंद हो गया तो उन्होंने कहा कि उनकी आवाज इतनी बुलंद है कि वह बिना माइक के भी बोलेंगी और उन्होंने बिना माइक के भाषण दिया। इंदिरा गांधी के पोते प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी हमेशा माइक के बंद करने का रोना रोते रहते हैं। तालकटोरा स्टेडियम में तो हद ही हो गई। संविधान दिवस पर कांग्रेस के एक कार्यक्रम में राहुल गांधी का माइक बंद हो गया। राहुल तपाक से बोल उठे कि कितना भी उनका माइक बंद कर दिया जाए वह बोलेंगे। अरे भाई यह कार्यक्रम तो तुम्हारा ही है। कौन बंद करेगा तुम्हारा माइक ? यह तो कार्यक्रम के आयोजकों को देखना चाहिए था कि उनके नेता का माइक बंद न हो पाए।

दरअसल संसद में राहुल गांधी की इस बात को लेकर बहुत शिकायत होती है कि जब वह बोलते हैं तो उनका माइक बंद कर दिया जाता है। अरे भाई आपकी आवाज में इतना दम होना चाहिए कि बिना माइक के भी संसद में गूंजे। जब आपकी दादी की आवाज पूरे रैली स्थल में गूज सकती है तो फिर संसद में आपकी आवाज क्यों नहीं गूंज सकती ? बुलंद आवाज जोर से बोलना ही नहीं माना जाता है। बुलंद आवाज की परिभाषा है कि आपकी बात में दम होना चाहिए। राहुल गांधी को कम से कम अपने कार्यक्रम में तो माइक बंद होने पर इस तरह से रुख अख्तियार नहीं करना चाहिए था।

राहुल गांधी लगातार दलितों, शोषितों, पिछड़ों की लड़ाई लड़ने का दंभ भर रहे हैं। जातीय जनगणना की बात कर रहे हैं। किसी उद्योगपति के दलित या पिछड़े न होने की बात कर रहे हैं। यह नहीं बता रहे हैं उनकी जाति और धर्म क्या है ? क्या वह सवर्ण समाज से नहीं आते ? क्या वह अमीरों की कैटेगरी में नहीं आते हैं ? यदि राहुल गांधी सभी सुख सुविधा छोड़कर आम आदमी की जिंदगी जियें तो माना जा सकता है कि यह कमजोर की लड़ाई लड़ रहे हैं। यदि उन्हें दलितों और पिछड़ों की इतनी चिंता है तो कुछ समय उनके साथ रहकर बितायें। आम आदमी के कपड़े पहने, आम आदमी की तरह जीवन यापन करें।

चाणक्य की तरह एक झोपड़ी में रहें। बात राहुल गांधी की ही नहीं है। खुद प्रधानमंत्री भी लग्जरी जिंदगी जीते हैं और गरीबी को भुनाते हैं। ऐसे ही राहुल गांधी कर रहे हैं। संविधान के नाम पर इन्हें वोट दे दो और ये विदेशों में मौज-करते घूमते रहें। बंगलों में रहकर झोपड़ी की बात नहीं की जा सकती है ? अमीरी में रहकर गरीबी के दर्द की बात नहीं कर सकते हैं। आम आदमी की समस्या समझे बिना उनका ठेकेदार नहीं बना जा सकता है। जो काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है वही काम राहुल गांधी दूसरे रूप में कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने गरीबी को भुनाया है और राहुल गांधी पिछड़े और दलितों को फंसा रहे हैं।

## संभल : देश को कौन जला रहा है?

-राजेंद्र शर्मा-

दुर्भाग्य ये यह सब एक प्रकार से सुप्रीम कोर्ट की शह से ही हो रहा है। याद रहे कि काशी की ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर इस तरह से विवाद खड़ा किए जाने का मुद्दा जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था और इस तरह की कार्रवाइयों को 1991 के धार्मिक स्थल कानून के आधार पर चुनौती दी गयी थी, डीवीइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस तकनीकी तर्क के आधार पर सर्वे का अनुमोदन कर दिया था कि सर्वे की मांग, सिर्फ यह जानने की मांग है कि क्या वहां कोई मंदिर रहा था? और यह मांग, धार्मिक स्थल की प्रकृति को बदलने की मांग से अलग है, जो कि 1991 के कानून के अंतर्गत प्रतिबंधित है।

उत्तर प्रदेश में संभल के दुःखद घटनाक्रम के संबंध में, एक प्रभावशाली राय यह है कि यह दंगा जान-बूझकर शासन के इशारे पर कराया गया था, जिससे एक दिन पहले ही गाढ़े रंग से रेखांकित होकर सामने आये प्रदेश में नौ विधानसभाई सीटों के उपचुनाव में खुली धांधली के सवालों की ओर से ध्यान हटाया जा सके। सभी जानते हैं कि उप-चुनावों में 23 नवंबर को घोषित नतीजों में, भाजपा ने सपा से तीन सीटें छीन ली हैं। इन नतीजों में मुरादाबाद की कुंदरकी की सीट जैसे चमत्कार भी शामिल हैं, जहां करीब 65 फीसद मुस्लिम मतदाताओं के बावजूद और मुस्लिम वोटों में किसी खास विभाजन के न होने के बावजूद, भाजपा के उम्मीदवार को एक लाख से ज्यादा वोटों से विजयी घोषित किया गया है।

वैसे इन उपचुनावों के सिलसिले में यह उल्लेखनीय है कि मतदान के दिन, 20 नवंबर को ही समाजवादी पार्टी ने कुंदरकी के अलावा भी कम से कम तीन चुनाव क्षेत्रों–अंबेडकर नगर में कटेहरी, मुजफ्फरनगर में मीरापुर तथा कानपुर में सीमामऊ–में बड़े पैमाने पर चुनाव धांधली और खासतौर पर मुस्लिम मतदाताओं को पुलिस द्वारा रोके, डराए-धमकाए जाने और उन पर लाठियां बरसाए जाने के, सप्रमाण आरोप लगाए थे। यहां तक कि प्रायः विपक्ष की शिकायतों को अनसुना करने वाले चुनाव आयोग तक को, अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों में करीब आधा दर्जन पुलिस अधिकारियों के निलंबन के आदेश जारी करने पड़े थे। मतगणना के बाद, विपक्ष चुनाव धांधली की इन शिकायतों को जोरदार तरीके से उठाता, उससे पहले ही अगली सुबह संभल में दंगा करा दिया गया, जिसमें इन पंक्तियों के लिखे जाने तक चार और कई खबरों के अनुसार एक ही समुदाय के पांच लोगों की जान जा चुकी थी और पुलिसवालों समेत भारी संख्या में लोग घायल हो गए थे।

खैर! संभल की त्रासदी किसी षडयंत्र के अर्थ में भले ही जान-बूझकर नहीं करायी गयी हो, लेकिन दंगा जिस तरह से भड़काया गया है, उस अर्थ में जरूर यह दंगा प्रशासन की मिलीभगत से कराया गया है। यह संयोग ही नहीं है कि एकाएक एक जिला अदालत द्वारा इस कस्बे के सबसे पुराने स्मारक, साढ़े चार सौ साल पुरानी शाही मस्जिद में यह पता लगाने के लिए कि क्या वहां पहले मंदिर रहा था, सर्वे कराने के आदेश दे दिए। आश्चर्यजनक रूप से ये आदेश मुस्लिम पक्ष की अनुपस्थिति में, अल्पसंख्यकों के लिए बिना किसी पूर्व-सूचना के ही जारी कर दिए गए। फिर भी यह सर्वे बिना किसी अप्रिय घटना के हो भी गया। लेकिन, आश्चर्यजनक रूप से 24 तारीख की सुबह सर्वेक्षण टीम, पुलिस की सुरक्षा में और जय श्रीराम के नारे लगाते समूह के साथ, दोबारा सर्वेक्षण के लिए पहुंच गयी। बताया जाता है कि दोबारा सर्वे करने के लिए किसी प्रकार का अदालती आदेश तक नहीं था। उसके बाद वही हुआ जो सकता था। सर्वेक्षण के पक्ष और विरोध में तनाव पैदा होने लगा। विरोध में भीड़ जमा हो गयी और जल्द ही भीड़ और पुलिस के बीच झड़प की नौबत आ गयी। और फिर वह हुआ, जो उत्तर प्रदेश में योगी राज में हर बार होता है–पुलिस ने मुसलमानों के खिलाफ युद्ध जैसा छेड़ दिया। ज्यादातर जानें पुलिस की गोलीबारी में गयी हैं, हालांकि पुलिस ने गोली चलाने से इंकार ही किया है। पुलिस ने 2, 500 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की बताते हैं।

दुर्भाग्य से उत्तर प्रदेश पुलिस की इन जुल्म-ज्यादतियों को चूंकि वर्तमान शासन का पूरा-पूरा अनुमोदन हासिल है बल्कि शासन द्वारा इन्हें बढ़ावा ही दिया जाता है, इसलिए न सिर्फ इन पर रोक-टोक का कोई दरवाजा नहीं है, मुसलमानों की किसी भी तरह की सुनवाई की उम्मीद ही तेजी से खत्म होती जा रही है। कहने की जरूरत नहीं है कि इस हताशा ने भी संभल के दंगे की आग में घी डालने का काम किया है। यह नाउम्मीदी इस बात से और भी मुकम्मल हो जाती है कि बढ़ते पैमाने पर अदालतें, समस्या के समाधान का साधन बनने के बजाए, समस्या भड़काने का ही साधन बनती जा रही हैं।

# क्या टेलरिंग शॉप और सैलून में पुरुषों पर रोक से महिलाएँ सुरक्षित हो पायेगी?



-प्रियंका सौरभ

> लिंग भेद का अर्थ है कि महिलाओं को निरंतर सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी एजेंसी और व्यावसायिकता कमजोर होती है। पुरुष दर्जियों को महिलाओं के माप लेने से रोकना सुरक्षा के लिए महिलाओं की निर्भरता की धारणा को मजबूत करता है। ऐसी नीतियाँ पुरुषों को संभावित खतरे के रूप में सामान्यीकृत करती हैं, अविश्वास पैदा करती हैं और कार्यस्थल की गतिशीलता को नुकसान पहुँचाती हैं।

सामाजिक मान्यताएँ अक्सर महिलाओं को कमजोर और पुरुषों को आक्रामक के रूप में चित्रित करती हैं, जो असमान लिंग गतिशीलता को बढ़ावा देती हैं जो उत्पीड़न को बनाए रखती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि कार्यस्थल पर उत्पीड़न महिलाओं को असंगत रूप से प्रभावित करता है क्योंकि पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण जड़ जमाए हुए हैं। नियोक्ताओं और कर्मचारियों सहित कई लोगों को कार्यस्थल पर उत्पीड़न कानूनों के बारे में जानकारी नहीं है, जिसके कारण अनियंत्रित कदाचार होता है। केवल 35% भारतीय महिला कर्मचारी ही यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम, 2013 के बारे में जानती हैं। कानूनों का अकुशल क्रियान्वयन और जवाबदेही की कमी उत्पीड़कों को बढ़ावा देती है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए आवंटित निर्भया फंड (2013) खराब प्रशासन के कारण कम उपयोग में आता है। कुछ व्यवसायों में महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व पुरुष-प्रधान वातावरण बनाता है, जिसमें सत्ता का दुरुपयोग होने की संभावना होती है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 के अनुसार, महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर में वृद्धि हुई है, लेकिन यह लगभग 37% पर बनी हुई है। न्याय, पीड़ित को दोषी ठहराने या प्रतिशोध का डर पीड़ितों को उत्पीड़न की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करता है, जिससे चुप्पी की संस्कृति बनी रहती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, यौन उत्पीड़न सहित महिलाओं के खिलाफ अपराध, नतीजों के डर, अपर्याप्त जागरूकता और सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण बहुत कम रिपोर्ट किए जाते हैं।

लिंग भेद का अर्थ है कि महिलाओं को निरंतर सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी एजेंसी और व्यावसायिकता कमजोर होती है। पुरुष दर्जियों को महिलाओं के माप लेने से रोकना सुरक्षा के लिए महिलाओं की निर्भरता की धारणा को मजबूत करता है। ऐसी नीतियाँ पुरुषों को संभावित खतरे के रूप में सामान्यीकृत करती हैं, अविश्वास पैदा करती हैं और कार्यस्थल की गतिशीलता को नुकसान पहुँचाती हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि समावेशी कार्य वातावरण लिंगों के बीच अधिक सम्मान और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। अलगाव असमान अवसरों को बनाए रखता है, एक लिंग के वर्चस्व वाले व्यवसायों में भागीदारी को प्रतिबंधित करता है। भारत के सशस्त्र बलों ने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को लड़ाकू भूमिकाओं से प्रतिबंधित किया है, जो पेशेवर अवसरों पर अलगाव के प्रभाव को दर्शाता है। एनडीए प्रेरण जैसे सुधार प्रगति को दर्शाते हैं, लेकिन पूर्वाग्रह बने रहते हैं। सामाजिक दृष्टिकोण को सम्बोधित करने के बजाय, अलगाव लक्षणों को लक्षित करता है जबकि शक्ति असंतुलन और खराब शिक्षा जैसे मूल कारणों को अछूता छोड़ देता है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो रिपोर्ट (2023) ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आईपीसी के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराधों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात 'पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता' से जुड़ा था। अलगाव पुरुष पेशेवरों के लिए ग्राहक आधार को कम करता है, जो निम्न-आय वर्ग के लोगों को असमान रूप से प्रभावित करता है। छोटे शहरों या गांवों में जहाँ यूनिसेक्स सैलून उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, ऐसी प्रथाओं से पुरुष नाइयों के लिए नौकरी के अवसर कम हो सकते हैं।

उत्पीड़न की जड़ से निपटने के लिए सम्मान, सहमति और कार्यस्थल नैतिकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएँ। पॉश अधिनियम, 2013 प्रशिक्षण सत्रों को अनिवार्य बनाता है, जिसे टेलरिंग और सैलून जैसे अनौपचारिक क्षेत्रों में विस्तारित किया जाना चाहिए। आपसी समझ विकसित करने और रूढ़िवादिता को कम करने के लिए व्यवसायों में मिश्रित-लिंग स्टाफिंग को बढ़ावा दें। संयुक्त राष्ट्र महिला के ही फॉर शी अभियान जैसी पहल पुरुषों और महिलाओं को विविध सेटिंग्स में समान रूप से सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उत्पीड़न विरोधी कानूनों के सख्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें और शिकायत समाधान के लिए मजबूत तंत्र बनाएँ। अनौपचारिक क्षेत्रों में आंतरिक शिकायत समितियों का विस्तार करने से कमजोर श्रमिकों की रक्षा हो सकती है। निगरानी के बजाय, निजी फिटिंग रूम और ग्राहक-अनुकूल लेआउट जैसे सुरक्षित बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दें। प्रतिबंधात्मक विनियमों से प्रभावित पेशेवरों को वित्तीय और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करें, जिससे उनकी आजीविका सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम, 2013) के तहत सरकार द्वारा वित्तपोषित कौशल संवर्धन कार्यक्रम नाई और दर्जी को अपने ग्राहकों में विविधता लाने में मदद कर सकते हैं। लिंग के आधार पर व्यवसायों का पृथक्करण एक सतही प्रतिक्रिया है जो रूढ़िवादिता को मजबूत करती है जबकि उत्पीड़न के प्रणालीगत मुद्दों को सम्बोधित करने में विफल रहती है। समावेशी कार्यस्थलों को बढ़ावा देकर, कानूनी सुरक्षा को मजबूत करके और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देकर, भारत समानता और सम्मान में निहित समाज का निर्माण कर सकता है। ही फॉर शी अभियान जैसी वैश्विक सवोत्तम प्रथाओं से प्रेरणा लेते हुए, भारत को ऐसे भविष्य के लिए प्रयास करना चाहिए जहाँ सुरक्षा और सम्मान अंतर्निहित हो, न कि लागू किया जाए।

हरिवंश राय बच्चन के जन्मदिन पर विशेष

# जब हरिवंशराय बच्चन ने गांधी जी को सुनाई मधुशाला की पंक्तियां

नीरज कुमार

27 नवम्बर 1907 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) से सटे हुए प्रतापगढ़ के बाबूपट्टी गांव में जन्मे श्री हरिबंश राय बच्चन एक कायस्थ परिवार में जन्मे थे। उनके पिता का नाम श्री प्रताप नारायण श्रीवास्तव तथा माता का नाम श्रीमती सरस्वती देवी था। इनको बचपन में 'बच्चन' कहा जाता था जिसका शाब्दिक अर्थ 'बच्चा' होता है। बाद में ये इसी नाम से मशहूर हुए। इन्होंने कायस्थ पाठशाला में पहले उर्दू की शिक्षा ली जो उस समय कानून की डिग्री के लिए पहला कदम माना जाता था। उन्होंने प्रयाग विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य के विख्यात कवि डब्लू॰बी॰ यीट्स की कविताओं पर शोध कर पीएच॰ डी॰ पूरी की।

बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने अपने पिता के जन्मदिन पर ब्लॉग लिखकर एक दिलचस्प वाकये को याद किया। उन्होंने अपने ब्लॉग में लिखा है, ह्यमधुशाला बाबूजी द्वारा सन 1933 में लिखी गई... हां 1933 में... 85 साल पहले... अभी भी अपनी उत्कृष्ट सोच और विचार फैला रही है... पहले बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में इसकी तारीफ हुई और वाहवाही मिली... लेकिन कुछ हलकों की तरफ से इसे लेकर धमकियां और फतवे भी मिले, यहां तक कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी से भी शिकायतें की गईं.

इसमें अमिताभ ने एक घटना का जिक्र किया है जब उनके पिता कवि हरिवंश राय बच्चन को 'मधुशाला' को लेकर भला-बुरा सुनना पड़ा था. बाद में महात्मा गांधी उनके बचाव में सामने आए थे।

उन्होंने लिखा है, यह शिकायत की गई कि यह व्यक्ति(बाबूजी) देश के युवाओं को शराब की ओर बहका रहा है... युवाओं को भ्रष्ट कर रहा है...और इसे रोका जाना चाहिए या गिरफ्तारी होनी चाहिए.

अमिताभ बच्चन ने बताया कि गांधी ने इस बात को सुनकर मेरे पिता को बुलाया. महात्मा गांधी ने मेरे पिता से कहा कि जो कुछ वह लिख रहे हैं उसे वे (गांधी जी) सुनना चाहते हैं। बच्चन जिस समय गांधीजी से दिल्ली में मिलने गए उस समय महात्मा गांधी दिल्ली की दलित बस्ती में थे। बच्चन जी गांधी से मिलने गए तो गांधीजी ने कहा कि आप जो लिख रहे हैं मुझे सुनाओ।

बताते हैं कि हरिवंशराय बच्चन ने गांधी को



कुछ लाइनें सुनाईं जिसमें वे संभवतः गांधीजी को इशारों में कुछ संदेश देना चाहते थे-

बिना पिये जो मधुशाला को बुरा कहे,
वह मतवाला,
पी लेने पर तो उसके मुँह पर पड़ जाएगा ताला,
दास द्रोहियों दोनों में है जीत सुरा की, प्याले की,
विश्वविजयिनी बनकर जग में आई मेरी मधुशाला।

गांधी बहुत गहराई से हरिवंशराय बच्चन के मन्तव्य को समझ गए और हंस कर कहा कि ह्यइसमें तो कुछ भी ऐतराज लायक नहीं है।

जब हरिवंशराय बच्चन को गांधी जी की हत्या का समाचार मिला। गांधीजी से अपने गहरे जुड़ाव के कारण इस नए दुःख ने उन्हें लगभग अवसाद की अवस्था में डाल दिया। बच्चन ने अपनी एक कविता में लिखा-

यदि घृणा तुम्हारे मन के अंदर बसती है,
यदि धर्म तुम्हारा फि रका-पंथ-परस्ती है,
तो तुमसे खतरे में भारत की हस्ती है,
लो आज तलाशी सब अपने-अपने दिल की ।।

दिनकर की तरह गांधीजी की हत्या उनको झकझोर देती है वे लिखते हैं कि गांधी को मुखाग्नि देने के लिए वही आग लाओ जिससे दंगाइयों एक-दूसरे का घर जलाए हैं।

वे गुस्से में लिखते हैं-

जिससे तुमने घर-घर में आग लगाई,
जिससे तुमने नगरों की पांत जलाई,
लाओ वह लूकी सत्यानाशी घाती,
तब हम अपने बापू की चिता जलाएं...
वे जलें, बनीं रह जाए फिरकेबंदी,
वे जलें मगर हो आग न उसकी मंदी,
तो तुम सब जाओ, अपने को धिक्कारो,
गांधी जी ने बेमतलब प्राण गंवाए...।।

गांधी जी हत्या पर एक दुखद भजन भी उन्होंने लिखा-

बापू के प्रिय पद-भजनों को,
आओ सब मिलकर गाएं,
उनके शव के पास बैठकर करें रामधुन यह अविराम।
रघुपति राघव राजाराम।।

# संभल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से उपजे जटिल सवाल

-ललित गर्ग-

यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं त्रासद है कि उत्तर प्रदेश के संभल में एक बार फिर एक सम्प्रदाय विशेष के लोगों ने जो हिंसा, नफरत एवं द्वेष को हथियार बनाकर अशांति फैलायी, वह भारत की एकता, अखण्डता एवं भाईचारे की संस्कृति को क्षति पहुंचाने का माध्यम बनी है। स्थानीय अदालत के आदेश पर एक मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा एवं उन्माद का भड़क उठना और इसके चलते तीन लोगों की जान चले जाना, चुनौतीपूर्ण, विडम्बनापूर्ण एवं शर्मनाक है। इस घटना में कई अन्य लोग घायल भी हुए, जिनमें 30 से अधिक पुलिसकर्मी भी हैं। इस हिंसा को टाला जा सकता था यदि अदालत के आदेश पर हो रहे सर्वेक्षण का हिंसक विरोध नहीं किया जाता। ध्यान रहे कि जब ऐसा होता है तो बैर बढ़ने के साथ देश की छवि पर भी बुरा असर पड़ता है। निःसंदेह इस सम्प्रदाय विशेष को भी यह समझने की आवश्यकता है कि जब देश कई चुनौतियों से दो-चार है, तब राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव को बल देना सबकी पहली और साझी प्राथमिकता बननी चाहिए। एक उन्मादी, विभाजित और वैमनस्यग्रस्त समाज न तो अपना भला कर सकता है और न ही देश को आगे ले जा सकता है। समय आ गया है कि उन मूल कारणों पर विचार किया जाए, जिनके चलते साम्प्रदायिक तनाव, नफरत एवं द्वेष बढ़ाने वाली घटनाएं थम नहीं रही हैं।

संभल की स्थानीय अदालत ने उस याचिका पर जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था, जिसमें दावा किया गया था कि मुगल बादशाह बाबर ने इस मस्जिद का निर्माण एक मंदिर के स्थान पर किया था। स्थानीय अदालत के आदेश पर इसी मंगलवार को जब प्रारंभिक सर्वे किया गया था तब भी इलाके में तनाव फैला था, लेकिन उसे दूर कर लिया गया था। समझना कठिन है कि गत दिवस सर्वे के दौरान ऐसे प्रयास क्यों नहीं किए गए जिससे किसी तरह की अव्यवस्था और अशांति न फैलने पाए। रविवार को सर्वे के दौरान जिस तरह पुलिस पर पथराव किया गया और वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ उन्हें आग के हवाले किया गया, उससे लगता है कि कुछ उन्मादी तत्वों ने उपद्रव की तैयारी कर रखी थी। ऐसी घटनाएं सामाजिक तानेबाने को क्षति पहुंचाने के साथ कानून एवं व्यवस्था के समक्ष चुनौती भी खड़ी करती हैं। यह चिंता की बात है कि यह एक चलन सा बनता जा रहा है कि जब सार्वजनिक स्थलों पर कोई धार्मिक आयोजन होता है, किसी अदालती आदेश पर जांच कार्य होता है तो प्रायः पहले किसी बात को लेकर विवाद होता है और फिर हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार तो यह हिंसा बड़े पैमाने पर और किसी सुनियोजित साजिश के तहत होती दिखती है। उत्तर प्रदेश के संभल में हुई भीषण हिंसा यही संकेत करती है कि उसे लेकर पूरी तैयारी की गई थी।

संभल की ताजा घटनाओं के मूल में भड़काऊ नारे एवं संकीर्ण धार्मिकता के मनसूंबे सामने आये हैं। इस तरह की घटनाओं का बार-बार होना अच्छा नहीं है, मंदिर-मस्जिद के एक और मामले ने तनाव की स्थिति उत्पन्न करके शांति एवं सौहार्द को खण्डित किया। यदि मस्जिद पक्ष का यह मानना है कि जामा मस्जिद के सर्वे का आदेश सही नहीं तो उसे ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। अदालत के आदेश की अवहेलना करने के लिए हिंसा का सहारा लेने का कहीं कोई औचित्य नहीं और तब तो बिल्कुल भी नहीं जब निचली अदालत के किसी फैसले के खिलाफ ऊंची अदालतों में जाने का रास्ता खुला हो। यह भी देखा जाना चाहिए कि क्या कुछ राजनीतिक दल एवं सम्प्रदाय विशेष के लोग किसी भी बहाने भड़कने और हिंसा करने के लिए तैयार बैठे रहते हैं? वास्तव में जैसे यह एक सवाल है कि क्या भारतीय संस्कृति के अस्तित्व एवं अस्मिता से जुड़े इन धार्मिक स्थलों के नाम पर पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी करना जरूरी समझ लिया गया है? इन प्रश्नों पर संकीर्ण धार्मिकता से परे होकर गंभीरता के साथ विचार होना चाहिए। इसी तरह पुलिस प्रशासन को भी यह देखना होगा कि वैमनस्य बढ़ाने वाली घटनाएं क्यों बढ़ती चली जा रही हैं?

यह सही है कि 1991 का पूजा स्थल अधिनियम किसी धार्मिक स्थल में बदलाव का निषेध करता है, लेकिन इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यह अधिनियम ऐसे किसी स्थल के सर्वेक्षण की अनुमति भी प्रदान करता है और इसी कारण वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण हुआ और धार में भोजशाला परिसर का भी। मथुरा में ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। मंदिर-मस्जिद के विवाद नए नहीं हैं। इन विवादों को सुलझाने की आवश्यकता है। इसका एक तरीका न्यायपालिका का सहारा लेना है और दूसरा आपसी सहमति से विवाद को हल करना। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि जहां भी ऐसे विवाद हैं, उन्हें दोनों समुदाय आपस में मिल-बैठकर हल करें। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि समाज में सद्भाव, सौहार्द एवं शांति बनी रहेगी। यह समझा जाना चाहिए कि इन दोनों उपायों के अतिरिक्त हिंसा एवं नफरत कोई उपाय नहीं है। इसी के साथ यह भी समझना होगा कि देश को अतीत से अधिक भविष्य की ओर देखने और मंदिर-मस्जिद विवादों से बाहर निकलने की आवश्यकता है। इससे इन्कार नहीं कि विदेशी आक्रमणकारियों ने अनगिनत मंदिरों का ध्वंस किया। अतीत में हुए इन ज्यादतियों, अत्याचारों एवं विध्वंस घटनाक्रमों को सुधारने की संभावनाएं किसी भी दृष्टि से गलत नहीं कही जा सकती।

देश का चरित्र बनाना है तथा स्वस्थ, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण समाज की रचना करनी है तो हमें एक ऐसी आचार संहिता को स्वीकार करना होगा जो जीवन में पवित्रता दे। राष्ट्रीय प्रेम व स्वस्थ समाज की रचना की दृष्टि दे एवं कदाचार-संकीर्णता-कट्टरता के इस अंधेरे कुएँ से निकाले। बिना इसके देश का विकास और भौतिक उपलब्धियां बेमानी हैं। व्यक्ति, परिवार और राष्ट्रीय स्तर पर हमारे इरादों की शुद्धता महत्व रखती है, जबकि हमने इसका राजनीतिकरण कर परिणाम को महत्व दे दिया। घटिया उत्पादन के पर्याय के रूप में जाना जाने वाला जापान आज अपनी जीवन शैली को बदल कर उत्कृष्ट उत्पादन का प्रतीक बन विश्वविख्यात हो गया। यह राष्ट्रीय जीवन शैली की पवित्रता का प्रतीक है। इसी तरह भारत भी आज विश्वविख्यात होने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, तो उसकी बढ़ती साख एवं समझ को खण्डित करने वाली शक्तियों को सावधान करना ही होगा। भारत जैसी माटी में जन्म लेना बड़ी मुश्किल से मिलता है। विश्व बंधुत्व एवं वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा वाला यह राष्ट्र विभिन्न संस्कृतियों एवं सम्प्रदायों को अपने में समेटे है तो यह यहां के बहुसंख्यक समुदाय की उदार सोच का ही परिणाम रहा है, इसी बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय को आखिर कब तक कमजोर किया जाता रहेगा? क्यों किया जायेगा? कल पर कुछ मत छोड़िए। कल जो बीत गया और कल जो आने वाला है- दोनों ही हमारी पीठ के समान हैं, जिसे हम देख नहीं सकते। आज हमारी हथेली है, जिसकी रेखाओं को हम देख सकते हैं। अब हथेली की रेखाओं को कमजोर करने एवं उसे लहूलुहान होते हुए नहीं देखा जा सकता?

एक सम्प्रदाय विशेष के हिंसक हमलों ने आज तेजी के साथ हिंसा, असहिष्णुता, नफरत, बिखराव और घृणा की साम्प्रदायिक जीवन शैली का रूप ग्रहण कर लिया है। यह खतरनाक स्थिति है, कारण सबको अपनी-अपनी पहचान समाप्त होने का खतरा दिख रहा है। भारत मुस्लिम सम्प्रदायवाद से आतंकित रहा है। आवश्यकता है धर्म को प्रतिष्ठापित करने के बहाने राजनीति का खेल न खेला जाए। धर्म और सम्प्रदाय के भेद को गड्मड् न करें। धर्म सम्प्रदाय से ऊपर है। धर्म में धार्मिकता आये, कट्टरता न आये। राजनीति में सम्प्रदाय न आये, नैतिकता आए, आदर्श आए, श्रेष्ठ मूल्य आएँ, सहिष्णुता आये, सह-अस्तित्व के प्राचीन मूल्य एवं जीवनशैली आये। अतः सम्प्रदायवाद से ऊपर उठकर सार्वभौम धर्म का साक्षात्कार ही हममें नवीन आत्मविश्वास, सशक्त भारत-विकसित भारत का संचार करेगा। उपनिषदों में कहा गया है कि सभी मनुष्य सुखी हों, सभी भयमुक्त हों, सभी एक-दूसरे को भाई समान समझें। यह भारतीय धर्म चिन्तन का निचोड़ है और यही हिन्दू धर्म का निचोड़ है। जहां विश्व एक ही नीड़-सा लगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

## एक नजर

### अवैध हथियार उपलब्ध करवाने वाला गिरफतार



**करनाल।** दिनांक 26.11.2024 जैसा की विदित है दिनांक 24.11.2024 को जिला पुलिस की क्राइम युनिट सी.आई.ए-02 टीम द्वारा थाना निसिंग क्षेत्र से आरोपी रितेन्द्र सिंह को अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफतार किया गया था। जिसपर उसके खिलाफ थाना निसिंग में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर, आगामी जांच हेतू आरोपी को माननीय अदालत से एक दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया था। इन्चार्ज सी.आई.ए-02 निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर उनकी टीम द्वारा देर शाम दिनांक 25.11.2024 को आरोपी..... अनश पुत्र परवेज वासी मौहल्ला सलेख विहार, शामली यु.पी. को यमुना नदी पूल के पास मंगलौरा क्षेत्र से गिरफतार किया गया। जिसने पूछताछ पर बताया कि उसने यह हथियार काफी समय पहले एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था और मोटी राशी कमाने के लालच में उक्त आरोपी को बेच दिया था। उन्होने कहा कि आज दोनों आरोपीयों को माननीय अदालत के सामने पेशकर न्यायीक हिरासत में भेजा जाएगा।

### दयालु योजना के तहत मृत्यु या दिव्यांग होने पर दी जाती है आर्थिक सहायताः डीसी उत्तम सिंह

**करनाल, (विसु)।** डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) लागू की गई है। इसके तहत प्रदेश के गरीब परिवारों में 6 से 60 साल की आयु तक के किसी व्यक्ति की मृत्यु होने अथवा दिव्यांग होने पर आर्थिक मदद दी जाएगी। इस योजना के दायरे में 1 लाख 80 हजार रुपये तक की आय वाले परिवार आएंगे। ऐसे परिवारों में 1 अप्रैल 2023 से किसी की मृत्यु हुई है या 100 प्रतिशत दिव्यांग हुआ है तो वह परिवार इस योजना का पात्र माना जाएगा। आवेदन के लिए परिवार के पास पीपीपी होना जरूरी है। यदि परिवार में किसी की एक्सीडेंट या प्राकृतिक मृत्यु हुई है, तो उसका मृत्यु प्रमाण पत्र देना होगा। यदि एक्सीडेंट में दिव्यांग हुआ है तो उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र, अस्पताल के डिस्चार्ज के दस्तावेज और एफआईआर की कॉपी जरूरी है। डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि दयालु योजना का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता करना है, जिससे उन्हें सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा मिल सके। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र में जो बैंक खाता नंबर दिया हुआ है, उसी में सहायता राशि को भेजा जाएगा। दुर्घटना होने के तीन माह के भीतर इस योजना के तहत आवेदन करना आवश्यक है। इसके लिए हरियाणा सरकार ने दयालु पोर्टल बनाया हुआ है। जिस पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

**कितनी मिलेगी आर्थिक मदद**

डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि दयालु योजना के तहत गरीब परिवारों के 6 से 12 साल तक के बच्चे की मृत्यु या 100 प्रतिशत दिव्यांग होने पर एक लाख रुपये दिए जाएंगे, इसी प्रकार से 12 से 18 वर्ष की आयु पर 2 लाख रुपये, 18 से 25 तक 3 लाख रुपये, 25 से 45 की आयु पर 5 लाख रुपए और इसके बाद 60 साल की आयु पर 3 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

### चंडीगढ़ में नाइट क्लब के बाहर हुए दो बम धमाकों की जिम्मेदारी गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने ली

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-26 में मंगलवार को सुबह दो क्लबों के बाहर हुए बम धमाकों की जिम्मेदारी लारेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गोल्डी बराड़ व उसके साथियों ने ली है। गोल्डी बराड़ ने इस बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर धमाके की वजह प्रोटेक्शन मनी न देना बताया है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-26 में क्लब सेविले बार एंड लाउंज और डि-ओरा क्लब के बाहर हुए धमाके में क्लब के बाहर के शीशे टूट गए। सेविले बार एंड लाउंज क्लब के मालिकों में मशहूर रैपर बादशाह भी पार्टनर हैं। गोल्डी बराड़ के हवाले वाली सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि 2 ब्लास्ट की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग के गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा लेते हैं। इन दोनों क्लबों के मालिकों को प्रोटेक्शन मनी के लिए मैसेज किया था लेकिन इन्हें हमारी कॉल की घंटी नहीं सुनाई दे रही थी। इनके कान खोलने के लिए यह धमाके किए गए। जो भी हमारे कॉल्स को इग्नोर कर रहे हैं, वह समझ जाएं कि इससे भी कुछ बड़ा हो सकता है।

पुलिस की जांच में सामने आया कि बम फेंकने वाले युवक बाइक पर आए थे। वारदात में इस्तेमाल हुए बम में कील और ज्वलनशील पदार्थ भरा हुआ था। मौके पर इससे जुड़ी हुई चीजें भी बरामद हुई हैं। पुलिस मानकर चल रही है कि देसी बम फोड़े गए हैं। पुलिस एक्सटॉर्शन एंगल पर भी जांच कर रही है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सुबह 3.15 बजे एक युवक ने क्लब की तरफ बमनुमा चीज फेंकी, जिसके बाद जोरदार धमाका हुआ। धुआं उठते ही युवक वहां से भाग गया। डीएसपी दिलबाग सिंह ने बताया कि सुबह 3.25 बजे हमें कंट्रोल रूम पर पर्सनल प्रॉब्लम की सूचना मिली थी। हमारे जांच अधिकारी मौके पर गए। एसएसपी कंवरदीप कौर ने ऑपरेशन सेल, क्राइम ब्रांच, डिस्ट्रिक्ट सेल और अन्य थाना पुलिस को आरोपितों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं।

### आमरण अनशन से पहले किसान नेता डल्लेवाल को पुलिस ने घर से उठाया

**चंडीगढ़।** दिल्ली में लोकसभा के दौरान भूख हड़ताल पर बैठने का ऐलान करने वाले किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को पुलिस ने मंगलवार सुबह पंजाब खनौरी बॉर्डर से हिरासत में ले लिया। दरअसल, किसानों की मांगों को लेकर डल्लेवाल 26 नवंबर से खनौरी बार्डर पर ही भूख हड़ताल करने वाले थे, लेकिन पुलिस को इनपुट मिला था कि डल्लेवाल दिल्ली कूच कर सकते हैं, जिसके चलते मंगलवार सुबह करीब तीन बजे उन्हें हिरासत में ले लिया गया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि रात करीब ढाई बजे के आसपास डल्लेवाल को खनौरी बॉर्डर से पुलिस ने उठा लिया है। उन्हें कहां ले गए हैं, इसकी जानकारी नहीं है। जिन्होंने डल्लेवाल को उठाया है, उनमें कई पुलिस वाले हिंदी भाषा बोल रहे थे। पंधेर का कहना है कि केंद्र सरकार किसानों पर जुल्म ढहा रही है। डल्लेवाल को मुख्यमंत्री भगवंत मान की जूरिडिक्शन से उठाया गया है, इसलिए पंजाब सरकार को किसानों के प्रति अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी। बताना होगा कि उन्हें कहां ले गए हैं। अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। डल्लेवाल की हिरासत को लेकर पुलिस भी कुछ नहीं बोल रही है। सूत्रों के अनुसार उन्हें लुधियाना जिला के अंतर्गत आते एक पुलिस थाने में रखा गया है और यह कार्रवाई पंजाब और हरियाणा पुलिस ने संयुक्त रूप से की है। बताया गया कि जिस समय डल्लेवाल को हिरासत में लिया गया तो उनके साथ किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ मौजूद थे। उन्होंने कहा कि रात के समय जब डल्लेवाल सो रहे थे तो दोनों तरफ से पुलिस पहुंची और उन्हें डिटेन करके ले गई। जिस समय डल्लेवाल को उठाया गया, उन्होंने सिर्फ कुर्ता पहना था। 68 साल के डल्लेवाल को न पजामा और न ही गर्म कपड़े पहनने दिए।

# संविधान एक पुस्तक नहीं बल्कि राष्ट्र को चलाने वाला ग्रंथ हैः विधानसभा अध्यक्ष

- करनाल के मंगल सेन सभागार में आयोजित किया गया संविधान दिवस समारोह
- करनाल के विधायक जगमोहन आनंद और असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने बतौर विशिष्ट अतिथि की शिरकत



**करनाल, (विसु)।** स्थानीय मंगल सेन सभागार में मंगलवार को संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद व असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने शिरकत की। दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत रूप से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके पश्चात स्कूल के विद्यार्थियों ने संविधान दिवस से जुड़े गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि संविधान मात्र एक पुस्तक नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र को चलाने वाला ग्रंथ है। भारतीय संविधान को सुप्रीम लॉ भी कहते हैं। इसी के अंतर्गत सभी कानून बनाए जाते हैं। संविधान को सुप्रीम लॉ इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह लोगों द्वारा ही बनाया गया है और लोगों को ही अर्पित किया गया है। लोकतंत्र की तीनों शाखाएं विधानपालिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका व संवैधानिक संस्थाएं, सभी संविधान के अनुसार चलते हैं। उन्होंने कहा कि जब देश आजाद हुआ तो बहुत बड़ा मुद्दा था कि कैसे संविधान बने। संविधान जब बना तो आसानी से नहीं बना बल्कि एक जटिल प्रक्रिया रही है। संविधान सभा ने 9 दिसंबर 1946 से लेकर 26 नवंबर 1949 तक काम किया। इस दौरान 11 सेशन हुए, 165 बैठक हुई और लगभग तीन साल इस प्रक्रिया को पूरा करने में लगे। ड्राफ्टिंग कमेटी बनाई गई। ड्राफ्ट पर 114 दिनों तक कार्य हुआ।

**संविधान को बनाने से पहले दूसरे बहुत से देशों के संविधान व कानूनों का अध्ययन किया**

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हमारे संविधान को बनाने से पहले दूसरे बहुत से देशों के संविधान व कानूनों का अध्ययन किया गया। इस सारी प्रक्रिया के बाद हमारे देश का संविधान तैयार हुआ। 26 नवंबर 1949 में आज ही के दिन संविधान के बहुत से अनुच्छेद लागू हो गए थे लेकिन पूर्ण संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान का प्रत्येक शब्द हम सभी को और सभी राज्यों को एक सूत्र में पिरोने वाला है। संविधान हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्रदान करता है। समानता को सबसे ऊपर रखा गया है। आज भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार है। हम सभी को बोलने का अधिकार है, जो हमें हमारा संविधान देता है। हमारा संविधान बहुत सरल भी है और बहुत कठोर भी है। हम प्रण लें कि अपने मौलिक कर्तव्यों का भी पालन करेंगे। उन्होंने सभी को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई दी।

**हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधानः विधायक जगमोहन आनंद**

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि संविधान नियम-कानूनों का दस्तावेज नहीं बल्कि यह वह पवित्र ग्रंथ है, जिससे विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का संचालन होता है। हमारा भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान की प्रस्तावना में ही स्पष्ट है कि संविधान की शक्ति सीधे जनता में निहित है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान का प्रारंभ ही ह्यहम भारत के लोगह्ल शब्दों से होता है। संविधान में आया हम भारत के लोग केवल शब्द भर नहीं है। यह हमारी महान भारतीय संस्कृति का एक तरह से जीवन दर्शन है। उन्होंने कहा कि संविधान भारतीय सभ्यता और संस्कृति का दर्शन है। हम सभी को संविधान के अनुसार कानूनों की अनुपालना करनी चाहिए। उन्होंने भव्य कार्यक्रम का आयोजन करने पर जिला प्रशासन को हार्दिक बधाई दी और सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी।

**संविधान 142 करोड़ भारतवासियों को एक देश के रूप में जोड़ता हैः विधायक योगेंद्र राणा**

असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि 26 नवंबर बेहद गर्व का दिन है, क्योंकि आज हम सभी संविधान दिवस मना रहे हैं। कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। यह संविधान ही है, जो अलग-अलग धर्मों, अलग-अलग जातियों व 142 करोड़ भारतवासियों को एक देश के रूप में जोड़ता है। यह संविधान ही है, जो हमें आजाद देश के आजाद नागरिक की भावना का अहसास करवाता है। हमारे संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकार ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं। वहीं दूसरी ओर हमारे मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाते हैं। संविधान सभा ने अथक प्रयास और कड़ी मेहनत से संविधान को तैयार किया। 26 नवंबर 1949 को संविधान बनकर तैयार हुआ और इसी दिन को आज हम संविधान दिवस के रूप में मना रहे हैं। आज संविधान दिवस के मौके पर हमें प्रण लेना चाहिए कि हम अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे और कानून की अनुपालना करेंगे।

## कोई भी देश बिना संविधान से नहीं चल सकताः डा. रेखा त्यागी




**करनाल, (विसु)।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल में महत्वपूर्ण दिवस समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक विस्तृत व्याख्यान एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रेखा त्यागी प्रिंसिपल पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल ने की डॉ रेखा त्यागी जी ने बताया कि कोई भी देश बिना संविधान से नहीं चल सकता संविधान किसी भी देश की आत्मा होती है देश के नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों की व्याख्या संविधान में की गई है और साथ ही साथ उनकी रक्षा की जिम्मेदारी भी संविधान लेता है भारत सरकार ने ऐसे ऐतिहासिक दिन के महत्व को बढ़ाया है हमारा कर्तव्य है प्रत्येक विद्यार्थी को भारत के ऐतिहासिक संविधान दिवस के बारे में जानकारी प्रदान करें ताकि प्रत्येक विद्यार्थी के मन में राष्ट्र के प्रति प्रेम निरंतर बढ़ता रहे, हम अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएं इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा' इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ राजेश रांझा प्राध्यापक इतिहास ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हो गया था संविधान सभा ने इस पर अपनी अंतिम मोहर लगा दी थी इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया उन्होंने भारत के संविधान के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद जी के नेतृत्व में संविधान निर्माण का कार्य संपन्न हुआ भारत के संविधान मनाने में डॉ.भीमराव अंबेडकर जी ने अहम भूमिका निभाई थी संविधान भारत के नागरिकों के साथ-साथ उन आत्माओं को भी समर्पित किया गया है जिन्होंने देश की आजादी में अपना बहुमूल्य योगदान दिया था भारत भले ही विविधताओं से बड़ा देश हो विभिन्न राज्यों में अलग-अलग भाषा जाति धर्म एवं वेशभूषाओं वाले नागरिक रहते हैं लेकिन संविधान सब को एक समान महत्व देता है जो देश की एकता का प्रतीक भी है आज का दिन देश के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का दिन है दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान हमारे पास है इस संविधान निर्माण में जिन आत्माओं का योगदान है हम सर झुकाकर उनको सलाम करते हैं , इस कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. संजीव कुमार प्राध्यापक संस्कृत विभाग ने किया अतिथियों का धन्यवाद डॉ सरिता आर्य ने किया इस अवसर पर डॉ राकेश यादव एन.एस.एस अधिकारी डॉ. वंदना डॉ. बलविंदर डॉ शीतल डॉ जतिन डॉ.राजेश घासी प्रो. जगमाल व अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## रोहतक में किसानों व मजदूरों ने किया चेतावनी प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** संयुक्त किसान मोर्चा व केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर मंगलवार को विभिन्न किसान मजूदरों व कर्मचारी संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन किया और प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान सभा जिला प्रधान प्रीत सिंह ने बताया कि आज ही के दिन किसानों ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच किया था और आंदोलन 13 महीने चला, जिसके बाद केन्द्र सरकार व किसानों के बीच लिखित में समझौता हुआ था, लेकिन आज तक सरकार ने स्वीकृत समझौते को लागू नहीं किया है, जिसके चलते संयुक्त किसान मोर्चा व केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर सरकार के खिलाफ चेतावनी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसी के तहत आज यह रोष प्रदर्शन कर सरकार को चेताया गया है कि अगर जल्द स्वीकृत मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन दोबारा से शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकारी विभागों का तेजी से निजीकरण कर रही है, जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में सीटू से भगत सिंह, बीकेयू से जयभगवान, राजेंद्र तोमर, खेत मजदूर यूनियन से रामचंद्र बैंसी, किसानी प्रतिष्ठा मंच से सुशीला , सर्व कर्मचारी संघ से सुमेर सिवाच, वीरेंद्र सिंगरोहा सहित काफी संख्या में किसान व मजदूर शामिल हुए।

किसान व मजदूरों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में सभी फसलों के लिए सी-2+50त्न पर एमएसपी घोषित करने, चार लेबर कोड को रद्द, सभी मजदूरों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 26 हजार रुपये प्रति माह का न्यूनतम वेतन, निर्माण मजदूर के लिए बने कल्याण बोर्ड में लगाई जा रही मनमानी शर्तों और भ्रष्टतंत्र पर सख्त कार्रवाई करने एवं सभी निर्माण एवं मनरेगा मजदूरों का बोर्ड के तहत पंजीकरण सुनिश्चित करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए सर्वसमावेशी ऋण मुक्ति, किसानों और मजदूरों के लिए कम ब्याज दरों पर ऋण सुविधाएं सुनिश्चित करने, घरेलू उपयोगकताओं और दुकानों को प्रतिमाह तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने, डिजिटल कृषि मिशन, राष्ट्रीय सहयोग नीति और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ आईसीएआर समझौते, जो राज्य सरकारों के अधिकारों का अतिक्रमण करते हैं और कृषि के निगमीकरण को बढ़ावा देते हैं, को खत्म करने, मनरेगा में दो सौ दिन काम और 700 रुपये प्रतिदिन मजदूरी देने, शहरी क्षेत्रों में रोजगार गारंटी कानून लागू करने व 60 वर्ष की आयु में दस हजार रुपये मासिक पेंशन सुनिश्चित करने व डीएपी,यूरिया की कमी दूर कर किसानों को खाद उपलब्ध करवाने की मांग की।

# व्यक्तिगत जीवन में करें संविधान की अनुपालनाः डीसी उत्तम सिंह



**करनाल।** करनाल के डीसी उत्तम सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने व्यक्तिगत जीवन में भी संविधान की अनुपालना करनी चाहिए। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी जानना चाहिए।

बिना कर्तव्यों के अधिकारों का कोई अस्तित्व नहीं है। डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि आज संविधान दिवस का दिन हम सभी के लिए बेहद खास है। जब देश आजाद हुआ तो बहुत से लोग कहते थे कि भारत एक नहीं हो सकता लेकिन हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। 1949 में संविधान बनकर तैयार हुआ। अलग-अलग देशों से जुड़े अच्छे कानूनों, सिद्धांतों को संविधान में जोड़ा गया।

उन्होंने संविधान दिवस की सभी को बधाई दी। इस मौके पर भाजपा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व मेयर रेनूबाला गुप्ता, नगर निगम कमिश्नर डॉ. वैशाली शर्मा, एडीसी यश जालुका, असिस्टेंट कमिश्नर (यूटी) योगेश सैनी, एसडीएम असंध राहुल, सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार, एसडीएम अनुभव मेहता, दयाल सिंह कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. अनिता अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठकराल व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### बच्चों के लिए आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताएं

संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग/पोस्टर मेकिंग, सुलेख, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गईं। जिसमें विजेता विद्यार्थियों को विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि पेंटिंग/पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सिमरन, राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन करनाल ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान सानिया, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चिड़ाव तथा तृतीय स्थान कोमल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पुंडरक ने प्राप्त किया।

ुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अमन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पुंडरक, द्वितीय अक्षरा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बल्ला तथा तृतीय स्थान पर प्रिंसी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घरौंडा रहीं। इसी प्रकार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चिंकी व पूजा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पुंडरक, द्वितीय स्थान पर पायल व खुशबू, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्रेम नगर व तृतीय स्थान पर सागर व मुस्कान, पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, असंध रहे।

## उत्पन्ना एकादशी पर श्रद्धालुओं ने श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंचकर की पूजा अर्चना



**करनाल, (विसु) :** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में उत्पन्ना एकादशी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। सुबह से लेकर शाम तक खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया। भजन गायक हिमांशु सिंगला व ओपी वर्मा ने बाबा का गुणगान किया। हिमांशु सिंगला ने खाटू श्याम तेरे दरबार में आया हूं, श्रद्धा के दो फूल तेरे उपहार में लाया हुं। ओपी वर्मा ने आंखों को इंतजार है सरकार आपका। तेरी कृपा से बाबा जीवन संवरा भजन से बाबा का गुणगान किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को उत्पन्ना एकादशी महत्व बताया गया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर पंडित दीपक पांडे ने उत्पन्ना एकादशी हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखती है। यह एकादशी मार्गशीर्ष माह में कृष्ण पक्ष की तिथि को आती है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और व्रत का पालन करने से मनुष्य को पापों से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, अनिल गर्ग, महिंद्र गुप्ता, रामकरण गोयल, पवन गर्ग, हरीश गुप्ता व पवन गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, असंध विधायक योगेंद्र राणा व कविंद्र राणा को सम्मानित करेगी राजपूत सभा करनाल



**करनाल, (विसु)।** राजपूत सभा करनाल की तरफ से नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, असंध से विधायक योगेंद्र राणा, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री व करनाल सांसद के प्रतिनिधि कविंद्र राणा को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एक दिसंबर को सेक्टर 8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए महाराणा प्रताप भवन में राजपूत सभा की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राजपूत सभा के प्रधान डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह ने की व महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह के साथ-साथ आम सभा की बैठक का आयोजन भी किया जाएगा।

राजपूत सभा के प्रधान डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह व महासचिव बृजपाल राणा ने बताया कि रादौर और असंध विधानसभा क्षेत्र से राजपूत समाज के दो विधायक चुने गए है जिनमें से रादौर विधायक श्याम सिंह राणा को कैबिनेट में स्थान देते हुए कृषि मंत्री जैसा अहम मंत्रालय सौंपा है। भाजपा की टिकट पर असंध से योगेंद्र राणा विधायक चुने गए हैं और भाजपा नेता एडवोकेट रविंद्र राणा को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल का प्रतिनिधि चुना गया है। इससे राजपूत समाज में खुशी का माहौल है, इसके चलते एक दिसंबर को सुबह 11:00 बजे इन सभी को राजपूत सभा द्वारा सम्मानित किया जाएगा और सरकार का भी आभार व्यक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप भवन में नवीनीकरण का कार्य चल रहा है जिसमें भव्य गेट, भवन की चार दिवारी और हाल निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्य चल रहे हैं और भवन के प्रांगण में ही महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा भी लगाई जाएगी जिसके लिए अभी तक समाजसेवी एसपी चौहान, सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर एमएल राणा, ईश्वर सिंह पधाना, अमित राणा सागा और अबल सिंह कैरवाली ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया है। भविष्य में संत नगर स्थित पुरानी धर्मशाला में भी नवीनीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। अतः समाज के नागरिकों से आग्रह है कि इस नेक कार्य के लिए बढ़-चढ़कर आगे आए और इस कार्य में अपना योगदान दें। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अजमेर सिंह पंवार, एडवोकेट मान सिंह राणा, प्रदीप राणा पधाना, प्रेस सचिव बिशपाल राणा, भूप सिंह राणा, दीपक कैरवाली, गौरव राणा अरड़ाना, दीपक राणा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पैक्स चुनाव : 9 प्रत्याशियों ने लिया नामांकन वापस

- 8 अध्यक्ष पद के प्रत्याशी एवं 1 कार्यकारिणी सदस्य पद के प्रत्याशी हैं शामिल
- अब 127 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**मुजफ्फरपुर/बन्दरा,संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर नामांकित प्रत्याशियों में मंगलवार को कुल 9 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन का पर्चा वापस ले लिया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए बन्दरा से अमरजीत कुमार चौधरी,जयप्रकाश राय,राम दिनेश राय,सुरेश राय, नूनफारा पैक्स से अरविंद कुमार, बड़गांव से अभिलाषा कुमारी, रामपुरदयाल से स्मृति कुमारी तथा हत्था पैक्स से प्रफुल्ल कुमार के नाम शामिल है। इसी तरीके से कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए पटसारा पैक्स से सामान्य सदस्य पद के महिला प्रत्याशी निशा देवी के नाम शामिल है। जिन्होंने अपनी नाम जदगी का पर्चा वापस ले लिया। इस तरीके से बन्दरा प्रखंड क्षेत्र में 9 पैक्स अध्यक्ष पद एवं दो सामान्य कार्य कारिणी सदस्य पद के लिए चुनाव कराए जाएंगे। कार्य कारिणी सदस्य पद के लिए रामपुरदयाल पैक्स एवं मतलूपुर पैक्स तथा प्रखंड के 9 पैक्स अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होंगे। प्रखंड निर्वाचन कार्यालय के अनुसार अब 127 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जिसमें 27 प्रत्याशी अध्यक्ष पद एवं 100 प्रत्याशी कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए चुनाव मैदान में हैं।

### पंचशील बौद्ध विहार में मनाया गया संविधान दिवस



**पश्चिम चंपारण/बेतिया,बिट्टू कुमार।** पंचशील बौद्ध विहार पश्चिम चंपारण बेतिया के तत्वाधान में धूमधाम से संविधान दिवस मनाया गया। उपस्थित सभी लोगों को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया गया एवं उनको संविधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वही रामदास बौद्ध ने कहा कि संविधान सभी लोगों का बराबरी का हक देता है। इस दौरान कवि गोरखनाथ मस्ताना ने कहा कि संविधान ओबीसी एससी एसटी या किसी एक व्यक्ति विशेष का नहीं है यह संविधान सभी लोगों का है। मौके पर उषा बौद्ध, गोरखनाथ मस्ताना, अरविंद रवि, रामसेवक बैठा, संजय राव, बिट्टू कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### शिक्षकों पर शिकंजा कसने में जुटा शिक्षा विभाग



**पटना,ब्यूरो।** सरकारी स्कूलों से शिक्षको के गायब रहने की सूचना के बाद शिक्षा ने बड़ा फैसला किया है। शिक्षा विभाग ने अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उसके बाद फैसला किया कि स्कूलों में तीन बार शिक्षकों की हाजिरी होगी। बिहार सरकार ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की हाजिरी व्यवस्था में बदलाव किया है। अब शिक्षकों की दिन में तीन बार हाजिरी ली जाएगी। यह फैसला शिक्षकों की अनुपस्थिति की समस्या को हल करने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए लिया गया है।नई व्यवस्था के अनुसार, शिक्षकों की हाजिरी सुबह, दोपहर और दिन में किसी भी समय ली जा सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि शिक्षक पूरे दिन स्कूल में मौजूद रहें। शिक्षा विभाग को मिल रही शिकायतों के अनुसार, कई शिक्षक स्कूल समय में स्कूल से गायब रहते थे। इस समस्या से निपटने के लिए ही यह कदम उठाया गया है।जिलाधिकारी या शिक्षा विभाग के अधिकारी किसी भी समय किसी भी स्कूल में जाकर शिक्षकों की हाजिरी की जांच कर सकते हैं। अगर कोई शिक्षक अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह नई व्यवस्था 1 दिसंबर से लागू होने की संभावना है।इस बदलाव के पीछे का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना और शिक्षकों की जिम्मेदारी बढ़ाना है।

### समस्तीपुर मंडल कार्यालय में संविधान दिवस का आयोजन

- मरेप्र सहित सभी कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया



**समस्तीपुर,संवाददाता।** देश के संविधान के 75 साल पूरे होने पर समस्त भारतवर्ष में विभिन्न आयोजन किया जा रहे हैं। इस अवसर पर समस्तीपुर मंडल में भी संविधान दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल के मरेप्र श्री विनय श्रीवास्तव के साथ अमरेप्र श्री आलोक कुमार झा तथा समस्तीपुर मंडल के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर, सभी कर्मचारियों और मरेप्र सहित सभी अधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। उल्लेखनीय है कि यह पाठ हमारे संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस अवसर पर, मरेप्र ने सभी रेलकर्मियों को शुभकामनाएं दीं और सबको हमारे संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि " हमारा संविधान हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। यह हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी देता है और हमें एक न्यायपूर्ण और समानतापूर्ण समाज बनाने के लिए प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हम समस्तीपुर मंडल के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हैं और हमें विश्वास है कि हम अपने संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे"। विदित हो कि संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान पारित किया था जिसे 26 जनवरी 1950 को देश ने स्वीकार किया था। उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 19 नवंबर 1915 को एक अधिसूचना जारी की गई थी इसमें 26 नवंबर को हर साल 'संविधान दिवस' के तौर पर मनाने की बात कही गई।तबसे हम हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाते हैं।

# इमरान खान के समर्थक इस्लामाबाद में दाखिल, रास्ते में टकराव, चार रेंजर्स की मौत





**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के हजारों समर्थकों का काफिला तमाम बाधाओं को पार कर आज सवेरा होने से पहले इस्लामाबाद सीमा के अंदर दाखिल हो गया। राजधानी के श्रीनगर राजमार्ग पर रात को हुए टकराव में पाकिस्तान रेंजर्स के कम से कम चार जवानों की मौत के बाद इस्लामाबाद को सेना के हवाले कर दिया गया। पीटीआई समर्थकों का काफिला डी-चौक पहुंचने के लिए जद्दोजहद कर रहा है। सेना को डी-चौक के आसपास किसी के भी पहुंचने पर गोली मारने का आदेश दिया गया है। संघीय सरकार के आंतरिकमंत्री मोहसिन नकवी ने चेतावनी दी कि पीटीआई को डी-चौक पर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एआरवाई न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, संघीय सरकार ने श्रीनगर राजमार्ग की घटना को गंभीरता से लिया है। रक्षा सूत्रों ने कहा कि उपद्रवियों ने पाकिस्तान रेंजर्स के कम से कम चार जवानों को वाहनों से कुचल दिया है। इस टकराव में पुलिस कर्मचारियों समेत पांच अन्य घायल भी हुए हैं। संघीय सरकार ने देररात की घटना के फौरन बाद इस्लामाबाद की सड़कों पर सेना को तैनात किया है। सूत्रों ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 245 के तहत तैनात सेना को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया गया है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि हिंसक विरोध प्रदर्शन में अब तक 25 पुलिसकर्मियों की जान जा चुकी है, जबकि 100 से ज्यादा घायल हुए हैं।

आंतरिकमंत्री मोहसिन नकवी ने पत्रकारों को बताया कि इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने सरकार को पीटीआई के साथ बातचीत करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि पीटीआई को संगजानी क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पीटीआई ने दायरा तोड़ने का प्रयास किया, कर्फ्यू लगाने जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नकवी ने पीटीआई नेतृत्व से आग्रह किया कि वह स्थिति को उस स्तर तक ले जाने से बचें जहां सरकार कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर हो जाए। इससे पहले संवाददाता सम्मेलन में आंतरिकमंत्री नकवी ने कहा था कि सरकार और पीटीआई के बीच कोई बातचीत नहीं चल रही है। आंतरिकमंत्री ने स्पष्ट किया कि उन्होंने मिनिस्टर एन्क्लेव में पीटीआई के किसी प्रतिनिधि से मुलाकात नहीं की है। नकवी ने कहा कि डी-चौक पहुंचने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस बीच पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने भी सरकार के साथ किसी भी बातचीत से इनकार किया। बैरिस्टर ने एक बयान में कहा कि अगर कोई बातचीत होगी तो सबसे पहले अवाम को सूचित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैंने सोमवार को पीटीआई संस्थापक इमरान खान से मुलाकात की है। इमरान खान ने इस प्रदर्शन को 'करो या मरो' का नाम दिया है। डी-चौक पर आहूत इस विरोध प्रदर्शन के बड़े काफिले का नेतृत्व खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर कर रहे हैं। गंडापुर का काफिला इस्लामाबाद की सीमा में प्रवेश कर गया है। हजारा डिवीजन, डीआई खान और बलूचिस्तान के काफिले हकला इंटरचेंज पर गंडापुर के काफिले में शामिल हो गए हैं। गंडापुर के साथ इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी भी हैं। इमरान खान लंबे अरसे से रावलपिंडी सेंट्रल जेल (अदियाला जेल) में कैद हैं।

# भारत से नेपाल में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे दो चीनी नागरिक गिरफ्तार



**काठमांडू।** भारत से अवैध रूप से नेपाल में प्रवेश करने वाले दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाली सुरक्षाकर्मियों ने इन्हें नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए एक चीनी नागरिक रोबिन पासपोर्ट ही यात्रा कर रहा था। इनको सीमा पार कराने के आरोप में एक मुस्लिम युवक भी पुलिस हिरासत में है।

कपिलवस्तु जिला के पुलिस एसपी मोहनमणि अधिकारी ने कहा कि जिले के सीमावर्ती इलाके में तैनात नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस की एक संयुक्त गश्ती टीम ने उन्हें तब गिरफ्तार किया जब वे अवैध रूप से भारत से नेपाल में प्रवेश कर रहे थे। मुख्य सीमा नाका से प्रवेश ना करते हुए ये दोनों गांव की पगडंडियों को पार कर नेपाल में प्रवेश कर रहे थे। इन दोनों चीनी नागरिक को सीमा पार करने में सहायता के लिए एक भारतीय मुस्लिम नागरिक को भी सुरक्षा बलों ने अपने नियंत्रण में लिया है। पुलिस एसपी अधिकारी के मुताबिक गिरफ्तार चीनी नागरिक 32 वर्षीय लिगुआ गुई और 35 वर्षीय ताओ हैं। गिरफ्तार 2 चीनी नागरिकों के साथ आए उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर जिले ककरहवा के रहने वाले 23 वर्षीय अरबाज शेष को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सुरक्षा बलों ने इन तीनों को पहले तो रुपंदेही जिला में रहे इमिग्रेशन विभाग में पूछताछ के लिए भेज दिया है।

इनमें से गिरफ्तार 2 चीनी नागरिकों को आगे की कार्रवाई के लिए काठमांडू भेजा जा रहा है जबकि इनको सहायता करने वाले अरबाज शेष को आगे की जांच के लिए जिला पुलिस मुख्यालय कपिलवस्तु भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार चीनी नागरिक लिगुआंगुई के पास चीनी पासपोर्ट है, लेकिन एक अन्य चीनी नागरिक ताओ के पास चीनी पासपोर्ट नहीं है। पुलिस एसपी मोहनमणि अधिकारी ने बताया कि इनके पास से 2 लैपटॉप, विभिन्न कंपनियों के 6 मोबाइल फोन और 14,750 भारतीय रुपये नकद मिले। जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, जब्त की गई सभी वस्तुओं को आगे की जांच के लिए इमिग्रेशन कार्यालय भेज दिया गया है।

## राजपरिवार विवाद: उदयपुर में सिटी पैलेस के आसपास के क्षेत्र में धारा 163 लागू

**उदयपुर।** उदयपुर जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविंद पोसवाल ने शहर के सिटी पैलेस के आसपास के क्षेत्र में लोक शांति कायम रखने की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के प्रावधानों को लागू किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि उदयपुर शहर में 25.11.2024 को मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह एवं सिटी पैलेस में निवासरत पूर्व राजपरिवार के सदस्यों के बीच बड़ी पोल के अन्दर प्रयागगिरि महाराज की धूणी के दर्शन को लेकर उत्पन्न हुए विवाद से कानून व्यवस्था बिगड़ने पर जगदीश चौक से 500 मीटर के परिक्षेत्र में एवं रंगनिवास पर्यटन पुलिस थाना तक निषेधाज्ञा लागू की गई है।

आदेश में कहा गया है कि यह क्षेत्र पुलिस थाना घण्टाघर एवं पुलिस थाना सूरजपोल की सीमाओं के अन्दर आता है। उक्त सीमाओं में कानून व्यवस्था के संधारण एवं असामाजिक, अवांछित एवं बाधक तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करने तथा लोक शांति बनाये रखने हेतु प्रतिबंधात्मक उपाय किए जाने आवश्यक हैं। किसी भी स्थान पर असाधारण परिस्थिति में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर/संबंधित उपखण्ड गजिस्ट्रेट से आदेश में छूट प्राप्त करने के लिये विशेष अनुमति प्राप्त करनी होगी। जिला मजिस्ट्रेट पोसवाल ने बताया कि विद्यमान परिस्थितयों में यह प्रतिबन्धात्मक आदेश तत्काल लागू किया जाना आवश्यक है एवं इन परस्थितियों में उन व्यक्तियों जिनके विरुद्ध यह आदेश निर्दिष्ट है, पर तत्काल सूचना की तामील सम्यकरूप से कराने की गुंजाइश नहीं है. इसलिए यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के तहत एक पक्षीय पारित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह आदेश 26.11.2024 को तत्काल प्रभाव से लागू होकर अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने सभी नागरिकों को इस आदेश की पालना करने तथा अवहेलना नहीं करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया है कि इस निषेधाज्ञा की अवहेलना या उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के प्रावधानों के अन्तर्गत अभियोग चलाये जा सकेंगे।

## बलौदाबाजार: कसडोल शहर के एक किमी के दायरे में आ गया था बाघ, सतर्कता से ट्रैक्यूलाइज कर किया गया काबू



**बलौदाबाजार/रायपुर।** कसडोल शहर के बिल्कुल एक किमी के दायरे में पहुंच गये बाघ को वन विभाग ने सफलतापूर्वक काबू पा लिया। यह वाकया आज मंगलवार को कसडोल शहर से लगे ग्राम कोट का है। बाघ एक पैरे के ढेर में छिप गया था। वन विभाग की टीम पहुंची और बेहद कुशलता से बाघ को ट्रैक्यूलाइज किया। टैक्यूलाइज करने के बाद बाघ कुछ देर तक होश में रहा और पास ही के पेट्रोल पंप के पीछे की तरफ आ गया लेकिन उसे तेजी से बेहोशी आई और फिर उसे नियंत्रित कर लिया गया। बाघ के बिल्कुल शहर के पास आने से लोगों के लिए कौतूहल का विषय था कि इसे कैसे नियंत्रित किया जाएगा। वन विभाग के अमले ने इसकी योजना बनाई और बेहद सफलतापूर्वक यह कार्य संपन्न किया गया।

बताया जाता है कि यह बाघ ओडिशा के रास्ते से बारनवापारा पहुंचा होगा। आठ महीने से यह बारनवापारा में सक्रिय था। बाघ की सक्रियता केवल कोर एरिया में रहे इसके लिए वन विभाग ने पर्याप्त प्रयास किये थे। जब बाघ का मूवमेंट कोर एरिया से बाहर होने की खबर मिली तो अमले ने सतर्कता से अपनी कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि अब बाघ को किसी टाइगर रिजर्व में छोड़ा जाएगा ताकि इसे और भी सुरक्षित परिवेश मिले। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, बाघ को रेडियो कालर लगा दिया गया है। इससे बाघ के मूवमेंट पर नजर रखने में आसानी होगी। इसके रक्त का नमूना भी लिया गया है। बाघ पूरी तरह स्वस्थ है। उल्लेखनीय है कि, बाघ के शहर के पास होने की सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग एवं वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी कानन पेण्डारी चिड़ियाघर बिलासपुर डॉ. पी.के. चंदन वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी नंदन वन जू एवं जंगल सफारी नवा रायपुर डॉ. राकेश वर्मा तथा डॉ. रश्मिलता राकेश पशु चिकित्सा अधिकारी कसडोल के टीम ने तत्काल ग्राम कोट पहुंच कर ग्रामीण धीराजी के बाड़ी में रखे पैरा के ढेर में छुपे बाघ को ट्रैक्यूलाईज करने की प्रयास किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख रायपुर व्ही. श्रीनिवास राव प्रधान, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (व.प्रा.) प्रेम कुमार, मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त रायपुर राजु अगसिमनी, मुख्य वन संरक्षक (व.प्रा.) एवं क्षेत्र संचालक उदन्ती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर श्रीमति सतोविशा समाजदार, वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल, आनंद कुदरया अधीक्षक बारनवापारा भी मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वन विभाग के अधिकारियों को दी बधाई-**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वन विभाग के अधिकारियों को बाघ के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को बाघों के संरक्षण और संवर्धन के लिए ह्यगुरू घासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्वह्य के रूप में एक नया टायगर रिजर्व मिल गया है।

# शहरी जनजीवन और आगंतुकों को जाम से निजात दिलाना बहुत जरूरी: गरिमा

- नगर में आवागमन के लिए महत्वपूर्ण सर्किट हाउस चौराहा के चौड़ीकरण
- सौंदर्यीकरण का महापौर ने किया निरीक्षण।
- कार्य में रचनात्मक सहयोग के लिए एमजेके कॉलेज प्रशासन का नगर निगम की ओर से जताया आभार



**पश्चिम चम्पारण/बेतिया।** नगर के सर्किट हाउस चौराहा चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य का महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने अवलोकन और निरीक्षण किया। इसके बाद महापौर ने कहा कि अब सर्किट हाउस चौराहा से होकर आवागमन बहुत सुविधाजनक और आसान हो गया है। इस कार्य को पूरा करने में श्रीमती सिकारिया ने महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो (डॉ) रवींद्र कुमार चौधरी और महाविद्यालय परिवार का भी चौड़ीकरण कार्य में रचनात्मक भागीदारी और सहयोग के लिए आभार जताया।

महापौर ने कहा कि अरेराज होकर पटना के अतिरिक्त सिवान और गोपालगंज से आने का यह अब महत्वपूर्ण रूट बन गया है। नौतन से भी जिला मुख्यालय और मेडिकल कॉलेज आने का यह मुख्य मार्ग है।पहले इस चौराहे हमेशा जाम जैसी स्थिति रहती थी। श्रीमती सिकारिया ने बताया कि शहरी जन जीवन को जाम से निजात दिलाने के लिए सेंट जेवियर्स चौक की तरह इसका भी चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके लिए एमजेके कॉलेज की बाउंड्री को पीछे किया गया है, अब सर्किट हाउस चौक की चौड़ाई लगभग दोगुनी हो गई है।जिससे जाम की समस्या पर काबू पाया जाएगा। उसकी ढलाई कार्य का निरीक्षण के बाद महापौर ने कहा गया कि मैं नगर निगम क्षेत्र के जनजीवन और आगंतुकों को जाम की समस्या से निजात दिलाना बहुत जरूरी है। मैं इस समस्या से शहरी क्षेत्र को मुक्ति दिलाने के लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं।

# विश्व भारती जन सेवा संस्थान ने विधायक को किया सम्मानित



विश्व भारती जनसेवा संस्थान की ओर से निरसा के नव निर्वाचित माननीय विधायक श्री अरूप चटर्जी को आज सम्मानित किया गया, गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा में विश्व भारती जनसेवा संस्थान ने सहारा से भुगतान करवाने के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन को अपना समर्थन दिया है,आज के समारोह में श्री अरूप चटर्जी ने कहा कि विश्व भारती जनसेवा संस्थान ने अपना काम किया ओर प्रचंड वोटो से मुझे ओर इंडिया गठबंधन को जितवाया है,इसे हमलोग नहीं भूलेंगे ,ओर अपने किए गए वादा को निभाएंगे। सत्र शुरू होते ही सबसे पहले झारखंड के जितने भी लोग सहारा से भुगतान नहीं मिलने के कारण आत्महत्या किए है,उन्हें आर्थिक सहायता के लिए प्रस्ताव लाएंगे,साथ ही संस्थान के लीगल करवाई में झारखंड सरकार मदद करेगा। ओर सहारा के जितने अधिकारी झारखंड छोड़ कर देश विदेश में छुपे हुए है ,भागे हुए है उन्हें जल्द झारखंड के जेल में डालेंगे। इस अवसर पर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जनार्दन मिश्रा श्री नागेंद्र कुमार कुशवाहा ओर संस्थान के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री अमरेश चक्रवर्ती ने विधायक जी को साल से सम्मानित किया ओर राष्ट्रीय संयुक्त सचिव ने बुके देकर अभिनंदन किया साथ ही माला पहनाकर ,जितेश अग्रवाल, मृत्युंजय कुमार, रंजीत सिंह, मनोज सह, रविशंकर राय, कृष्ण सिंह, डॉक्टर अरुण ठाकुर, मिथिलेश वर्मा,समीर चंद्र समेत कई लोग शामिल हुए।

# टोटलएनर्जीज के फैसले का कोई भौतिक प्रभाव नहीं होगा: अदाणी समूह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संकटग्रस्त अरबपति गौतम अदाणी के समूह ने मंगलवार को कहा कि फ्रांस की ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टोटलएनर्जीज के समूह में नए निवेश को रोकने के फैसले से परिचालन तथा वृद्धि योजनाओं पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि नए वित्त पोषण पर कोई चर्चा जारी नहीं है।




फ्रांस की प्रमुख ऊर्जा कंपनी टोटलएनर्जीज ने सोमवार को कहा था कि वह अदाणी समूह की कंपनियों में तब तक कोई नया निवेश नहीं करेगी जब तक कि भारतीय कंपनी के संस्थापक (गौतम अदाणी) को रिश्वत के आरोपों से मुक्त नहीं कर दिया जाता।

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि टोटलएनर्जीज के साथ किसी नई वित्तीय प्रतिबद्धता पर चर्चा जारी नहीं है।' यह 25 नवंबर के टोटलएनर्जीज के बयान पर स्पष्टीकरण था।

एजीईएल ने कहा, 'इसलिए प्रेस विज्ञप्ति (जिसके माध्यम से फ्रांसीसी कंपनी ने अपने निर्णय की घोषणा की) का कंपनी के परिचालन या उसकी वृद्धि योजना पर कोई भौतिक प्रभाव नहीं पड़ेगा।'

टोटलएनर्जीज उद्योगपति गौतम अदाणी की कंपनियों में सबसे बड़े विदेशी निवेशकों में से एक है। उसने पूर्व में समूह के नवीकरणीय ऊर्जा उद्यम अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. और शहरों में गैस वितरण करने वाली इकाई अदाणी टोटल गैस लि. (एटीजीएल) में हिस्सेदारी ली थी।

फ्रांस की कंपनी ने सोमवार को कहा था कि उसे अमेरिकी अधिकारियों द्वारा अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. के लिए सौर ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध हासिल करने को लेकर भारतीय अधिकारियों को कथित तौर पर 26.5 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने के मामले में शामिल होने के लिए गौतम अदाणी और दो अन्य अधिकारियों पर आरोप लगाये जाने के मामले का पता चला है।

टोटलएनर्जीज ने कहा, 'यह मामला न तो अदाणी ग्रीन एनर्जी को निशाना बनाता है, न ही उससे संबंधित किसी कंपनी को।'

उसने कहा, 'जब तक अदाणी समूह के व्यक्तियों के खिलाफ आरोप और उनके परिणाम स्पष्ट नहीं हो जाते, टोटलएनर्जीज अदाणी समूह की कंपनियों में निवेश के हिस्से के रूप में कोई नया वित्तीय योगदान नहीं करेगी।'

अदाणी समूह ने अमेरिकी अदालत में लगाये गये आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें पूरी तरह से आधारहीन बताया है। उसने कहा है कि वह मामले में हरसंभव कानूनी कदम उठाएगा।

टोटलएनर्जीज के पास अडाणी ग्रीन एनर्जी लि. में 19.75 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह कंपनी गौतम अदाणी की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई है। कंपनी की तीन संयुक्त उद्यम इकाइयों में भी 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

फ्रांस की कंपनी के पास अदाणी टोटल गैस लि. में 37.4 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह कंपनी वाहनों के लिए सीएनजी की खुदरा बिक्री करती है और खाना पकाने के लिए घरों में प्राकृतिक गैस पहुंचाती है।

फ्रांसीसी कंपनी ने बयान में कहा, 'आचार संहिता के अनुसार, टोटलएनर्जीज किसी भी रूप में भ्रष्टाचार को खारिज करती है। मामले में टोटलएनर्जीज कहीं नहीं है। ऐसे में अदाणी ग्रीन में अपनी अल्पांश 19.75 प्रतिशत हिस्सेदारी और संयुक्त उद्यम भागीदार (50 प्रतिशत) के रूप में अपने हितों की रक्षा के लिए वह सभी जरूरी कदम उठाएगी।'

वहीं अदाणी समूह की कंपनियों में 8.1 अरब डॉलर का निवेश करने वाली जीक्यूजी ने कहा, 'बुनियादी रूप से कारोबार के मामले में, हम मानते हैं कि प्रत्येक व्यक्तिगत कंपनी भविष्य के लिए अच्छी स्थिति में है।'

जीक्यूजी ने एक नोट में कहा, '21 नवंबर तक अदाणी में हमारे निवेश पर कुल मिलाकर सकारात्मक रिटर्न मिला है।'

इसमें कहा गया है कि रिश्वत के आरोप केवल अदाणी ग्रीन एनर्जी से संबंधित हैं, अदाणी की कंपनियों से नहीं।

इसमें कहा गया है, 'हालांकि आरोप गंभीर हैं, लेकिन वैश्विक कंपनियों और उनके अधिकारियों के ऐसे कई उदाहरण हैं, जिन्हें महत्वपूर्ण सरकारी कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। इन कार्रवाइयों और जांच को पूरी करने में आम तौर पर वर्षों लग जाते हैं और दंड या जुमार्ना कम हो सकता है।'

अदाणी ग्रीन एनर्जी को छोड़कर जीक्यूजी को इस समय अदाणी समूह की किसी अन्य कंपनी को अतिरिक्त वित्तपोषण की आवश्यकता नहीं दिख रही।

इसमें कहा गया है, 'घरेलू बैंकों, विशेष रूप से भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा अदाणी समूह को कर्ज बंद करने के कोई संकेत नहीं हैं। उसका मानना है कि व्यक्तियों पर जुमार्ना या प्रतिबंध लगने के बावजूद कंपनियां काम जारी रखेंगी।'

टोटलएनर्जीज ने कहा कि उसने अदाणी की कंपनियों में निवेश नियमों का अनुपालन करते हुए किया है। यह उसकी अपनी आंतरिक संचालन प्रक्रियाओं के अनुरूप भी है।

बयान में कहा गया है, 'विशेष रूप से, टोटलएनर्जीज को कथित भ्रष्टाचार योजना की जांच के बारे में जानकारी नहीं दी गयी थी।'

टोटलएनर्जीज ने जनवरी, 2021 में सूचीबद्ध कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. में छोटी हिस्सेदारी हासिल की थी। कंपनी में अब उसके पास 19.75 प्रतिशत हिस्सेदारी है। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा में विकास को गति देने की अपनी रणनीति के तहत इसने नवीकरणीय संपत्तियों का संचालन करने वाले तीन संयुक्त उद्यमों (2020 में एजीईएल 23, 2023 में एआरईएल9 और 2024 में एआरईएल 64) में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी भी हासिल की थी।

# भारत ने रियाद डिजाइन कानून संधि के अंतिम अधिनियम पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने रियाद डिजाइन कानून संधि (डीएलटी) के अंतिम अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं, जो समावेशी विकास को बढ़ावा देने और अपने बौद्धिक संपदा (आईपी) पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के सदस्य देशों ने करीब दो दशकों के गहन विचार-विमर्श के बाद ऐतिहासिक डिजाइन कानून संधि (डीएलटी) को अपनाया है। इस संधि का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर औद्योगिक डिजाइन संरक्षण प्रक्रियाओं में सामंजस्य स्थापित करना है, जिससे लघु और मध्यम उद्यमों सहित सभी उद्योगों के हितधारकों को लाभ पहुंचे।

मंत्रालय ने कहा कि रियाद डिजाइन कानून संधि के निर्णायक अधिनियम पर हस्ताक्षर करके भारत अपनी प्रगति को आगे बढ़ाते हुए समावेशी विकास को बढ़ावा देने तथा बौद्धिक संपदा संरक्षण तक न्यायसंगत पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस संधि का उद्देश्य औद्योगिक डिजाइन संरक्षण के लिए प्रक्रियात्मक प्रारूप को सुसंगत बनाते हुए कई अधिकार क्षेत्रों में पंजीकरण प्रक्रियाओं की दक्षता और पहुंच में सुधार करना है।

मंत्रालय ने कहा कि डीएलटी औद्योगिक डिजाइन पंजीकरण के लिए एक मानकीकृत ढांचा पेश करता है, जिससे प्रक्रियागत जटिलताओं और आवेदकों के लिए प्रशासनिक बोझ में उल्लेखनीय कमी आती है। विभिन्न अधिकार क्षेत्रों में पंजीकरण आवश्यकताओं को सरेखित करके, संधि का उद्देश्य छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई), स्टार्टअप और स्वतंत्र डिजाइनरों को सशक्त बनाते हुए नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम और स्टार्टअप बौद्धिक संपदा संरक्षण (एसआईपीपी) योजना जैसी पहलों के साथ संयुक्त होने पर ये प्रावधान स्टार्टअप और एसएमई को वैश्विक स्तर पर डिजाइन अधिकार सुरक्षित करने, उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के साथ-साथ बाजार के विकास का समर्थन करने में सहायता प्रदान करेंगी। दरअसल, रचनात्मकता और शिल्प कौशल की अपनी समृद्ध विरासत के साथ भारत ने लंबे समय से दीर्घकालिक आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में डिजाइन की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचाना है।

नवाचार के उत्प्रेरक के रूप में डिजाइन संरक्षण पर देश की नीति ने प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। पिछले दशक में भारत में डिजाइन पंजीकरण तीन गुना बढ़ गए हैं, पिछले दो वर्षों में सिर्फ घरेलू दाखिलों में 120 फीसदी की वृद्धि हुई है। उल्लेखनीय रूप से पिछले वर्ष डिजाइन आवेदनों में 25 फीसदी की वृद्धि हुई।

# कनाडा, मेक्सिको से आयात पर शुल्क लगाएंगे ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह अमेरिका में अवैध प्रवासियों और मादक पदार्थों के प्रवाह को रोकने के लिए कनाडा और मेक्सिको से आने वाले सभी उत्पादों पर 25 प्रतिशत और चीन की वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे।

ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' पर जानकारी दी कि वह 20 जनवरी को पदभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले इन तीन देशों पर शुल्क लगाने वाले कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे।

उन्होंने कहा, 'जैसा कि सभी जानते हैं, हजारों लोग मेक्सिको तथा कनाडा से होकर आ रहे हैं और अपने साथ कई अपराध तथा मादक पदार्थ ला रहे हैं। अभी मेक्सिको से आ रहा हजारों लोगों का कारवां हमारी वर्तमान खुली सीमा से होकर आता है।'

ट्रंप ने कहा, '20 जनवरी को अपने कई पहले कार्यकारी आदेशों में से एक के रूप में, मैं मेक्सिको और कनाडा से अमेरिका में आने वाले सभी उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करूंगा ।'

उन्होंने कहा, 'यह शुल्क तब तक लागू रहेगा जब तक मादक पदार्थ खासकर फेंटानिल और सभी अवैध विदेशी हमारे देश में यह सब करना बंद नहीं कर देते। मेक्सिको और कनाडा दोनों के पास लंबे समय से जारी इस समस्या को आसानी से हल करने का पूर्ण अधिकार तथा शक्ति है।' ट्रंप ने कहा, 'हम मांग करते हैं कि वे इस शक्ति का इस्तेमाल करें और जब तक वे ऐसा नहीं करते, तब तक उन्हें बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।'

इसके अलावा नव-निर्वाचित राष्ट्रपति ने चीन पर अमेरिका में मादक पदार्थों के प्रवाह को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, 'मैंने चीन के साथ भारी मात्रा में मादक पदार्थों खासकर फेंटानिल को अमेरिका में भेजे जाने के बारे में कई बार बातचीत की है, लेकिन कोई हल नहीं निकला।'

# अब बदल जाएगा आपका पेन कार्ड, क्यूआर कोड में होगी पूरी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कैबिनेट ने हाल ही में हुई बैठक में कई फैसले लिए। बैठक में 1,435 करोड़ रुपये की पेन 2.0 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। इसका मकसद परमानेंट अकाउंट नंबर (पेन) को सरकारी एजेंसियों की सभी डिजिटल सिस्टम के लिए कॉमन बिजनेस आइडेंटिफायर बनाना है। पेन 2.0 प्रोजेक्ट के तहत पेन कार्ड को क्यूआर कोड के साथ मुफ्त में अपग्रेड किया जाएगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पेन 2.0 प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। पेन 2.0 प्रोजेक्ट पर 1435 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस प्रोजेक्ट का मकसद बेहतर गुणवत्ता के साथ पहुंच में आसानी और सर्विस की तेज डिलीवरी है। यह प्रोजेक्ट टैक्सपेयर्स के बेहतर डिजिटल अनुभव के लिए पेन/टेन सर्विस के टेक्नोलॉजी-ड्रिवेन ट्रांसफॉर्मेशन के जरिए टैक्सपेयर्स रजिस्ट्रेशन सर्विस की बिजनेस प्रोसेस को फिर से तैयार करने के लिए लाई गई एक ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट है। बयान के मुताबिक यह मौजूदा पेन/टेन 1.0 इकोसिस्टम का एडवांस रूप होगा। देश में फिलहाल लगभग 78 करोड़ पैन जारी किए गए हैं। इनमें से 98 फीसदी पैन इंडिविजुअल लेवल पर जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि परमानेंट अकाउंट नंबर 10 अंकों का एक ऐसा नंबर होता है जिसे इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से जारी किया जाता है। सभी भारतीयों के लिए पैन कार्ड बेहद जरूरी डॉक्यूमेंट है। ये ना सिर्फ पहचान पत्र के तौर पर इस्तेमाल होते हैं बल्कि इनका उपयोग वित्तीय मामलों में भी होता है। आपको बैंक अकाउंट ओपन करना हो या कोई प्रॉपर्टी खरीदनी हो पैन कार्ड होना जरूरी होता है।

# भारतीय टेलीकॉम टावर कंपनियां अगले दो वर्षों में ग्रामीण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए निवेश करेंगी 21,000 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेलीकॉम टावर कंपनियां वित्त वर्ष 2025 और 2026 में ग्रामीण नेटवर्क के विस्तार और शहरी क्षेत्रों में सर्विस क्वालिटी सुधारने के लिए करीब 21,000 करोड़ रुपये निवेश करेंगी। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।



क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में बताया गया कि 5जी के रोलआउट के साथ-साथ बेहतर कवरेज और कनेक्टिविटी पर जोर देने से पिछले दो वित्तीय वर्षों में 23,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) हुआ है।

क्रिसिल रेटिंग्स के डायरेक्टर, आनंद कुलकर्णी ने कहा कि इंडस्ट्री ने पिछले दो वित्त वर्षों में 4जी और 5जी सेवाओं को सपोर्ट करने के लिए टावरों की संख्या जोरदार वृद्धि देखी है। अब जब 5जी सेवाओं का रोलआउट हो गया है, तो टेलीकॉम कंपनियों के नेटवर्क कैपेक्स में धीरे-धीरे कमी आने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया कि आने वाले समय में भी हम टावरों की संख्या में बढ़ोतरी देखेंगे, क्योंकि कवरेज में बढ़त पाने के लिए कंपनी टावर पोर्टफोलियो का विस्तार करेंगी।

कुलकर्णी ने आगे कहा, 'टेलीकॉम कंपनियों का ध्यान कम पहुंच वाले ग्रामीण क्षेत्रों में टावर घनत्व पर रहेगा, जहां वित्तीय वर्ष 2024 के अंत में टेली घनत्व केवल 59 प्रतिशत था, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 134 प्रतिशत था।

कुछ टेलीकॉम कंपनियों द्वारा अपने 4जी और 5जी कवरेज का विस्तार करने की योजना भी टावर कैपेक्स को बढ़ा सकती है।'

रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के वर्षों में, टेलीकॉम इंडस्ट्री में कंसोलिडेशन के कारण टावर कंपनियों के किरायेदारी अनुपात में गिरावट देखने को मिली है।

टेलीकॉम इंडस्ट्री में कंसोलिडेशन से मूल्य निर्धारण की क्षमता टेलीकॉम कंपनियों के पास चली गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि टेलीकॉम कंपनियों के साथ लॉन्ग टर्म प्राइस कॉन्ट्रैक्ट, कॉस्ट पासथ्रू क्लॉज, अंतर्निहित वार्षिक मूल्य वृद्धि और नकदी प्रवाह को देखते हुए, टावर कंपनियों की कमाई को लेकर आउटलुक स्थिर बना हुआ है।

# एस्सार समूह के सह-संस्थापक शशि रुइया का निधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छोटे से निर्माण व्यवसाय को एक बुनियादी ढांचा समूह में बदलने वाले उद्यमी शशिकांत रुइया का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे।



उन्हें प्यार से शशि रुइया बुलाया जाता था। उन्होंने अपने भाई रवि के साथ मिलकर एस्सार समूह की स्थापना की थी। रुइया अगले महीने 81 वर्ष के होने वाले थे।

रुइया का निधन मुंबई में देर रात को हुआ। वे करीब एक महीने पहले अमेरिका से इलाज करा कर लौटे थे।

रुइया परिवार ने बयान में कहा, 'अत्यंत दुःख के साथ हम रुइया एवं एस्सार परिवार के संरक्षक श्री शशिकांत रुइया के निधन की सूचना दे रहे हैं।'

शशि रुइया के परिवार में उनकी पत्नी मंजू और दो बेटे प्रशांत तथा अंशुमान हैं।

उद्योगपति शशि ने अपने पिता नंद किशोर रुइया के मार्गदर्शन में 1965 में अपनी व्यावसायिक दुनिया में कदम रखा। उन्होंने अपने भाई रवि के साथ मिलकर 1969 में चेन्नई बंदरगाह पर एक ह्यआउटर ब्रेकवाटरह्ल (लहरों, तूफान आदि से सुरक्षा के लिए तटीय क्षेत्र में निर्मित स्थायी संरचना) का निर्माण कर एस्सार की नींव रखी। इसके बाद समूह ने इस्पात, तेल शोधन, अन्वेषण तथा उत्पादन, दूरसंचार, बिजली और निर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार किया।

एस्सार ने शुरूआती वर्षों में निर्माण व इंजीनियरिंग परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया और कई पुल, बांध और बिजली संयंत्र बनाए। 1980 के दशक में एस्सार समूह तेल तथा गैस परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के साथ ऊर्जा क्षेत्र में विविधता ले आया।

रुइया बंधुओं द्वारा सह-स्थापित व्यवसायों की देखरेख करने वाला एस्सार ग्लोबल फंड लिमिटेड आज बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, धातु और खनन, प्रौद्योगिकी और सेवाओं जैसे क्षेत्रों में परिसंपत्तियों का प्रबंधन करता है।

एस्सार समूह की वेबसाइट के अनुसार, ये विभिन्न कंपनियां 14 अरब अमेरिकी डॉलर का संयुक्त राजस्व उत्पन्न करती हैं।

रुइया परिवार की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'समुदाय के उत्थान तथा परोपकार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ उन्होंने लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया और एक स्थायी असर छोड़ा। उनकी विनम्रता, गर्मजोशी और हर किसी से जुड़ने की क्षमता ने उन्हें वास्तव में एक असाधारण शख्सियत बनाया।'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रुइया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह उद्योग जगत की महान हस्ती थे। 'दूरदर्शी नेतृत्व और उत्कृष्टता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने भारत के कारोबारी परिदृश्य को बदल दिया। उनका निधन बेहद दुखद है।'

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'उन्होंने नवाचार व विकास के लिए उच्च मानक स्थापित किए। उनके पास हमेशा कई विचार होते थे.. वह हमेशा इस बात पर चर्चा करते थे कि हम अपने देश को कैसे बेहतर बना सकते हैं।'

रुइया ने राष्ट्रीय तथा उद्योग संगठनों में कई प्रमुख पदों पर काम किया। वे 'फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (फिक्की) की प्रबंध समिति के सदस्य थे। भारत-अमेरिका संयुक्त व्यापार परिषद के चेयरमैन के रूप में भी उन्होंने सेवाएं दीं। वे भारतीय राष्ट्रीय जहाज मालिक संघ (आईएनएसए) के पूर्व अध्यक्ष और प्रधानमंत्री के भारत-अमेरिका सीईओ फोरम तथा भारत-जापान व्यापार परिषद के सदस्य भी थे।

## एक नजर

### सोने की कीमत में आज बड़ी गिरावट, हजार रुपये तक हुआ सस्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू सरार्फा बाजार में सोने की कीमत में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। देश के अलग-अलग सरार्फा बाजारों में सोने की कीमत में 990 रुपये से लेकर 1,080 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,700 रुपये से लेकर 78,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये से लेकर 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। सोने की तरह आज चांदी के भाव में भी कमजोरी आई है, जिसके कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### कैंडीटॉय कॉरपोरेट ने विनिर्माण सुविधाओं के विस्तार के लिए जुटाए 110 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैंडीटॉय कॉरपोरेट (सीटीसी) ने वित्त पोषण चक्र में 110 करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया है। इंदौर स्थित कैंडी टॉय की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस 'सीरीज ए' वित्त पोषण चक्र का नेतृत्व घरेलू निवेशकों, उच्च 'नेटवर्थ' वाले लोगों (एचएनआई), एंजेल निवेशकों और संस्थागत निवेशकों के एक बड़े समूह ने किया। 'सीरीज ए' वित्त पोषण चक्र किसी स्टार्टअप द्वारा पूंजी जुटाने की प्रक्रिया के चरणों में से एक है। सीटीसी के निदेशक गौरव मीरचंदानी ने कहा, 'हम बहुत ही बेहतरीन चरण में प्रवेश कर रहे हैं। 13 प्रतिशत परिसमापन के साथ 110.5 करोड़ रुपये का यह वित्त पोषण न केवल हमारी वृद्धि को गति देगा, बल्कि अविश्वसनीय प्रतिभा में भी निवेश करेगा।' सीटीसी.. कोलगेट, प्यूमा, एमटीआर, बॉर्नविटा, येलो डायमंड्स, विस्तारा एयरलाइंस और एयरएशिया जैसी कंपनियों के लिए 'कैंडी टॉय' बनाती है। इसने रिलायंस रिटेल के साथ भी साझेदारी की है। 'कैंडी टॉय' में प्रत्येक खिलौना किसी न किसी तरह की कैंडी के साथ आता है।

### 26 रियल एस्टेट कंपनियों ने जुलाई-सितंबर में 35 हजार करोड़ की संपत्तियां बेची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की 26 प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों ने जुलाई-सितंबर की तिमाही के दौरान करीब 35 हजार करोड़ रुपए की संपत्तियां बेची हैं। इनमें गोदरेज प्रॉपर्टीज ने सबसे ज्यादा बिक्री बुकिंग की है। शेयर बाजारों से मिले आंकड़ों के मुताबिक 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने संयुक्त रूप से चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 34,985 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग की है। बिक्री बुकिंग का बड़ा हिस्सा आवासीय क्षेत्र से आया। दिल्ली-एनसीआर स्थित मैक्स एस्टेट्स ने 4,100 करोड़ रुपए की संपत्तियां बेचीं, जबकि बेंगलुरु स्थित प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने तिमाही के दौरान 4,022.6 करोड़ रुपए की बुकिंग की। दिल्ली-एनसीआर स्थित सिग्नेचर ग्लोबल ने सितंबर तिमाही में 2,780 करोड़ रुपए की बुकिंग की। बिक्री बुकिंग मामले में सबसे ऊपर गोदरेज प्रॉपर्टीज ने जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान 5,198 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग की। लोढ़ा ब्रांड के तहत संपत्तियां बेचने वाली मुंबई स्थित मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड ने समीक्षाधीन तिमाही के दौरान 4,290 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग की है। मुंबई स्थित आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट ने 1,412 करोड़ रुपए की संपत्तियां बेचीं। बेंगलुरु स्थित पुरवणकारा लिमिटेड और सोभा लिमिटेड ने क्रमशः 1,331 करोड़ रुपए और 1,178.5 करोड़ रुपए की बुकिंग की। दिल्ली स्थित टीएआरसी लिमिटेड ने भी सितंबर तिमाही में 1,012 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग की है।

### हुंदै मोटर इंडिया को महाराष्ट्र कर प्राधिकरण से पांच करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड को कथित अतिरिक्त 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' दावे के लिए महाराष्ट्र राज्य कर प्राधिकरण से ब्याज सहित पांच करोड़ रुपये से अधिक की मांग के साथ कारण बताओ नोटिस मिला है। 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' या आईटीसी वह कर है जो कोई व्यवसाय खरीद तथा बिक्री पर चुकाता है। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने सोमवार 25 नवंबर को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, उसे महाराष्ट्र राज्य कर प्राधिकरण से कारण बताओ नोटिस मिला है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 'अतिरिक्त आईटीसी का दावा' मानदंडों के अनुसार और कंपनी द्वारा भुगतान किए गए आरसीएम (रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म) कर के अनुरूप नहीं है। इसमें कहा गया, 'कारण बताओ नोटिस में उल्लिखित कुल मांग राशि में कर 2.741 करोड़ रुपये और ब्याज 2.279 करोड़ रुपये का है।' एचएमआईएल ने कहा कि वह निर्धारित समय सीमा के भीतर न्यायाधिकरण के समक्ष कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल करेगी। कंपनी ने कहा, 'इस कारण बताओ नोटिस के कारण कंपनी की वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।'

### सुरक्षा डायग्नोस्टिक ने आईपीओ के लिए 420-441 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा किया तय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एकीकृत डायग्नोस्टिक श्रृंखला सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने 846 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 420-441 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने घोषणा की कि आईपीओ 29 नवंबर को खुलेगा और तीन दिसंबर को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक 28 नवंबर को बोली लगा पाएंगे। कोलकाता मुख्यालय वाली कंपनी का आईपीओ केवल 19,189,330 शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। इसमें कोई नया निर्गम नहीं है। ओएफएस के तहत प्रवर्तक सोमनाथ चटर्जी, रितु मित्तल, सतीश कुमार वर्मा और निवेशक ऑर्बिमेड एशिया क्क्र मॉरीशस लिमिटेड, मुन्ना लाल केजरीवाल और संतोष कुमार केजरीवाल शेयर बेचेंगे।



जब से कंप्यूटर आया है, तब से बाहर जाकर खेलने की तो जैसे फुरसत ही नहीं मिलती तुम बच्चों को। पर क्या तुम जानते हो कि आउटडोर खेल तुम्हारे संपूर्ण विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। क्या खेलोगे, किसके साथ और कब...यह सब आज हम तुम्हें बता रहे हैं।

# बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं आउटडोर खेल



घर के बाहर जाकर खेलने के काफी फायदे हैं। तुम अपने दोस्तों के और करीब आते हो, टीमवर्क समझ आता है और तुम खूब बढ़ते हो। आउटडोर खेल ऐसे नहीं होते जिन्हें सर्दी-गर्मी के हिसाब से खेला जाए। तुम किसी भी खेल को कभी भी खेल सकते हो। बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट के अलावा कई पारंपरिक खेल भी खेल सकते हो।

## ट्रेजर आइलैंड

डोरेमॉन में तुमने इसका नाम सुना होगा। वहां जाकर नोबिता और उसके दोस्त मस्ती करते हैं। लेकिन हम जिस ट्रेजर आइलैंड की बात कर रहे हैं, उसे अलग-अलग जगहों पर कई तरह के नामों से जाना जाता है। इस गेम में दो टीम बनानी होती हैं। इसमें पहली टीम किसी भी चीज को खजाना बना कर छुपा देती है। फिर पहली टीम, दूसरी टीम के लिए क्लू बनाती है। उन क्लूज को फॉलो करते हुए उस खजाने तक पहुंचना होता है। इसमें तुम टाइमिंग भी शामिल कर सकते हो। जो भी टीम खजाने को ढूंढ़ने में सफल हो जाती है, वह जीती हुई मानी जाती है।

## छुपन-छुपाई

यह खेल सबसे पुराना है। तुम्हारे मम्मी-पापा ने भी इसे बचपन में जरूर खेला होगा। इसमें खूब सारे बच्चे एक साथ इकट्ठे होते हैं। एक बच्चे को डेन चुना जाता है। डेन चुनने के लिए तुम अक्कड़-बक्कड़ का सहारा ले सकते हो। फिर बाकी बचे सभी बच्चे अलग-अलग जगहों पर छुप जाते हैं और डेन उन्हें ढूंढ़ता है। जिस बच्चे को वह सबसे पहले ढूंढ़ लेता है, अगली बार उसे ही डेन बनना होता है। लेकिन एक को ढूंढ़ने से ही काम नहीं चलता। उसे सभी को ढूंढ़ना होता है। अगर कोई छुपा बच्चा पीछे से जाकर उसे धप्पा कर दे तो डेन को फिर दोबारा डेन बनना होता है।

## स्टापू

इस खेल में जमीन में चौकोर बॉक्सेज डिजाइन कर दिए जाते हैं। फिर इनमें एक से दस तक गिनती लिखी जाती है। हर बच्चा एक-एक करके दस खानों में स्टापू फेंकता है। लंगड़ी करते हुए उस पत्थर तक पहुंचना होता है और उसे पैर से खिसकाते हुए वापस लाना होता है। इस गेम से ब्रीदिंग प्रैक्टिस होती है और हमारे पैर बेहद मजबूत होते हैं।

## स्पाइंग गेम्स

ये चोर-पुलिस की तरह का गेम होता है। इसमें दो टीम होती हैं। एक टीम चोर बनती है तो दूसरी पुलिस। पुलिस वाली टीम चोर वाली टीम को खोज कर उसे कैद करती है।

## क्रिकेट

इसका जन्म इंग्लैंड में हुआ था। क्रिकेट के पहले क्लब की स्थापना 1787 में हुई थी और पहला टैस्ट मैच 1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मेलबर्न में खेला गया था। शुरुआत में क्रिकेट में टैस्ट मैच ही खेला जाता था, वनडे मैच की शुरुआत 1971 में हुई। पहला वनडे मैच भी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ही खेला गया था। तुमने आईसीसी का नाम तो जरूर सुना होगा। आईसीसी का पूरा नाम इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल है। जितने भी अंतरराष्ट्रीय मैच होते हैं, सभी की रूपरेखा आईसीसी निर्धारित करती है और वर्ल्ड कप का आयोजन करती है। अब तक क्रिकेट का वर्ल्ड कप सबसे ज्यादा पांच बार ऑस्ट्रेलिया ने जीता है, वहीं भारत दो बार विश्व विजेता बना है।

## हॉकी

हमारे देश भारत का राष्ट्रीय खेल हॉकी है। ब्लैकहीथ एबी एंड क्लब को हॉकी का पहला संगठित क्लब माना जाता है। इसकी स्थापना 1861 में हुई थी। हॉकी का पहला इंटरनेशनल मैच 1895 में वेल्स और इंग्लैंड के बीच खेला गया था और पहला वर्ल्ड कप 1971 में पाकिस्तान और स्पेन के बीच खेला गया था, जिसमें पाकिस्तान ने खिताब अपने नाम किया था। जानते हो, ओलंपिक में सबसे ज्यादा आठ बार भारत ने हॉकी का मैच जीता है।



## फुटबॉल

तुममें से काफी बच्चों को फुटबॉल खेलना पसंद होगा। जानते हो इस खेल का जन्मदाता भी इंग्लैंड ही है। भारत में अंग्रेज इस खेल को लाए और यहां के लोगों को खेलना सिखाया। फुटबॉल का पहला क्लब 1857 में स्थापित किया गया। इसका नाम शेफील्ड फुटबॉल क्लब था। फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा है। फुटबॉल का पहला वर्ल्ड कप वर्ष 1930 में उरुग्वे और अर्जेंटीना के बीच खेला गया था, जिसमें उरुग्वे विजेता घोषित किया गया।

## टेबल टेनिस

इस खेल का जन्म भी इंग्लैंड में ही हुआ था। वर्ष 1926 में इंटरनेशनल टेबल टेनिस एसोसिएशन की स्थापना हुई।



इसका पहला वर्ल्ड चैंपियनशिप मैच 1927 में खेला गया।

## वॉलीबॉल

वॉलीबॉल का जन्मदाता यूएसए है। 1895 में इसकी शुरुआत हुई। वॉलीबॉल की प्रमुख संस्था इंटरनेशनल वॉलीबॉल फेडरेशन की स्थापना 1948 में हुई और पहला वर्ल्ड कप 1949 में हुआ। तो तुम भी खेलो इसे दोस्तों के साथ।

## बास्केटबॉल

इस खेल का जन्म अमेरिका में हुआ था। 1891 में जेम्स नेस्मिथ नामक अमेरिकी ने इसे खेलना शुरू किया। पहला मैच 1930 में खेला गया। बास्केटबॉल की सर्वोच्च संस्था फेडरेशन इंटरनेशनल डे बॉस्केटबॉल एसोसिएशन 1932 में बनी।

## पिट्टू

इस खेल में भी दो टीमें होती हैं। एक टीम पत्थरों से बने पिरामिड को बॉल से तोड़ती है और फिर से उस पिरामिड को बनाने की कोशिश करती है, जबकि दूसरी टीम पिरामिड बनाने वाली टीम के सदस्य को बॉल मार कर आउट करने की कोशिश करती है।

## बैडमिंटन

ऐसा माना जाता है कि बैडमिंटन की शुरुआत भी इंग्लैंड में हुई। इसकी प्रमुख संस्था इंटरनेशनल बैडमिंटन फेडरेशन का गठन 1934 में किया गया।



## ये होंगे फायदे

आउटडोर गेम्स से हमें कई नए दोस्त मिलते हैं, जो हमारे घर के आसपास रहते हैं और जिनसे स्कूल आने-जाने, होमवर्क और इनडोर गेम्स में बिजी रहने की वजह से हम मिल नहीं पाते। इसके अलावा, बाहर निकल कर खेलने से पढ़ाई और आसपास की तमाम दूसरी चीजों के बारे में सीख सकते हो। सबसे बड़ा फायदा तो यह है कि आउटडोर गेम्स से तुम्हारा शरीर चुस्त रहेगा, भूख ज्यादा लगेगी और तुम बीमार भी नहीं पड़ोगे। इन गेम्स में कई ऐसे गेम्स भी हैं, जिनमें एक्सपर्ट होने पर तुम उस गेम की डिस्ट्रिक्ट, स्टेट और नेशनल टीम में चुने जा सकते हो, जैसे बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल। आउटडोर गेम्स से एक बेहतर कॅरियर भी मिल सकता है।





# बनी कैसे ऊन?

दोस्तों, क्या तुमने कभी यह सोचा है कि जिस ऊन का स्वेटर पहन हम सर्दी से बचते हैं, वह बनी कैसे? जरूर वो इंसान बहुत ही बुद्धिमान होगा, जिसने भेड़ को देखकर उससे ऊन बनाने के प्रयोग करने के बारे में सोचा होगा। यह माना जाता है कि बुनने के लिए ऊन का ही सर्वप्रथम उपयोग प्रारंभ हुआ। ऊनी वस्त्रों के टुकड़े मिस्त्र बैबिलोन की कब्रों, पुरातन ब्रिटेन निवासियों के झोपड़ों के साथ मिले हैं। रोमन आक्रमण से पहले भी ब्रिटेन वासी इनका उपयोग करते थे। विंचेस्टर फैक्टरी ने ऊन का तरह-तरह से इस्तेमाल करना शुरू किया। इसके बाद इसका इंग्लैंड में खूब प्रयोग किया जाने लगा। हेनरी द्वितीय ने कानून, वस्त्रहाट और बुनकारी संघ बनाकर इस उद्योग को प्रोत्साहित किया। सन् 1788 में हार्टफोर्ड (अमेरिका) में जल-शक्ति-चालित ऊन फैक्टरी आरंभ हुई। ऊन सफेद, काले और भूरे रंग में ही मिलती है। पालतू भेड़ों की ऊन सफेद रंग की होती है। रंगीन ऊन सबसे अधिक पुरानी नस्ल की उन भेड़ों से मिली है, जो कालीन बुनने लायक मोटे किस्म की ऊन पैदा करती हैं।





# नीदरलैंड में है दुनिया का पहला माइक्रोब जू

**नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में दुनिया का पहला माइक्रोब जू यानी सूक्ष्म जीव 'वाटिका' खुला है। माइक्रोपिया नामक इस जीव-जंतु वाटिका को शहर के उस जंतु पार्क 'आर्टिस' में खोला गया है जिसकी स्थापना 176 साल पहले हुई थी। यह दुनिया की सबसे पुरानी जीव-जंतु वाटिकाओं में से एक है।**

140 वर्ष पुरानी इमारत में रखा एक खूबसूरत भूरे रंग का बक्सा बैक्टीरिया, फंगस, काई तथा अन्य एक कोशिका वाले जीवों का आवास है। ये वे जीव हैं जिन्हें नंगी आंखों से देखा नहीं जा सकता परंतु धरती पर जीवन इनसे ही संभव है। वैज्ञानिकों का विश्वास है कि सूक्ष्म जीवों में से केवल 1 प्रतिशत के बारे में ही आज तक इंसान जान सका है। कई लोगों के लिए सूक्ष्म जीव नफरत व भय की भावनाएं पैदा करते हैं। दरअसल, यह डर उस चीज से है जिसके बारे में उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है और लोगों के मन से सूक्ष्म जीवों के बारे में इसी डर को दूर करना इस जीव-जंतु वाटिका का पहला मकसद है। हेग कहते हैं कि यदि हम प्रकृति को जानना चाहते हैं तो हमें सूक्ष्म जीवों को भी जानना होगा। वैज्ञानिकों के अनुसार इंसान इन सूक्ष्म जीवों से बेशक नफरत करता हो लेकिन हर इंसान का शरीर अरबों सूक्ष्म जीवों का घर होता है। केवल इंसानों की एड़ी में ही 80 प्रकार के अलग-अलग सूक्ष्म जीव पाए जाते हैं। इस बात की पुष्टि के लिए यहां आने वाला हर व्यक्ति अपने शरीर का बॉडी स्कैन करवा कर देख सकता है।

चाहें तो यहां एक अन्य दिलचस्प तरीका भी है। एक जगह फर्श पर लाल रंग का दिल बना है। जैसे ही यहां खड़े होकर कोई जोड़ा एक-दूसरे का चुम्बन लेता है, करीब लगे 'किस' मीटर की स्क्रीन पर नम्बर बढ़ते जाते हैं, जब तक कि मीटर में से संदेश न आने लगे कि 'आप दोनों ने अभी 10 लाख सूक्ष्म जीवों का आदान-प्रदान किया है।' माइक्रोपिया में दिखाया जाता है कि सूक्ष्म जीव कैसे जीते हैं, कैसे भोजन करते हैं और कैसे प्रजनन करते हैं? बैक्टीरिया इतने छोटे होते हैं कि एक सूई की नोक पर 10 लाख बैक्टीरिया आराम से समा सकते हैं। डच विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञानी इन धारणाओं पर 12 साल से अधिक वक्त से माथापच्ची कर रहे हैं।

यहां उन सूक्ष्म जीवों को प्रदर्शित किया गया है जो कृत्रिम वातावरण में भी जीवित रह सकते हैं। खतरनाक बीमारियां फैलाने वाले एड्स वायरस जैसे सूक्ष्म जीवों को केवल मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया है। सूक्ष्म जीवों को देखने के लिए यहां माइक्रोस्कोप के लैंस के साथ जोड़ा गया एक थ्री डी टैलीस्कोप है, जो नंगी आंखों से न दिखने वाले सूक्ष्म जीवों को हजार गुणा बड़ा करके दिखाता है।

# इनका रखो ध्यान



- आउटडोर गेम्स के साथ इतनी सारी अच्छी बातें जुड़ी हैं, लेकिन फिर भी कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इन बातों का ख्याल रखने पर ही आउटडोर गेम्स खेल कर भी तुम पढ़ाई को और परिवार को पूरा टाइम दे सकते हो।
- सबसे पहले तो खेलने के लिए ऐसी जगह चुनो, जो घर के आसपास हो, यानी जहां से घर वाले तुम्हें आवाज देकर बुला सकें। अगर आसपास खेलने की जगह नहीं है तो अपने पड़ोस के दोस्तों के साथ करीब की किसी जगह पर खेलने जा सकते हो, लेकिन रोज नहीं। और इस जगह के बारे में घर वालों को पता भी होना चाहिए।
- ऐसे दोस्तों के साथ खेलना शुरू करो, जिन्हें तुम पहचानते हो या जो तुम्हारे ही जैसे हों। बाहर खेलने का यह मतलब नहीं है कि तुम इनडोर गेम्स को पूरी तरह गुडबाय कह दो, क्योंकि एक तो इनसे भी तुम्हें काफी कुछ सीखने को मिलता है, दूसरे आउटडोर गेम्स रोज नहीं खेले जा सकते।
- ज्यादातर ऐसे गेम्स के लिए टीम की जरूरत पडम्ती है और कभी-कभी दोस्तों का बाहर आकर खेलने का मन नहीं होता। अगर इन सारी बातों का ध्यान रखोगे तो तुम्हें आडटडोर गेम्स के बहाने एक नई दुनिया देखने को मिलेगी। नए दोस्त बनेंगे, फिजिकल फिटनेस रहेगी और कई सारी नई बातें भी सीख सकोगे। तो फिर देर किस बात की है, तुम अपने आसपास के दोस्तों के साथ मिल कर गेम प्लान करो और खेलने के लिए तैयार हो जाओ।



## गौतम गंभीर 'निजी आपात स्थिति के कारण स्वदेश लौटे

**पर्थ, एजेंसी।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 'निजी आपात स्थिति के कारण स्वदेश अपने परिवार के पास लौट आए हैं और छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाले गुलाबी गेंद के टेस्ट से पहले उनके टीम से जुड़ने की संभावना नहीं है। गंभीर कैनबरा में 30 नवंबर से होने वाले दो दिवसीय दिन रात के अभ्यास मैच में भी नहीं होंगे।

बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया, 'वह मंगलवार की सुबह भारत के लिए रवाना हो गए। यह एक निजी इमरजेंसी थी। वह एडीलेड में दूसरे टेस्ट से पूर्व लौट आएंगे। भारतीय टीम 27 नवंबर को कैनबरा रवाना होगा जहां पूरी टीम ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस द्वारा उनके सम्मान में दिये जाने वाले समारोह में भाग लेगी। दो दिवसीय मैच दिन रात के दूसरे टेस्ट की तैयारी के लिए काफी अहम है। इसके लिये गुलाबी कूकाबूरा गेंद का इस्तेमाल होगा।

प्रधानमंत्री एकादश की कप्तानी हरफनमौला जैक एडवडर्स करेंगे। टीम में कई युवा खिलाड़ियों के साथ स्कॉट बोलैंड और मैथ्यू रेनशॉ जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी हैं। मैच के नियम दोनों टीमें तय करेंगे और ऐसी उम्मीद है कि सभी को बल्लेबाजी और गेंदबाजी का मौका मिलेगा क्योकि इस मैच को आधिकारिक दर्जा हासिल नहीं है।

## सूर्यवंशी को निखरने के लिए राजस्थान रॉयल्स में अच्छा माहौल मिलेगा: राहुल द्रविड़



**जेद्दा, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में उनकी टीम 13 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी को निखरने के लिए अच्छा माहौल दे सकती है। बिहार के समस्तीपुर जिले के आठवीं कक्षा के छात्र सूर्यवंशी को रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा और वह आईपीएल करार पाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने।

द्रविड़ ने आईपीएल द्वारा जारी वीडियो में कहा, 'मुझे लगता है कि उसमें अच्छा कौशल है और हमें लगा कि उसके विकास के लिए हम अच्छा माहौल दे सकते हैं। वह हमारे ट्रायल के लिए आया था और उसे देखकर हमें बहुत खुशी हुई। नीलामी में सूर्यवंशी का बेसप्राइज 30 लाख रुपए था और दिल्ली कैपिटल्स ने पहली बोली लगाई। राजस्थान ने दिल्ली को पछाड़कर इस खिलाड़ी को खरीदा।

सूर्यवंशी ने हाल ही में चेन्नई में आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के खिलाफ भारत अंडर 19 टीम के लिये युवा टेस्ट में शतक जमाया था और वह यह श्रेय हासिल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। सूर्यवंशी ने उस मैच में 62 गेंद में 104 रन बनाए थे। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शनिवार को बिहार के लिए टी20 क्रिकेट में पदार्पण करके छह गेंद में 13 रन बनाए। जूनियर सर्किट पर चर्चा में रहे सूर्यवंशी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कोई बड़ी पारी नहीं खेली है। उन्होंने पांच मैचों में 10 की औसत से रन बनाए हैं। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले सूर्यवंशी ने मुंबई के खिलाफ 2023-24 रणजी ट्रॉफी सत्र में पदार्पण किया जब आधिकारिक रिकॉर्ड में उनकी उम्र 12 वर्ष 284 दिन थी जिससे वह टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने 12 वर्ष की उम्र में बिहार के लिये वीनू मांकड़ ट्रॉफी खेलकर पांच मैचों में 400 के करीब रन बनाये थे।

डेविस कपः

# सिनर ने इटली को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया



### ➲ फाइनल में नीदरलैंड को 2-0 से हराया

**मलागा (स्पेन), एजेंसी।** शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व नंबर एक यानिक सिनर की बदौलत इटली ने नीदरलैंड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी बार डेविस कप जीत लिया। इटली लगभग 25 वर्ष तक डेविस कप खिताब से दूर रहा, लेकिन सिनर के आते ही उसे लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल हुआ है। सिनर ने टैलन ग्रीकस्पोर को सीधे सेटों में 7-6 (2), 6-2 से हराकर इटली को विजेता बनाया।

#### बेरेटिनी ने जीता पहला एकल

इससे पहले मैटियो बेरेटिनी ने राफेल नडाल को उनके अंतिम मुकाबले में हराने वाले बोटिक वान डि जेंडशुल्प को 6-4, 6-2 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। सिनर ने जीत के बाद कहा, गत विजेता होकर एक बार फिर चैंपियन बनना, हमारे लिए इससे अच्छी भावना और कोई नहीं हो सकती है। पलासियो डि डिपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कारपेना में बैठे 9 हजार दो सौ दर्शकों में इटली को जबरदस्त समर्थन मिला। इटली के समर्थकों ने मेगा फोन और ड्रमों की थाप पर अपनी टीम का हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। चेक गणराज्य की ओर से 2012 और 2013 में लगातार दो बार डेविस कप का खिताब जीतने के बाद इटली दो बार चैंपियन बनने वाली पहली टीम है।

#### पूरी टीम ने मनाया जश्न

बीते बुधवार को इटली की महिला टीम ने स्लोवाकिया को हराकर बिली जीन किंग कप का खिताब जीता था। इटली टीम के कप्तान फिलिपो वोलांद्री ने कहा- पुरुष टीम ने जीत के साथ हमें और ज्यादा गौरवान्वित किया है। सिनर का यहां डेविस कप में रिकॉर्ड 4-0 रहा। इसमें बेरेटिनी के साथ युगल में अर्जेंटीना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हासिल की गई जीत भी शामिल है। सिनर के जीतते ही बेरेटिनी और पूरी टीम कोर्ट पर आ गई और एक दूसरे गले में हाथ डालकर जश्न मनाने लगी। वोलांद्री ने सिनर को उठाकर हवा में लहरा दिया। सिनर ने ग्रीकस्पोर के खिलाफ 15 एस लगाए। एक सप्ताह पूर्व एटीपी फाइनल्स का खिताब जीतने वाले सिनर पिछले 14 मैचों और 26 सेट से नहीं हारे हैं। इस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई और यूएस ओपन का खिताब भी जीता है।

## आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने वैभव सूर्यवंशी



### उम्र धोखाधड़ी के आरोपों के बाद पिता का आया बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) हमेशा से ही ऐसा मंच रहा है, जहां प्रतिभाओं को अवसर मिलते हैं। अब बिहार के 13 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित मेगा नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में चुना। सूर्यवंशी अब कैश-रिच लीग के इतिहास में साइन किए जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी (13 वर्ष, 243 दिन) हैं। इसके बाद उनके उम्र धोखाड़ी संबंधी खबरें फैल रही हैं। इस पर सूर्यवंशी के पिता संजीव सूर्यवंशी का बयान सामने आया है।

संजीव ने कहा, जब वह साढ़े आठ साल का था, तब उसने पहली बार बीसीसीआई के बोन टेस्ट के लिए आवेदन किया था। वह पहले ही भारत अंडर-19 खेल चुका है। हमें किसी से डर नहीं है। वह फिर से आयु परीक्षण से गुजर सकता है। समस्तीपुर के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी ने इस साल की शुरुआत में मुंबई के खिलाफ अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण के बाद से अब तक पांच रणजी ट्रॉफी खेलों में भाग लिया है। उन्होंने हाल ही में 23 नवंबर को राजस्थान के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू भी किया था। इससे पहले वैभव सूर्यवंशी ने भी ट्रायल में भाग लिया था और युवा खिलाड़ी के पिता ने खुलासा किया कि राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने उन्हें एक ओवर में 17 रन बनाने की स्थिति दी थी। संजीव ने कहा, राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें नागपुर में ट्रायल के लिए बुलाया था। विक्रम राठौर सर (बल्लेबाजी कोच) ने मैच की स्थिति बताई, जिसमें उन्हें एक ओवर में 17 रन बनाने थे। बिटुवा ने 3 चक्के मारे। ट्रायल में उन्होंने आठ छक्के और चार चौके मारे। वह सिर्फ क्रिकेट खेलना चाहता है और कुछ नहीं। कुछ साल पहले उसे डोरेमोन बहुत पसंद था, लेकिन अब नहीं। संजीव ने कहा, वो अब सिर्फ हमारा बिटुवा नहीं, पूरा बिहार का बिटुवा है। मेरे बेटे ने कड़ी मेहनत की है। 8 साल की उम्र में उसने अंडर-16 डिस्ट्रिक्ट ट्रायल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं उसे क्रिकेट कोचिंग के लिए समस्तीपुर ले जाता था और फिर वापस भी ले आता था। सिर्फ निवेश ही नहीं, यह बहुत बड़ा निवेश है। आपको क्या बताया हमने तो अपनी जमीन तक बेच दिया। अभी भी हालात पूरी तरह सुधरे नहीं। वैभव सूर्यवंशी इस समय अंडर-19 एशिया कप के लिए दुबई में हैं। भारत अपना पहला मैच 30 नवंबर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड पर पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

## एडीलेड टेस्ट के लिए टीम में बदलाव नहीं करेगा ऑस्ट्रेलिया: मैकडोनाल्ड



**पर्थ, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया के कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि पहले टेस्ट में भारत के हाथों 295 रन से हारने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा हालांकि हरमनमौला मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर चिंताएं हैं। मैकडोनाल्ड ने बताया कि उनकी टीम छह दिसंबर से शुरू हो रहे दिन रात के टेस्ट के लिये पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से पहले ही एडीलेड पहुंचेंगी ताकि अतिरिक्त अभ्यास कर सके। उन्होंने कहा, 'पर्थ टेस्ट के लिए जो लोग चेंज रूम में थे, वही एडीलेड में भी होंगे। बदलाव करने पर हमेशा विचार होता है लेकिन हालात के अनुसार टीम चुनी जाती है। सितंबर में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के बाद से फिटनेस समस्या से जूझ रहे मार्श ने पहले टेस्ट में सिर्फ 17 ओवर डाले और तीन विकेट लिए। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि पहले टेस्ट में उसका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। हमें उसकी फिटनेस पर नजर रखनी होगी।

पिछली दस टेस्ट पारियों में 13.66 की औसत से ही रन बना सके मार्नस लाबुशेन का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों के करियर के उतार-चढ़ाव पर लगातार बात होती रहती है। खराब दौर आते हैं लेकिन वह जल्दी ही फॉर्म में लौटेगा। हमें उसकी क्षमता पर यकीन है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसकी हमें जरूरत है। मैकडोनाल्ड ने करारी हार के बावजूद टीम के मजबूत मनोबल की बात की। उन्होंने कहा, 'हमें इस हार की जिम्मेदारी लेनी होगी। हम कोचों को भी। इस हार के बावजूद टीम का मनोबल ऊंचा है। हमारी रणनीति सही थी लेकिन उस पर अमल नहीं हो सका।

## जिद से हासिल किया मुकाम तपकर निखरी चांदनी अंडर-19 टीम में बिखेरेंगी जलवा, पिता चलाते हैं नाई की दुकान



**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ के बंगलाबाजार में एक छोटा सा सैलून चलाने वाले रामकुमार शर्मा की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। उनकी बेटी चांदनी भारत की अंडर-19 ए टीम के लिए चयनित हुई है। इस खुशी का इजहार करते हुए रामकुमार की आंखों में कुछ घटनाएं बिजली सी कौंध जाती हैं। वह मुस्कुराते हुए कहते हैं, एक दिन वो था जब मैंने बेटी को क्रिकेट खेलने से मना किया था।

चांदनी को शुरू से क्रिकेट पसंद था। हाईस्कूल का आखिरी पेपर देने के बाद तो वह क्रिकेट में दाखिला दिलाने के लिए लड़ गई थी। खाना खाने से इन्कार कर दिया था। हमारे आश्वासन के बाद उसने खाना खाया। अगले दिन नॉर्दर्न रेलवे स्टेडियम में ट्रेनिंग शुरू कर दी।

**भाई ने दिलाई खेलने की परमिशन:** बातचीत में चांदनी ने कहा कि मुझे आज भी याद है जब पापा मेरे क्रिकेट खेलने के खिलाफ थे, तब बड़े भाई ने पापा से बात करके मुझे खेलने की परमिशन दिलाई।

शुरुआत गली क्रिकेट में लड़कों के साथ खेलकर की। बाद में मेरा चयन नॉर्दर्न रेलवे स्टेडियम में हो गया।

यहां प्रियंका शैली मैम के निर्देशन में खेलना शुरू किया। यजुवेंद्र चहल को अपना पसंदीदा खिलाड़ी बातते हुए चांदनी कहती हैं कि चहल की बात ही निराली है। उनको गेंदबाजी करते देखकर काफी कुछ सीखने को मिला।

**क्रिकेट के प्रति प्यार चांदनी को बहुत आगे ले जाएगा: प्रियंका शैली:** बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली चांदनी बेहतर प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। स्थानीय क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन प्रदेश की अंडर-19 क्रिकेट टीम में हो गया। पुणे में 3 से 10 दिसंबर तक होने वाली त्रिकोणीय प्रतियोगिता में इंडिया ए और इंडिया बी के अलावा दक्षिण अफ्रीका की टीम भाग लेगी।

अगर चांदनी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहती है, तो उसका चयन अगले साल श्रीलंका में जनवरी माह में होने वाले अंडर-19 विश्वकप के लिए हो सकता है।

चेसः

## विश्व चैम्पियनशिप शतरंज में डिंग लिरेन ने गुकेश को पहले मुकाबले में हराया



**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को बाजी के बीच में गैर जरूरी ढंग से जटिल बनाना भारी पड़ा जिससे चीन के मौजूदा चैम्पियन डिंग लिरेन ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप के पहले मुकाबले में सोमवार को उन्हें हरा दिया। विश्व चैम्पियन के सबसे युवा चैलेंजर 18 वर्ष के गुकेश ने शुरूआत में ही राजा के आगे वाले प्यादे को दो घर चलकर गलती कर दी। इस तरह की चाल आक्रामक तेवर जताती है और लिरेन ने इसका जवाब 'फ्रेंच डिफेंस' से दिया। गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो विश्वनाथन आनंद ने 2001 में स्पेन के एलेक्सी शिरोव के खिलाफ पहला विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने के समय अपनाई थी। गुकेश को 12वीं चाल तक आधे घंटे का फायदा था लेकिन आठ चाल बाद लिरेन को अतिरक्त मिनट मिले जिससे साबित हो गया कि शुरूआत की अपनी दिक्कत से वह उबर चुके हैं।

## जूनियर एशिया कप: श्रीजेश की अगुवाई में भारतीय हॉकी टीम थाईलैंड के खिलाफ आगाज करने के लिए तैयार



**मस्कट (ओमान), एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को जूनियर एशिया कप 2024 में थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने से एक दिन से भी कम समय बचा है। महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत को कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल ए में रखा गया है, जो 4 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस बार टूर्नामेंट में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जबकि, पूल बी में पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन की टीमें हैं। भारत ने 2023, 2015, 2008 और 2004 सहित रिकॉर्ड चार बार यह टूर्नामेंट जीता है। पिछले साल फाइनल में उन्होंने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर खिताब जीता था। पिछले साल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी आमिर अली और रोहित अब क्रमशः कप्तान और उप कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे। थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान के शुरूआती मैच के बाद भारत 28 नवंबर को जापान के खिलाफ मैच खेलेगा। इसके बाद, 30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ मुकाबला होगा। कोरिया के खिलाफ भारत का अंतिम ग्रुप चरण मैच 1 दिसंबर को होगा।

## आईपीएल मेगा ऑक्शन

# गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम कंप्लीट

### सिर्फ 21 प्लेयर ही चुने

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल मेगा नीलामी में सिर्फ 21 प्लेयर ही चुने हैं। वह अन्य प्लेयरों पर इसलिए नहीं जा सकी क्योंकि उनके पास 5 लाख ही बचे थे जबकि एक प्लेयर को खरीदने का मिनिमम बेस प्राइस 30 लाख रुपए था।

कोलकाता टीम में क्विंटन डिकॉक की सरप्राइस एंट्री हुई है जबकि वेंकटेश अय्यर को भी रिकॉर्ड 23.75 करोड़ की कीमत मिली है। कोलकाता का तेज गेंदबाजी खेमा खासहोगा। इसमें हर्षित राणा के अलावा उमरान मलिक, एनरिक नोटर्जे और स्पेंसर जॉनसन होंगे। उमरान और एनरिक दोनों 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर लेते हैं। आंकड़े: कोलकाता ने 13 भारतीय तो 8 विदेशी प्लेयरों पर दांव लगाया है। उनके पास अब सिर्फ 5 ही लाख रुपए बचे हैं। ऑक्शन के दौरान उन्होंने 50.95 करोड़ रुपए लगा दिए।

**बल्लेबाज**

रिंकू सिंह: 13 करोड़ में रिटेन हुए थे। मध्यक्रम के शानदार बल्लेबाज। टीम को कई जीत दिला चुके

**अंगकृष रघुवंशी:** युवा बल्लेबाज अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप में चमके। 3 करोड़ की बोली मिली।

**अजिंक्य रहाणे:** अनुभवी बल्लेबाज। ढेरों रन बना चुके। डेढ़ करोड़ की बोली लगी।

**मनीष पांडे:** अनुभवी बल्लेबाज, मध्यक्रम में अच्छे हिटर हैं। 75 लाख की बोली लगी।

**विकेटकीपर**

लवनीथ सिसोदिया: रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन रहा। 30 लाख की बोली लगी।

**क्विंटन डिकॉक:** लखनऊ से केकेआर में आए डिकॉक। सलामी बल्लेबाज। विस्फोटक पारियां खेलते हैं। 3.60 करोड़ की कीमत मिली।

**रहमानउल्लाह गुरबाज:** अफगानिस्तान के बल्लेबाज को दो करोड़ मिले। टीम को अच्छी शुरूआत देते हैं।

ऑलराऊंडर

**सुनील नरेन:** टीम के सबसे अनुभवी प्लेयर 12 करोड़ में रिटेन हुए थे। गेंद के साथ बल्ले से भी धमाल मचाते हैं।

**आंद्रे रसेल:** पर्याप्त अनुभव। विस्फोटक बल्लेबाज। समय मिलने पर विकेट भी निकालकर देते हैं। 12 करोड़ में रिटेन हुए।

**रमनदीप सिंह:** युवा ऑलराऊंडर को 4 करोड़ में रिटेन किया गया। बल्ले से मध्यक्रम में रन बनाते हैं।

**अंकुल रॉय:** अंडर 19 विश्व कप के सितारे पर 40 लाखकी बोली लगी।

रोवमैन पॉवेल: विंडीज टीम के कप्तान पॉवेल टी20 क्रिकेट में शानदार लय में दिखते हैं। डेढ़ करोड़ की बोली लगी।

**वेंकटेश अय्यर:** आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे महंगे प्लेयर। 23.75 करोड़ की बोली लगी। पिछले साल केकेआर की खिताबी जीत में अर्धशतक लगाया था।

**मोईन अली:** इंग्लैंड के ऑलराऊंडर को 2 करोड़ की बोली मिली है।

वरुण चक्रवर्ती:12 करोड़ में केकेआर ने वरुण को रिटेन किया था। पिछले सीजन में अपने गेंदों से कई बल्लेबाजों को छकाया था।

**हर्षित राणा:** युवा गेंदबाज। इस समय ऑस्ट्रेलिया में है। तेज गेंदबाजी से प्रभावित कर रहे। 4 करोड़ में रिटेन हुए हैं।

वैभव अरोड़ा: युवा गेंदबाज पर 1.80 करोड़ की बोली लगी है।

मयंक मार्कंडेय: स्पिनर को 30 लाख की बोली मिली है।

**उमरान मलिक:** कश्मीर के तेज गेंदबाज से हैदराबाद अलग हुई तो केकेआर ने 75 लाख में लपका।

**एनिरक नोर्टजे:** दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज टी 20 क्रिकेट के नामी क्रिकेटर, 6.50 करोड़ रुपए की बोली मिली।

**स्पेंसर जॉनसन:** ऑस्ट्रेलिया के स्पेंसर बिग बैश लीग के अच्छे गेंदबाज। 2.80 करोड़ की बोली मिली।



# मनोज बाजपेयी ने बताया डिस्पैच की शूटिंग के दौरान क्या थी चुनौती

गोवा में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 की शुरुआत हुई, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी भी नजर आए। अभिनेता ने अभिनय और फिल्म उद्योग के वर्तमान मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इसके अलावा, उनकी आगामी फिल्म डिस्पैच का प्रीमियर भी इस महोत्सव में हुआ। फिल्म के बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने उन क्षेत्रों के बारे में बताया, जिन्हें वह बतौर अभिनेता तलाशना चाहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग के दौरान घायल होने का भी जिक्र किया।

## शूटिंग के दौरान मनोज बाजपेयी का घुटना हो गया था चोटिल

एक इंटरव्यू के दौरान मनोज बाजपेयी ने कहा, यह फिल्म एक पत्रकार की अंदरूनी और बाहरी दोनों दुनिया की खोज करती है। इन दोनों दुनियाओं में नेविगेट करने की कोशिश में, मेरे पैर कभी-कभी इधर-उधर हो जाते थे और इन सब में, मेरा घुटना घायल हो गया। यह अभी भी ठीक हो रहा है। बतात चलें कि फिल्म में मनोज बाजपेयी एक खोजी पत्रकार की भूमिका में हैं, जो एक बड़े वित्तीय घोटाले को उजागर करने के लिए घंटों काम कर रहे हैं।

## फिल्म की कहानी को बताया अनोखी

अभिनेता ने आगे कहा, यह एक बहुत ही अनोखी और वास्तविक स्क्रिप्ट थी। यह फिल्म एक अभिनेता के रूप में मेरे विकास के लिए काफी मददगार रही। डिस्पैच का निर्देशन कनु बहल ने किया है। इसके अलावा् उन्होंने इसे इशानी बनर्जी के साथ मिलकर लिखा भी है। इसे आरएसवीपी मूवीज के बैनर तले रोनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में शाहाना गोसेमी और अर्चिता अग्रवाल भी नजर आने वाले हैं। फिल्म को बनाने के दौरान आने वाली चुनौती पर बाजपेयी ने कहा, जिस तरह से उन्होंने और इशानी ने स्क्रिप्ट लिखी थी, उसमें कोई भी लोकेशन दोहराई नहीं जा रही थी। यह एक अलग तरह की प्रोडक्शन चुनौती थी। हम सभी कोविड की डेल्टा लहर के दौरान संक्रमित हो गए थे, फिर हम शूटिंग शुरू करने के लिए वापस आ गए।

हाल में ही रिलीज हुआ है डिस्पैच का टीजर

डिस्पैच का टीजर हाल ही में रिलीज किया गया था। इसकी शुरुआत जॉय (मनोज बाजपेयी) के फ्लैट में खिड़की के शीशे टूटने से होती है। वह एक कोने में भागता है, तभी उसे पता चलता है कि उसकी खिड़कियों पर बड़े-बड़े पत्थर फेंके जा रहे हैं। कुछ क्षण बाद, एक निजी नंबर से कॉल आती है, जिसमें उसे जांच बंद करने का निर्देश दिया जाता है। धमकी से विचलित हुए बिना, जॉय सच्चाई और सही कहानी की तलाश में दृढ़ रहता है।



# मुझे स्ट्रॉन्ग रोल्स निभाने में काफी मजा आता है

**अनीता हसनंदानी ने हाल ही में अपने शो सुमन इंदौरी में अपने किरदार देविका के बारे में बात की। उन्होंने मां बनने के बाद काम पर लौटने और मॉम गिल्ट के बारे में भी अपनी राय शेयर की....**

## डेली सोप पर वापसी करना आपके लिए कितना चैलेंजिंग रहा

आरव को घर छोड़ना मेरे लिए एक मां के तौर पर काफी मुश्किल रहा है, लेकिन धीरे-धीरे इसके साथ एडजस्ट कर रही हूं। काम पर लौटने की खुशी है, क्योंकि मुझे शूटिंग बहुत पसंद है और इसे काफी मिस कर रही थी। पर उसी खुशी के साथ मॉम गिल्ट भी है। मुझे लगता है कि पैरेंट्स के तौर पर हमें अपनी जरूरतों और पैशन का भी ध्यान रखना चाहिए, ताकि हम अपनी लाइफ को बैलेंस कर सकें। रोहित भी मेरे काम के दौरान आरव के साथ पूरा समय बिताने की कोशिश करते हैं, ताकि उसे हमारी कमी महसूस न हो।

## कई नई मदर्स को मॉम गिल्ट महसूस होता है, आपका एक्सपीरियंस कैसा रहा

में हमेशा से एक करियर बुमन रही हूं. 16 साल की उम्र से काम कर रही हूं लेकिन अब जब आरव आया है, तो अक्सर दिमाग में कन्फ्लिक्ट्स होते हैं। कई बार लगता है बस सब कुछ छोड़कर सिर्फ आरव के साथ रहूं और कभी लगता है कि मैं क्या कर रही हूं। इसलिए में बस फ्लो के साथ चलती हूं। मेरे लिए इंडस्ट्री में अच्छा ये है कि मेरे पास ये ऑप्शन है कि मैं काम को चुन सकती हूं। सो, में सोच-समझकर डिसाइड करती हूं।। लेकिन हां, मॉम गिल्ट सच में होता है।

## अपने किरदार को निभाते हुए कितना एन्जॉय कर रही हैं

बहुत ही एक्साइटिंग और मसालेदार अनुभव है। देविका के किरदार में करने के लिए बहुत कुछ है, इतना कि मैंने कभी सोचा नहीं था कि किसी किरदार के लिए में खुद क्रिएटर को फोन करके कहेंगी इतने लेयर्स हैं कि में कन्फ्यूज हो रही हूं। इस किरदार में बहुत गहराई है, बहुत कुछ करने का मौका मिल रहा है। एक एक्टर के तौर पर में इसे पूरी तरह एन्जॉय कर रही हूं। इस किरदार के लिए मैंने इंदौर की महिलाओं को दिनचयों और भावनाओं को गहराई से समझा। खासकर बड़ी-बुजुर्ग महिलाओं का प्यार और रुतबा, जो मां की आंखों में छिपी बातों और इशारों से समझा जा सकता है।

## शुरुआत में आप और आपकी टीम ने इंदौर में शूटिंग की। वहां का अनुभव कैसा रहा

इंदौर में शूटिंग करना एक बेहद शानदार अनुभव था। शहर को एनर्जी कमाल की है, और मजा इस बात का था कि शो में इसे कैप्चर करने का मौका मिला। हम लोग वहां की लीकल संस्कृति में पूरी तरह घुल-मिल गए, छप्पन दुकान और सराफा बाजार में जाकर बहुत ही मजेदार स्ट्रीट फूड का लुत्फ उठाया। कुछ सीन हमने एक लोकल स्कूल में शूट किए और उस माहौल ने हमारे अपने स्कूल के दिनों की यादें ताजा कर दी। इंदौर के लोगों की गर्मजोशी और शहर का चार्म शूटिंग का एक खास अनुभव बना गया।

# टेलीविजन ने समाज को प्रभावित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है

विश्व टेलीविजन दिवस के अवसर पर देवांगना चौहान, जो ड्राइव विद नैनो (सीजन 3) जैसे शो का हिस्सा रही हैं, जिसकी विजेता हैं, और धड़कन जिंदगी की, सपनों की छलांग, और सावी की सवारी, जैसे कुछ शो का नाम लें, ने कहा, मुझे लगता है कि टेलीविजन ने समाज को प्रभावित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मुझे वह समय याद है जब सास-बहू ड्रामा और समाज पर इसके प्रभाव का खुलासा हुआ था। उन्होंने बताया कि जब वह छोटी थीं, तो जब वे दुकानों पर जाती थीं, तो वे सामान बेचते थे, और कहती थीं कि यह दीया और बाती हम या तुलसी सारे जैसा ही था। उन्होंने कहा, अब चीजें बहुत बदल गई हैं, लेकिन लोग टीवी और टीवी शो से बहुत प्रभावित हुए हैं, चाहे वह लुक हो, किरदार हो या जश्न हो। उन्होंने बताया कि टेलीविजन बहुत ही भरोसेमंद है और उनका मानना है कि लोग स्क्रीन पर दिखने वाले किरदारों से प्रभावित होने लगते हैं।

उन्होंने कहा, हर व्यक्ति जो टेलीविजन देख रहा है, वह धीरे-धीरे खुद में किरदार देखना शुरू कर देता है और घर में बैठकर किरदार और दर्शक जुड़ने लगते हैं। यह सिर्फ धारावाहिकों के बारे में नहीं है, बल्कि समाचार, संगीत और फिल्मों के बारे में भी है जो हमें देखने को मिलते हैं। टेलीविजन अधिक यथार्थवादी हो गया है, और यहां तक कि दर्शक भी अधिक यथार्थवादी हो गए हैं। टीवी अभी मुक्ति के चरण में है। मुझे नहीं लगता कि ओटीटी की तुलना टीवी से करने की जरूरत है, क्योंकि दोनों का अपना आकर्षण है। 90 के दशक की बच्ची देवांगना दूरदर्शन पर सुरभि और चित्रहार देखकर बड़ी हुई हैं।



# रूल ब्रेकर्स में फीबी वालर ब्रिज के साथ काम करेंगे अली फजल

अली फजल बॉलीवुड के साथ हॉलीवुड में भी एक्टिव हैं। उन्हें वहां की बड़ी फिल्म फ्रेंचाइज में काम मिलता रहा है। अली ने हाल ही में आगामी फिल्म रूल ब्रेकर्स में एक्ट्रेस फीबी वालर ब्रिज के साथ काम करने की घोषणा की। एंजेल स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह प्रोजेक्ट अली के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय करियर में एक और मील का पत्थर है। दो बार के ऑस्कर विजेता बिल मुटेंटैग द्वारा निर्देशित रूल बेकर्स अफगानिस्तान में लचीलेपन और अवज्ञा के विषयों की पड़ताल करती है। इस फिल्म में अली की भागीदारी एक एक्टर के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और विभिन्न शैलियों में विविध भूमिकाएं निभाने की उनकी क्षमता को दर्शाती है। अली ने कहा... मैं रूल ब्रेकर्स का हिस्सा बनकर और फीबी वालर ब्रिज जैसी प्रतिभाशाली एक्ट्रेस के साथ स्क्रीन शेयर करके रोमांचित है। यह प्रोजेकट मेरे साथ गहराई से जुड़ता है और मेरा मानना है कि ऐसी कहानियां बताना महत्वपूर्ण है जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में व्यक्तियों की ताकत और लचीलेपन को उजागर करती हैं। में इस कथा को जीवंत करने और विश्व स्तर पर दर्शकों तक पहुंचने के लिए उत्सुक हूं। फीबी के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए अली ने आगे कहा... में एक फिल्म का सपोर्ट करने में सक्षम होने के लिए इतना रोमांचित हूं कि यही कहूंगा कि हर माता-पिता को अपनी बेटी को सिनेमाघरों में ऐसी फिल्म देखने के लिए ले जाना चाहिए और कहानी इतनी प्रेरणादायक होने के कारण यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी कि फीबी ने भी इसमें कदम रखा। बेशक वह टैलेंट का पावरहाउस है इसलिए मुझे यकीन है कि उनके जुड़ने से फिल्म नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है। हम लड़कियों के लिए अफगानी रोबोटिक्स टीम के साथ रोया महबूब की लाइफ और उनको जर्नी के विभिन्न फेज में अहम भूमिका निभाते हैं।






# अग्निशामकों के साहस को श्रद्धांजलि देती है प्रतीक गांधी, दिव्येंदु की फिल्म अग्नि

राहुल ढोलकिया की आगामी फिल्म अग्नि का ट्रेलर 21 नवंबर को जारी किया गया। यह फिल्म अग्निशमन कर्मियों की बहादुरी और बलिदान का जश्न मनाएगी। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता राहुल ढोलकिया द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म में प्रतीक गांधी और दिव्येंदु मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि सैयामी खेर, साईं ताम्हणकर, जितेंद्र जोशी, उदित अरोड़ा और कबीर शाह भी इसमें सहायक भूमिका में हैं। दो मिनट 42 सेकंड के ट्रेलर में विट्ठल (प्रतीक गांधी) और उसके बहनोई समित (दिव्येन्दु), जो एक तेजतर्रार पुलिस अधिकारी है, शहर में लगी आग के पीछे के रहस्य को उजागर करने के लिए एक साथ मिलकर काम करते हैं। जैसे-जैसे वे अपने मतभेदों और समय के खिलाफ दौड़ से जूझते हैं, उन्हें मामले को सुलझाने और मुंबई को आसन्न आपदा से बचाने के लिए व्यक्तिगत संघर्षों को सुलझाना होगा।

निर्देशक राहुल ढोलकिया ने कहा, अग्नि के साथ, मैं एक ऐसी कहानी लाने के लिए रोमांचित हूं जो अग्निशामकों की बहादुरी का जश्न मनाती है और उनकी भावनात्मक यात्राओं की खोज करती है। अग्निशामक असल जिंदगी के नायक हैं, जो अनगिनत जोखिमों और चुनौतियों का सामना करते हैं। यह फिल्म उनके बलिदान, निष्ठा और लचीलेपन को श्रद्धांजलि है। अभिनेता प्रतीक गांधी ने इस परियोजना को परिवर्तनकारी बताया और कहा, अग्नि सिर्फ़ एक फ़िल्म नहीं है; यह अग्निशामकों के साहस को श्रद्धांजलि है – हमारे समाज के गुमनाम नायक। उनकी चुनौतियों को समझना सम्मान की बात है, और मैं दर्शकों को मानवीय लचीलेपन की इस कहानी का अनुभव कराने के लिए उत्सुक हूँ। सह-कलाकार दिव्येंदु ने इस भूमिका को अपने करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। अग्निशमन कर्मियों की गहन दुनिया में डूबे एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाना बहुत सार्थक था। अग्नि ने मुझे अपने शिल्प की कच्ची और भावनात्मक गहराई का पता लगाने में सक्षम बनाया, और मुझे विश्वास है कि यह दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आएगा, द रेलवे मेन अभिनेता ने कहा। फिल्म का प्रीमियर 6 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर होगा।



# साउथ सिनेमा में विलेन के रोल में नजर आए ये बॉलीवुड स्टार्स, बॉबी से लेकर संजय का नाम शामिल

बॉलीवुड के कई सितारे हैं, जिन्होंने साउथ की फिल्मों में खलनायक की भूमिका में खूब नाम कमाया है। इन दिनों बॉबी देओल अपनी फिल्म कंगुवा को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। बॉबी के अलावा सैफ अली खान और संजय दत्त ने भी साउथ की फिल्मों में खूंखार विलेन के किरदार निभाएं हैं। आइए जानते हैं किस बॉलीवुड अभिनेता ने कौन सी फिल्म में कैसा किरदार निभाया है।

## बॉबी देओल-कंगुवा

बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल इन दिनों अपनी साउथ फिल्म कंगुवा को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। कंगुवा से पहले बॉबी फिल्म एनिमल में अबरार की भूमिका से खूब चर्चा बटोर चुके हैं। रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म एनिमल में बॉबी का किरदार भले ही खूंखार विलेन अबरार का था, लेकिन उनका अभिनय हर किसी को बेहद पसंद आया। अब वहीं बॉबी साउथ फिल्म कंगुवा में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में बॉबी को विलेन के किरदार में देखने के लिए दर्शकों काफी उत्साहित हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है और इसमें बॉबी का भयानक लुक भी सामने आ चुका है। कंगुवा को इस साल की सबसे बड़ी और महंगी फिल्म माना जा रहा है।

## सैफ अली खान-देवरा



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान लगातार कई फिल्मों से प्रशंसकों का दिल जीतते आए हैं। लेकिन क्या आपको पता है सैफ को खलनायक की भूमिका में प्रशंसकों ने भरपूर दिया। यहां बात कर करे हैं फिल्म देवरा पार्ट 1 की। सैफ ने साउथ की फिल्म देवरा पार्ट 1 में खलनायक की भूमिका निभाई, जिसने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। सैफ ने देवरा में विलेन भैरा का किरदार निभाया। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। सैफ के अलावा फिल्म में जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर को जोड़ी नजर आई थी।

## संजय दत्त- केजीएफ चैप्टर 2



केजीएफ चैप्टर 2 साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक रही है। इसका पहले पार्ट केजीएफ को भी काफी सफलता मिली थी। एक 2022 भारतीय कन्नड़ भाषा की एक्शन फिल्म को प्रशांत नील ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म को विजय किरागांदुर ने अपने होम्बले फिल्म्स बैनर के तहत इसका निर्माण किया है। केजीएफ चैप्टर 1 से ज्यादा सफलता केजीएफ चैप्टर 2 को मिली। इस फिल्म के दूसरे पार्ट में साउथ अभिनेता यश ने जमकर प्रसिद्धी हासिल की। केजीएफ 2 में विलेन के रोल में संजय दत्त को भी खूब पसंद किया गया। फिल्म में संजय ने अधीरा नाम के खलनायक की भूमिका निभाई, जो हर किसी के दिल में घर कर गई।

## अक्षय कुमार-फिल्म 2.0



2.0 फिल्म में रजनीकान्त, एमी जैक्सन, भीमा डगला और अक्षय कुमार मुख्य किरदार में नजर आए थे। इस साउथ फिल्म में अक्षय ने एक विलेन की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में अक्षय ने पंछी राजन की भूमिका निभाई, जो कि एक साइंस प्रोफेसर होता है, लेकिन उसके इरादे काफी खतरनाक होते हैं।